22 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 11, अंक 34

पॉडकास्ट : मैं एक्सीडेंटल पॉलिटिशियन हूं, लेकिन सीरियस हूं: अजय नाथ शाहदेव









### झारखंड और बंगाल में कोयला कारोबारियों के घरों पर दबिश

# इडी की 18 जगह रेड, बैग में नोटों की गड्डियां, घरों में सोना

## ■ धनबाद में कारोबारी एलबी सिंह के ठिकानों पर पहुंची इडी

## ■ झारखंड में दो करोड़ रुपये नगद मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बड़ी दबिश दी है। शुक्रवार को झारखंड में 18 जगहों पर रेड डाली गयी। धनबाद में इडी की टीम ने सुबह कोयला कारोबारी एलबी सिंह के आवास और उनसे जुड़े प्रतिष्ठानों पर एकसाथ छापेमारी की। जानकारी के अनुसार टीम ने धनबाद में देव बिला क्षेत्र सहित कुल 18 ठिकानों पर दबिश दी है। बताया जा रहा है कि कार्रवाई कोयला तस्करी और अवैध खनन से जुड़ी है। सूत्रों के मुताबिक ये सर्च ऑपरेशन कोयला चोरी और तस्करी के कई बड़े मामलों से जुड़ा है। इसमें कारोबारी अनिल गोयल, संजय उद्योग, एलबी सिंह और अमर मंडल के मामले शामिल हैं। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में भी कई जगहों पर छापेमारी हुई है। कोयले की बड़ी चोरी से सरकार को करोड़ों रुपये का भारी वित्तीय नुकसान हुआ है। रेड में कैश भी मिले हैं। हालांकि ये कितने हैं और किन ठिकानों से मिले हैं, इसकी जानकारी अभी नहीं मिली है। खबर लिखे जाने तक इडी की टीम सभी ठिकानों से दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड खंगालने में जुटी हुई थीं।





### धनबाद के भूली में भी छापेमारी

धनबाद के चर्चित कोयला व्यवसायी एलबी सिंह, उनके भाई कुंभनाथ सिंह के कई ठिकानों पर इडी की टीम ने एक साथ छापेमारी की है। सरायढेला के देवविला स्थित आवास, बैंक मोड़ के शांति भवन, निरसा के टालडांगा में बिनोद महतो के ठिकाने और भूली में सन्नी केशरी के घर समेत करीब आधा दर्जन जगह पर दबिश दी गयी है। दोनों भाई कोयला आउटसोर्सिंग कंपनी के मालिक बताये जाते हैं और हाल ही में उजागर हुए कोयला स्कैम की जांच के सिलसिले में यह कार्रवाई की जा रही है।


(पेज 3 भी देखें।)

### बंगाल में भी कई जगहों पर छापा

जानकारी के अनुसार झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल में भी कोयला माफिया पर इडी ने ताबड़तोड़ छापेमारी हुई है। अवैध कोयला खनन, अवैध परिवहन और कोयले के भंडारण से जुड़े मामले में बंगाल के दुर्गापुर, पुरुलिया, हावड़ा और कोलकाता जिलों में 24 ठिकानों पर तलाशी ले रही है। इस दौरान भारी मात्रा में नकदी और सोना बरामद हुआ है।

### झारखंड विधानसभा की रजत जयंती आज

# 25 वर्षों की यादगार यात्रा का भव्य समारोह होगा



### ● इस बार खास होगा कार्यक्रम, दो सत्र में आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस इस बार खास होगा। 22 नवंबर 2000 को गठित यह विधानसभा शनिवार को अपना रजत जयंती वर्ष मनाने जा रहा है। 25 वर्षों के इस सफर को यादगार और खास बनाने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में है। विधानसभा परिसर में शनिवार को भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन संबोधित करेंगे।

रजत जयंती के मौके पर जहां विधानसभा परिसर दुल्हन की तरह सजा दिखेगा, वहीं इस मौके पर होने वाले समारोह को दो सत्रों में बांटा गया है। पहला सत्र सम्मान का सत्र होगा। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में राज्य का नाम रोशन करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही शहीदों के आश्रितों को भी आदर और सम्मान के साथ मंच पर बुलाया जायेगा। क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल और तीरंदाजी में नवंबर 2023 से अब तक मेडल जीतने वाले और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जायेगा। वहीं दूसरा सत्र रंगारंग सांस्कृतिक संध्या के रूप में होगा। कार्यक्रम के दिन शाम होते ही विधानसभा प्रांगण संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम से रोशन हो उठेगा। इस मौके पर बॉलीवुड के मशहूर गायक रूप कुमार राठौड़ स्टेज पर परफॉर्म करेंगे। साथ ही हास्य कवि दिनेश बावरा अपने अंदाज से दर्शकों को मनोरंजन करेंगे।

## तेजस फाइटर जेट दुबई में क्रैश, पायलट की मौत

**दुबई (एजेंसी)।** दुबई एयर शो में भारतीय वायुसेना का तेजस फाइटर जेट क्रैश हो गया है। हादसा अल मकतूम एयरपोर्ट पर जारी एयर शो में एक डेमो फ्लाइट के दौरान हुआ। भारतीय समय के मुताबिक हादसा 3.40 बजे यह हादसा हुआ। हादसे में तेजस के पायलट की भी मौत हो गयी है। भारतीय वायुसेना ने इसकी पुष्टि की है। विमान के गिरते ही उसमें आग लग गयी और हवाई अड्डे के ऊपर काले धुएं का गुबार देखा गया। हादसे के बाद भारतीय वायुसेना ने लड़ाकू विमान क्रैश होने के कारणों की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी बैठा दी है।

## नव निर्वाचित विधायक सोमेश चंद्र ने ली शपथ



### ● विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने दिलायी पद की शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में नव निर्वाचित हुए सोमेश चंद्र सोरेन ने शुक्रवार को पद की शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने उन्हें अपने कार्यालय कक्ष में सदस्यता की शपथ दिलायी। इस मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता और विधायक स्टीफन मरांडी मौजूद थे। शपथ ग्रहण समारोह के बाद सदन परिसर में मौजूद सोमेश के समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। बतातें चलें कि सोमेश ने झामुमो की टिकट पर घाटशिला उपचुनाव में जीत हासिल की है। उन्होंने भाजपा के बाबूलाल सोरेन को हराया।

इस मौके पर नवनिर्वाचित विधायक सोमेश चंद्र सोरेन ने घाटशिला की जनता के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस जीत का श्रेय मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन, राज्य सरकार के मंत्रियों के अलावा महागठबंधन के सभी नेताओं को देता हूं। उन्होंने अपने पिता रामदास सोरेन को याद करते हुए कहा कि मैं उम्मीद करता हूं आप लोगों के सहयोग से मैं बाबा के सपनों को जरूर पूरा करने में सफल रहूंगा।







## दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 506 रहा, जो खतरनाक श्रेणी में आता है। दुनियाभर में वायु प्रदूषण को मापने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था 'आइक्यू एयर' की लाइव रैंकिंग में दिल्ली दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर दर्ज किया गया। दिल्ली सरकार ने बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते नवंबर-दिसंबर में सभी स्कूलों में स्पोर्ट इवेंट्स पर रोक लगा दी है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
200000 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

# मैं एक्सीडेंटल पॉलिटिशियन हूं, लेकिन सीरियस हूं: अजय नाथ शाहदेव

## ■ झारखंड के क्रिकेटिंग टैलेंट को निखारना और उसे उचित मंच तक पहुंचाना लक्ष्य

## ■ राजनीति में झूठ नहीं बोल पाता, शॉर्ट-कट में विश्वास नहीं रखता, मेहनत करना जनता हूं, फल की चिंता नहीं

**आजाद सिपाही पॉडकास्ट**

झारखंड क्रिकेट ने पिछले डेढ़ दशक में जिस रफ्तार से अपनी पहचान बनायी है, वह अपने आप में भारत के खेल इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय माना जाता है। एक ऐसा राज्य, जो कभी खेल के लिहाज से बेहद सीमित संसाधनों वाला समझा जाता था, आज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का मेजबान बन चुका है। रांची का जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम न केवल भारत के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट मैदानों में से एक माना जाता है, बल्कि अपनी आधुनिक सुविधाओं, दर्शकों के अनुशासन और आयोजन की गुणवत्ता के कारण इसने देश-विदेश में अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है। यही कारण है कि जब भी झारखंड में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच होता है, देशभर की नजरें जेएससीए स्टेडियम पर टिक जाती हैं। अजय नाथ शाहदेव झारखंड के युवाओं के रोल मॉडल हैं। युवा इन्हें 'अजय भैया' बोलकर ही संबोधित करते हैं। मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं। फिटनेस के प्रति समर्पित रहते हैं। राज परिवार से आते हैं, लेकिन डाउन टू अर्थ हैं। राजनीति से भी गहरा लगाव रखते हैं। डिप्टी मेयर रहे, हटिया से विधायक का चुनाव भी लड़ा। फिलहाल अजय नाथ शाहदेव झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं। इनके अध्यक्ष बनने के बाद युवा क्रिकेटरों और क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह जगा कि झारखंड क्रिकेट की कमान सही हाथों में है। अजय नाथ शाहदेव के अध्यक्ष बनने के बाद यह उम्मीद की जाने लगी थी कि झारखंड क्रिकेट में नयी ऊर्जा आयेगी, फैसलों में पारदर्शिता बढ़ेगी और युवा खिलाड़ियों को अधिक अवसर मिलेंगे। ऐसे समय में 30 नवंबर को रांची में होने वाला वनडे मैच एक महत्वपूर्ण घटना है, जिसने लोगों का ध्यान फिर से जेएससीए की ओर खींचा है। इसी पृष्ठभूमि के साथ आजाद सिपाही पॉडकास्ट में अजय नाथ शाहदेव का विशेष साक्षात्कार हुआ, जिसमें उन्होंने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुलकर बात की। यह बातचीत केवल एक खेल प्रशासक के विचारों तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह झारखंड के सामाजिक ढांचे, राजनीतिक माहौल और खेल के बदलते स्वरूप को भी गहराई से छूती है। शाहदेव ने न केवल क्रिकेट संबंधी सवालों के स्पष्ट जवाब दिये, बल्कि उन विषयों पर भी बोलने से नहीं हिचके, जो अक्सर चर्चा से बाहर रह जाते हैं। जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कांप्लेक्स में आखिरी वनडे इंटरनेशनल मैच 9 अक्टूबर 2022 को खेला गया था। यह मैच भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच हुआ था, जिसमें भारत ने सात विकेट से जीत दर्ज की थी। वहां आखिरी टी 20 इंटरनेशनल मैच भारत और न्यूजीलैंड के बीच 27 जनवरी 2023 को खेला गया था। इस मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को 21 रनों से हराया था।



**राकेश सिंह**
**संपादक**

**सवालः** *19 मई 2025 को आप अध्यक्ष बने। इसके ठीक 6 महीने के बाद और कुल तीन साल बाद जेएससीए में 30 नवंबर को वनडे मैच होने जा रहा है। इसे कितनी बड़ी उपलब्धि मानते हैं।*

**जवाबः** राकेश जी, सबसे पहले मैं आपका धन्यवाद देना चाहूंगा कि आपने मुझे अपने स्टूडियो में बुलाया। आपके साथ बैठना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आपने कम समय में मीडिया में एक अच्छा मुकाम हासिल किया है। उसके लिए भी आपको बधाई। जहां तक इस मैच का सवाल है, मैं एक बात स्पष्ट करना चाहूंगा। 18 मई को मैं अध्यक्ष चुना गया, लेकिन आम धारणा यह है कि हमने आने के बाद यह मैच हासिल किया, जबकि सच यह है कि यह मैच हमारी पिछली कमेटी, जिसके अध्यक्ष संजय सहाय और देवाशीष चक्रवर्ती थे, के समय में मिला था।

इसलिए इसका क्रेडिट उसी पिछली कमेटी को जाना चाहिए। हां, आयोजन की जिम्मेदारी अब हमारी है और वह हम पूरे समर्पण के साथ निभा रहे हैं। 2013 से अब तक हमारे अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में हुए मैचों का रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है। लोग जेएससीए को मेहमानवाजी के लिए सराहते हैं। अमिताभ चौधरी द्वारा स्थापित अनुशासन आज भी कायम है, भले कुछ लोग कहें कि अब माहौल थोड़ा लिबरल हुआ है, लेकिन हमारी कोशिश हमेशा रहती है कि उत्कृष्टता बनी रहे। इसलिए हम इस मैच की तैयारियां बहुत अच्छे तरीके से कर रहे हैं और उम्मीद है कि आयोजन भी बेहद सफल रहेगा। यह जवाब न केवल अजय शाहदेव की विनम्रता को दर्शाता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि उनके नेतृत्व में क्रेडिट और जिम्मेदारी दोनों का निष्पक्ष वितरण होगा।

**सवालः** *भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले क्रिकेट मैच को लेकर क्या तैयारियां चल रही हैं?*

**जवाबः** दरअसल 2017-18 में, जब मैं वाइस प्रेसिडेंट था, तभी से मैं इन तैयारियों को बहुत क्लोजली देखता आ रहा हूं। मैच के आयोजन में सबसे महत्वपूर्ण चीज होती है, इंटरनल सिक्योरिटी, निकास द्वार सुरक्षित हैं या नहीं, दर्शकों की सीटें ठीक हैं या नहीं, स्टेडियम का रखरखाव कैसा है, इन सभी पहलुओं पर गंभीरता से ध्यान देना पड़ता है। लोग कागजी बातों में सिर्फ फायर एनओसी की चर्चा करते हैं, लेकिन असल सवाल यह है कि अगर किसी तरह की आपदा आ जाये, तो हम कितने तैयार हैं। क्या हमारे पास सिस्टम काम कर रहा है या सिर्फ औपचारिकताएं पूरी की गयी हैं, यह सबसे जरूरी है, जिसका मूल्यांकन हर मैच से पहले किया जाता है। मैच के आयोजन में सिर्फ दर्शक ही नहीं आते, बल्कि भारी संख्या में खिलाड़ी, मैच ऑफिशियल्स, मीडिया के लोग और लाइव प्रसारण संभालने वाली टीम भी आती है। आयोजन में एक बहुत बड़ी टीम शामिल होती है। यह हमारी जिम्मेदारी होती है कि उन्हें शहर में हर जगह पर उचित व्यवस्था मिले, इसके के लिए वॉलंटियर की तैनाती होती है। इन लोगों ने हमेशा बहुत ईमानदारी से अपना काम किया है। वॉलंटियर ही असल मैदान में काम करने वाले लोग होते हैं, दर्शकों की आवाजाही से लेकर गाइडेंस देने तक।

**सवालः** *टिकट प्राइस और ऑनलाइन टिकट वितरण के बारे में जानकारी साझा कीजिये और टिकट प्राइसिंग कौन डिसाइड करता है?*

**जवाब** : रांची में टिकटिंग हमेशा विवाद का विषय बना रहता है। लोग अक्सर कहते हैं कि ऑनलाइन टिकट क्यों नहीं बिकते या कम क्यों बिकते हैं। यहां ऑनलाइन टिकट जब कोई बुक करता है, तो अंत में फिजिकल टिकट ही लेना पड़ता है। यह लोगों के लिए परेशानी बनती है, क्योंकि वे सोचते हैं कि जैसे अन्य जगह होता है, क्यूआर स्कैन करके सीधे एंट्री मिल जायेगी। लेकिन यहां ऑनलाइन बुकिंग के बाद फिजिकल टिकट लेना पड़ता है। टिकट प्राइसिंग स्टेट बॉडी ही डिसाइड करती है। इसमें किसी तरह की बड़ी तकनीकी जटिलता नहीं होती। लोग पिछली बार की टिकट दर देखते हैं, फिर आसपास के शहरों, जैसे रायपुर और कोलकाता, जैसे शहरों में क्या रेट चल रहे हैं, उसे देखते हैं। कोशिश यही रहती है कि प्राइसिंग लगभग उसके अनुरूप रहे। टिकट कीमतें तय करते समय अन्य शहरों से तुलना इसलिए की जाती है, ताकि बाजार की वास्तविकता और दर्शकों की खरीद क्षमता, दोनों का संतुलन बना रहे। अजय नाथ शाहदेव ने बताया कि इस बार हॉस्पिटैलिटी और बेहतर सीटिंग वाले टिकट की कीमत बढ़ी है। पिछली बार हॉस्पिटैलिटी टिकट लगभग 10 हजार रुपये के आसपास थी। इस बार उसकी कीमत 12 हजार रुपये है। यानी थोड़ी बहुत बढ़ोतरी हुई है। ये सीटें वैसे दर्शकों के लिए होती हैं, जो प्रीमियम अनुभव के साथ खाना-पीना भी चाहते हैं।

मेरी पर्सनल फीलिंग है कि जनरल स्टैंड के टिकट की कीमतें नहीं बढ़नी चाहिए। क्योंकि जो लोग हॉस्पिटैलिटी के टिकट लेते हैं, वे 10 हजार या 14 हजार रुपये जैसी कीमतें आसानी से मैनेज कर लेते हैं। असली क्रिकेट प्रेमी, असली फैंस, वे होते हैं जो जनरल स्टैंड में बैठते हैं। इसलिए उन टिकट्स की कीमत कम ही रहनी चाहिए। फिलहाल उसकी कीमत 1200 रुपये रखी गयी है। मैंने देखा है कि रियल क्रिकेट लवर्स हमेशा स्टैंड का टिकट लेना चाहते हैं। वे माहौल का असली आनंद वहीं महसूस करते हैं। इसलिए उन्हीं टिकटों को सुलभ रखना बहुत जरूरी है।

अजयनाथ शाहदेव ने एक व्यक्तिगत घटना का उल्लेख भी किया। एक बार की बात है, 2019 के बाद की। मैं चुनाव भी लड़ चुका था, लोग मुझे पहचानते थे। मैं गाड़ी से गेट पर पहुंचा। वहां कुछ युवाओं की टीम खड़ी थी, जिन्हें टिकट नहीं मिला था। उन्होंने मुझे देखते ही 'अजयनाथ शाहदेव मुर्दाबाद' कहना शुरू कर दिया। मैं उतरा और पूछा क्या हुआ। बोले, टिकट दिलवा दीजिये। हम टिकट खिड़की पर गये, पता चला टिकट खत्म हो गया है। मैंने कहा कि इसमें मेरा क्या रोल है, तो उन्होंने कहा नहीं टिकट मुझे दिलवा दीजिये। कहने वाली बात यह है कि यहां लोग बहुत भावुक होते हैं, सपोर्टिव होते हैं और वास्तव में खेल प्रेमी हैं। उनकी भावना देखकर ही हम लोग और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित होते हैं।







**सवालः** *जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कांप्लेक्स, रांची में कुल 19 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गये हैं। इनमें तीन टेस्ट मैच, छह वन-डे इंटरनेशनल, चार टी 20 इंटरनेशनल, तीन महिला वन-डे इंटरनेशनल और तीन महिला टी 20 इंटरनेशनल। सवाल यह है कि झारखंड में और अधिक इंटरनेशनल और डोमेस्टिक मैच को लाने के लिए क्या प्रयास किये जा रहे हैं?*

**जवाबः** राकेश जी, यह सवाल मुझसे अक्सर पूछा जाता है। लोग कहते हैं कि अमिताभ सर के समय मैच ज्यादा मिलते थे, अब कम क्यों मिलते हैं। लेकिन अगर आप औसत देखें तो हर साल लगभग एक इंटरनेशनल मैच मिल ही रहा है। अंतर इतना है कि अब भारत में अंतरराष्ट्रीय मैच कराने वाले सेंटर की संख्या बढ़ गयी है। जब सेंटर्स बढ़े हैं, तो कंपटीशन भी बढ़ा है। बीसीसीआइ अब सभी प्रमुख स्टेडियम को बराबरी का मौका देने के लिए रोटेशन पॉलिसी अपनाता है। इसी कारण मैच क्रम से मिलते हैं, और हर वेन्यू को साल-दर-साल बराबर अवसर देने की कोशिश होती है। सिर्फ इंटरनेशनल ही नहीं, डोमेस्टिक मैच भी ज्यादा मिलने चाहिए और बोर्ड से लगातार इसी दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। हम लोग लगातार कोशिश कर रहे हैं कि ज्यादा से ज्यादा डोमेस्टिक मैचेस रांची को मिले, क्योंकि यहां के दर्शक क्रिकेट को समझते हैं और इसका समर्थन भी करते हैं। लोग जब इंटरनेशनल मैच की बात करते हैं तो उनका मतलब टी 20, वनडे या आइपीएल से होता है। पर हम लोग कोशिश कर रहे कर रहे हैं आइपीएल मैच भी रांची में आ सकें। प्रयास जारी है।

**सवाल** : *झारखंड से कोई टीम आइपीएल टीम बनने वाली है?*

**जवाबः** देखिए, इस बारे में अभी तुरंत कोई घोषणा उचित नहीं होगी। लेकिन भविष्य में झारखंड से टीम बने, यह मेरी प्रबल इच्छा है। हम इस दिशा में गंभीरता से प्रयास कर रहे हैं।

**सवालः** *झारखंड में इंटरनेशनल लेवल के क्रिकेटर हैं, लेकिन वे इंटरनेशनल मैच नहीं खेल पा रहे हैं। इसके पीछे क्या कारण है? क्यों नहीं खेल पा रहे?*

**जवाबः** आज देश भर में क्रिकेट में हर एक स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा बेहद कड़ी है। मैं ऐसा नहीं कहूंगा कि किसी खिलाड़ी के साथ न्याय या अन्याय हुआ है। लेकिन एक बात स्पष्ट है कि हम सब पूरे झारखंड के लोग यह चाहते हैं कि हमारे राज्य के जो खिलाड़ी प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की क्षमता रखते हैं, उन्हें नेशनल टीम में अवसर मिलना चाहिए। लोग अक्सर याद करते हैं कि जब अमिताभ चौधरी जी थे, तो वे राज्य के खिलाड़ियों को हर मंच पर आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करते थे। वैसे ही, हर राज्य की एसोसिएशन को यह जिम्मेदारी निभानी चाहिए कि अपने अच्छे खिलाड़ियों की बात हर फोरम पर मजबूती से रखी जाये। हमारे पास अभी दो अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शाहबाज नदीम और सौरभ तिवारी जिनके अनुभव और व्यक्तिगत संबंध आज भी क्रिकेटिंग सर्किट में मजबूत हैं। ये लोग प्रशासनिक स्तर पर भी सक्रिय हैं और अपने अनुभव, संपर्क व छवि का उपयोग करके लगातार यह प्रयास कर रहे हैं कि झारखंड को अधिक प्रतिनिधित्व मिले और हमारे खिलाड़ियों को अधिक से अधिक अवसर प्रदान हों।

**सवालः** *झारखंड में ग्राउंड्स की कमी है। खासकर टर्फ विकेट्स की बहुत कमी है। इस दिशा में जेएससीए क्या कर रहा है?*

**जवाबः** देखिए, आप खुद भी खिलाड़ी रहे हैं, इसलिए आप जानते हैं कि किसी भी खिलाड़ी के लिए टर्फ विकेट बहुत जरूरी है। यह सही बात है कि हर जिले में टर्फ विकेट उपलब्ध नहीं हैं। असल समस्या की जड़ जमीन की उपलब्धता है। कई जिलों में जेएससीए के पास अपनी जमीन या अपना ग्राउंड ही नहीं है। क्रिकेट आप किसी भी फुटबॉल या हॉकी वाले मैदान में नहीं करा सकते। क्रिकेट के लिए खासकर पिच एरिया के लिए एक डेडिकेटेड स्पेस चाहिए, जहां टर्फ विकेट बनाया और मेंटेन किया जा सके। हमारे राज्य में अधिकांश ग्राउंड या तो सरकारी हैं, प्रशासनिक नियंत्रण में हैं, या निजी जमीन हैं। कई जगह तो रैयती प्लॉट पर भी लीज लेकर काम चलाना पड़ रहा है। यहां जमीन की समस्या सबसे बड़ी चुनौती है। फिर भी हम लोग लगातार प्रयास कर रहे हैं कि स्कूलों और कॉलेजों के साथ टाई-अप करके पिच और ग्राउंड डेवलपमेंट किया जाये। रांची, धनबाद और जमशेदपुर में यह मॉडल काफी हद तक काम कर रहा है, लेकिन अन्य जिलों में अभी कुछ कमी है। इस पर हमारा विशेष फोकस है। जमीन खरीदना हर जगह संभव नहीं होता क्योंकि उसके लिए बहुत बड़े फंड की जरूरत होती है। लेकिन अगर स्कूल या कॉलेज हमें अपनी जमीन लीज पर उपलब्ध कराते हैं, तो हम उन ग्राउंड्स को मेंटेन कर सकते हैं और उन्हें क्रिकेट-फ्रेंडली बना सकते हैं। इससे स्कूल-कॉलेज को भी फायदा होगा क्योंकि जेएससीए जैसे ब्रांड से जुड़ने से उनकी पहचान और सुविधाएं दोनों बढ़ती हैं। हम इसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, और आने वाले दिनों में आपको कई जिलों में नये टाई-अप्स और बेहतर ग्राउंड सुविधाएं देखने को मिलेंगी।

**सवालः** *रांची, जमशेदपुर, बोकारो, धनबाद, लोहरदगा और चाईबासा में क्रिकेट का इंफ्रास्ट्रक्चर अच्छा है। लेकिन बाकी 18 जिलों में स्थिति उतनी अच्छी नहीं है। इसे सुधारने को लेकर क्या प्लानिंग है?*

**जवाबः** देखिए, हमारा प्रयास यही है कि सभी जिलों को एक समान स्तर पर लाया जाये, ठीक उसी तरह जैसे बीसीसीआइ ने पूरे देश में सभी राज्य संघों को एक लाइन पर लाने की शुरूआत की है और काफी हद तक सफल भी रहा है। उसी तर्ज पर जेएससीए भी यह सुनिश्चित कर रहा है कि सभी जिला इकाइयां चाहे उनके नियम-कायदे हों, सदस्यता प्रक्रिया हो या चुनाव की प्रणाली, समान रूप से व्यवस्थित हों। इस दिशा में हमारा फोकस लगातार बढ़ रहा है। हर साल स्थिति पहले से बेहतर हो रही है, लेकिन मूल समस्या वही है जिसका मैंने पहले भी जिक्र किया, ग्राउंड और टर्फ विकेट की कमी। जब तक किसी जिले में डेडिकेटेड ग्राउंड नहीं होगा, क्रिकेट को व्यवस्थित रूप से संचालित करना संभव नहीं है।

इसी तरह आप देखें तो जेएससीए स्टेडियम रांची में भी इसलिए बन पाया, क्योंकि जमशेदपुर के कीनन स्टेडियम को लेकर जेएससीए और टाटा स्टील के बीच कुछ विवाद हुआ था। पहले अंतरराष्ट्रीय मैच कीनन स्टेडियम में ही हुआ करता था। उसके बाद टाटा ग्रुप ने कीनन स्टेडियम देना बंद कर दिया, स्टेडियम उपलब्ध नहीं रहा, मेंटेनेंस की समस्याएं बढ़ीं। तब लगा कि जेएससीए के पास अपना स्टेडियम होना चाहिए। फिर अमिताभ सर और पूरी टीम ने मिलकर काम किया। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद जमीन प्राप्त हुई और आज वहां स्टेडियम खड़ा है। इसी तरह, जिलों में भी यदि ग्राउंड नहीं होंगे तो मैच आयोजित करना कठिन हो जायेगा। इसलिए, जेएससीए अध्यक्ष के रूप में मेरा मानना है कि जिन जिलों में ग्राउंड की कमी के कारण क्रिकेट प्रभावित हो रहा है, वहां तत्काल, यानी वॉर फुटिंग पर व्यवस्था करनी होगी। चाहे वह जमीन की उपलब्धता हो, स्कूल - कॉलेज से टाई-अप हों, या प्रशासन से बातचीत। हमारी प्राथमिकता यही है कि हर जिले में क्रिकेट के लिए बुनियादी ढांचा तैयार हो।

**सवालः** *जो नये खिलाड़ी हैं, जो प्रोफेशनल क्रिकेट में करियर बनाना चाहते हैं, कैसे आगे बढ़ें ?*

जवाबः टैलेंट की शुरुआती पहचान जिला स्तर पर होती है। हर जिले में क्रिकेट जिला संघ ही कराता है। उदाहरण के लिए, रांची में रांची जिला क्रिकेट संघ लीग मैच आयोजित करता है। वह नये खिलाड़ियों के लिए बड़ा मंच होता है। अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी स्वाभाविक रूप से लोगों की नजर में आते हैं, अखबारों और स्कोर शीट्स में दिखते हैं। जब जिले की टीम बनायी जाती है, तब इन बच्चों को ट्रायल या चयन के लिए बुलाया जाता है, और वहां काफी कड़ा मुकाबला भी होता है। फिर जब कोई खिलाड़ी जिले की टीम में आता है और इंटर-डिस्ट्रिक्ट टूर्नामिंट्स में भाग लेता है, तब वे जेएससीए की नजर में आते हैं और आगे राज्य स्तर तक पहुंचने का रास्ता खुलता है। जेएससीए एक राज्य स्तरीय बॉडी है। अंडर -14, अंडर-16 या अंडर-19 में चयन की रेंज और राज्य टीम के संभावित समूह में आ जाते हैं, तब से जेएससीए उनका ट्रैक रखना और उनकी प्रगति पर ध्यान देना शुरू करता है।





**सवालः** *2008 में आप डिप्टी मेयर चुने गये। वहीं से आपका राजनीतिक करियर शुरू हुआ। आपको कितना मोटिवेशन मिला?*

**जवाबः** देखिए, मैं सच कहूं तो मैं एक्सीडेंटल पॉलिटिशियन हूं, लेकिन सीरियस पॉलिटिशियन हूं। मैं जो भी काम करता हूं, पूरी निष्ठा और डेडिकेशन के साथ करता हूं। मेरी राजनीतिक यात्रा वास्तव में 2005 से शुरू हुई। मेरे भतीजे थे, लेकिन दुनिया जानती है कि मेरे कजिन थे युवराज गोपाल शरण नाथ शाहदेव। 2005 में हटिया विधानसभा से विधायक बने। 2004 में चुनाव लड़ने पर उनसे पहली बार इस विषय पर बात हुई थी। मुझे लगा कि झारखंड बनने के बाद यह पहला चुनाव है और हमारे परिवार ने दशकों तक शिक्षा, समाजसेवा और विकास के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, उससे लोगों में आज भी एक भावनात्मक जुड़ाव है। इसलिए मुझे लगा कि युवराज को चुनाव लड़ना चाहिए और उनको कांग्रेस का टिकट मिल भी गया। मैंने उनकी कैंपेनिंग की। पहली बार माइक पकड़ा मजबूरी में। मैं बेहद इंट्रोवर्ट था, माइक देखकर भाग जाने वाला इंसान। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में जब मैं गया, तो लोगों ने कहा कैंडिडेट तो नहीं आये हैं, आप ही बोलिये। पहले एक-दो बार मैं कट लिया, लेकिन फिर वहीं से भाषण देने की शुरुआत हुई। कैंपेन के दौरान कई दिलचस्प बातें हुईं। युवराज ओर मैं कैंपेन किया करते। कैंपेन के दौरान ही एक गांव में लोगों ने कहा कि यहां चापानल (हैंडपंप) चाहिए। किसी ने नारियल लाकर कह दिया राजा साहब, नारियल फोड़ दीजिये, हम बोल देंगे काम हो गया। लेकिन मैंने कहा नारियल तो फोड़ देंगे लेकिन जीतेंगे तब न काम हो पायेगा। तो उसने बोला हम गांव वालों को बोल दिये हैं कि ये लोग काम करवा देंगे। फिर मुझे लगा कि यह तो झूठ हो जायेगा कहना, क्योंकि हम लोग तो अभी करवा नहीं रहे हैं। तो उस व्यक्ति ने कहा कि आप कैसे नेता हैं, आपको तो वादा करना पड़ेगा। फिर मैंने कहा कि मैं नारियल तो नहीं फोड़ूंगा लेकिन हम जीतें या हारे काम करवा देंगे। और हमने वह काम कराया भी। लोग धीरे-धीरे मुझ पर विश्वास करने लगे। मैंने सोचा अगर कोई व्यक्ति मुझ पर भरोसा करके आता है और मैं उसका काम नहीं करूं, तो विश्वास टूट जायेगा। यहीं से मेरा सामाजिक जुड़ाव बढ़ता चला गया। इसी बीच डिप्टी मेयर चुनाव की चर्चा शुरू हुई। मेयर की सीट रिजर्व थी, लेकिन डिप्टी मेयर की नहीं। अखबारों में आया कि 100 लोग लड़ेंगे अंत में 79 ने नामांकन किया। युवराज ने कहा कि मैं चुनाव लड़ूं। मैंने मना किया, मेरे बस की बात नहीं। फिर शाहदेव हाउस में एक बैठक हुई, जिसमें मेरे कहने पर 10-20 लोग बुलाये गये थे। मैंने सोचा था कि लोग कहेंगे कि मत लड़िए, लेकिन सब पलट गये, नहीं आपको लड़ना ही पड़ेगा! अखबार में छोटा-सा न्यूज छप गया कि मैं चुनाव लड़ रहा हूं। उसी समय मेरी पहली मुलाकात हरि भैया से हुई। उन्होंने मुझे काफी प्रोत्साहित किया। और फिर चुनाव हुआ, और कह सकता हूं कि वन-साइडेड जीत मिली। उसके बाद से मैं अपनी भूमिका बढ़ाता चला गया। जनता के बीच रहता हूं। उनका काम करता हूं। मेरा मानना है कि किसी काम का अचानक फल नहीं मिलता, पर ईमानदारी और मेहनत का परिणाम लॉन्ग रन में जरूर मिलता है। आज भी लोग उस दौर को याद करते हैं जब मैं डिप्टी मेयर था, मैंने जो काम किये थे, यही मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। इसीलिए मैं युवाओं से हमेशा कहता हूं, शॉर्ट टर्म मत सोचिये। लगातार अच्छा काम करते रहिये। फल जरूर मिलेगा।

***(पॉडकास्ट का पूरा वीडियो आप आजाद सिपाही के यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं)***

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.3 °c | 13.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.07 बजे |



# कारोबारी ने घर में खुला छोड़ दिया था खूंखार कुत्ता, दो घंटे बाद कैंपस में घुस पायी इडी की टीम







**इडी को मेन गेट खुलवाने के लिए करनी पड़ी मशक्कत, पालतू कुत्ता जब बांधा गया तब हुई छापामारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद में इडी को छापेमारी के लिए काफी मशक्कत करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की अहले सुबह ही धनबाद में कोयला उत्खनन करने वाले आउटसोर्सिंग कंपनी एटी देव प्रभा के मालिक एलबी सिंह के धनबाद स्थित सरायढेला आवास समेत कुछ अन्य ठिकानों पर इडी की टीम पहुंची। हालांकि काफी समय गुजर जाने के बाद भी इडी की टीम एलबी सिंह के धनबाद स्थित सरायढेला आवास के मेन गेट के बाहर खड़ी रही। बताया जा रहा है कि एलबी सिंह के आवास में उनका कुत्ता खुला हुआ था, काफी मशक्कत के बाद भी आवास का मेन गेट नहीं खोला गया। जिसके बाद टीम गेट खुलवाने की जद्दोजहद करनी पड़ी। लगभग दो घंटे तक इंतजार करने के बाद जब कुत्ता बांधा गया तब एलबी सिंह के सरायढेला आवास देव विला का मेन गेट खुलवाने में इडी की टीम को सफलता मिली। जिसके बाद टीम घर के अंदर पहुंचकर छापेमारी की कार्रवाई में जुटी।

**2022 में भी छापेमारी हुई थी:** बता दें कि 06 मई 2022 में भी इडी की टीम ने कोयला घोटाले मामले में बिहार-झारखंड समेत कई जगहों पर छापे मारे थे। जिसमें डेको, एटी देव प्रभा प्रमुख थे। एलबी सिंह की कंपनी एटी देव प्रभा धनबाद में कोयला खनन क्षेत्र में जाना माना नाम है। मालूम हो कि इडी की टीम ने झारखंड के अवैध खनन मामले में कई ठिकानों पर एक साथ छापा मारे हैं। बताया जा रहा है कि इडी को काफी समय से अवैध खनन के जरिये मनी लांड्रिंग की शिकायत मिल रही थी।

**इनके यहां हुई छापेमारी:** छापेमारी जिन प्रमुख व्यक्तियों के ठिकानों पर जारी है, उनमें शामिल हैं एलबी सिंह, अनिल गोयल, संजय उद्योग, गणेश अग्रवाल, हेमंत गुप्ता, दीपक पोद्दार, अमर मंडल, विनोद महतो, सन्नी केशरी और अरविंद सिंह। अमर मंडल को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने और कोयला के साथ-साथ पत्थर व बालू से अवैध उगाही में सक्रिय होने की चर्चा भी है। सूत्रों के अनुसार वर्तमान समय में धनबाद में अनिल गोयल सिंडिकेट को कोयला तस्करी में सबसे सक्रिय माना जा रहा है। सर्च ऑपरेशन जब शुरू हुआ, तो कोल माफियाओं के बीच खलबली मच गयी।

पूर्व तट रेलवे

निविदा सं.eT-M-WT-PURI-41-2025

**कार्य का नाम :** तीन वर्षों की समयावधि हेतु कोचिंग डिपो, पुरी से कैरिज मरम्मत कार्यशाला, मन्चेश्वर तक एवं विपरीत दिशा में पुरी तक वापस तथा किसी भी स्थान से अन्य किसी स्थान तक अन्य रेलवे सामग्रियों के लिए ह्वील सेट् का परिवहन।

**विज्ञापित मूल्य (रुपये में) :** 1,22,85,991.74, EMD (रुपये में) : 2,11,400/-, निविदा दस्तावेज की लागत(रुपये में) : 5,900/-, पूरा होने की अवधि : 36 महीने।

बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक : 20.11.2025, **निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक : 04.12.2025 को 1300 बजे।

ऐसी निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध हैं।

कोचिंग डिपो अधिकारी, पुरी

PR-805/Q/25-26

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा.धन प्राप्ति के प्रयासों में सफलता मिलेगी।
- **वृष** पढ़ाई-लिखाई और चिंतन-मनन में रूचि बढ़ेगी,आशाएं बलवती होंगी, प्रयास सफल होगा।
- **मिथुन** रोजगार की दिशा में कार्यों की अधिकता रहेगी, आर्थिक प्रयोजन सिद्ध होंगे।
- **कर्क** अध्ययन, भाषण-प्रवचन के कार्य में रूचि बढ़ेगी। व्यापार-व्यवसाय में सफलता।
- **सिंह** आमदनी होने पर भी वचत की कमी दिखाई देगी. रूकावट दूर होकर सफलता की ओर अग्रसर होंगे।
- **कन्या** सरकारी उच्चाधिकारियों पर आपकी प्रभाव शक्ति बढ़ेगी, नयी आशाओं का उदय होगा।
- **तुला** परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे. आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।
- **वृश्चिक** बुद्धि-कौशल से हर जगह प्रशंसा प्राप्त करेंगे, चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी।
- **धनु** शुभ-समाचार की प्राप्ति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **मकर** रहन-सहन,भोजन-शयन तथा निवास स्थान का उत्तम सुख मिलेगा, आत्मविश्वास में वृद्धि।
- **कुंभ** स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा,आमदनी में वृद्धि होगी,नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा।
- **मीन** अपने काम के प्रति ही समर्पित रहें,कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

## जेएससीसी सीजीएल पेपर लीक मामला

# विनय साह की गिरफ्तारी गंभीर सवाल खड़ा करती है : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेएसएससी, सीजीएल परीक्षा में हुए व्यापक भ्रष्टाचार मामले में विनय साह की गिरफ्तारी के बाद राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विनय साह की गिरफ्तारी कई गंभीर सवाल खड़े करती है। जो काम झारखंड पुलिस, पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता और सरकार के दबाव में नहीं कर पायी, वह काम योगी आदित्यनाथ की यूपी पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने कर दिखाया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मेरा पहला सवाल यह है कि आखिर विनय साह की गिरफ्तारी हाइकोर्ट में चल रही सुनवाई के खत्म होने के बाद ही क्यों हुई? क्या हमारी राज्य पुलिस का खुफिया तंत्र इतना विफल है कि वह आरोपियों को एक साल से पकड़ नहीं पा रहा था? उन्होंने कहा कि इस मामले का मुख्य अभियुक्त अनीश अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। हमें सूत्रों के हवाले से पक्की सूचना मिली है कि पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता ने एक मोटी रकम लेकर अनीश की गिरफ्तारी को अब तक टाले रखा है, ताकि पेपर लीक से संबंधित सारे डिजिटल साक्ष्यों को धीरे-धीरे नष्ट किया जा सके। उन्होंने कहा कि उनके पास यह भी पक्की सूचना है कि जिन छात्रों ने नेपाल, रांची, हजारीबाग, और रांची के मंत्री रेजीडेंसी, नियामतपुर व अन्य जगहों पर प्रश्नों के उत्तर रटे थे, राज्य की सीआइडी टीम उन सभी के स्वीकारोक्ति बयानों को सरकार और पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता के दबाव में बदल रही है, ताकि कुछ सफेदपोशों को बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि एक गंभीर सवाल यह भी है कि आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी थी कि पेपर लीक की जांच कर रही सीआइडी की पूरी टीम को जांच के दौरान दो बार बदला गया? जिस पर न्यायालय ने सख्त आपत्ति भी जतायी थी। उन्होंने कहा कि सवाल यह भी उठता है कि आज तक पेपर लीक में संबंधित एजेंसी और आयोग के अधिकारियों से पूछताछ क्यों नहीं की गयी? जबकि आयोग के सदस्यों ने शुरूआत में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर छात्रों के सारे सबूतों को एडिटेड बताया था। उन्होंने कहा कि राज्य के मुखिया से अनुरोध करता हूं कि अभी भी वक्त है, अगर उनकी मंशा स्पष्ट है तो तत्काल इस पूरे पेपर लीक प्रकरण की जांच सीबीआइ से करायी जाये। क्योंकि याद रहे समय भी बदलता है और परिस्थितियां भी। अगर कुछ नहीं बदलता है तो वह है सत्य। हम झारखंड के युवाओं को विश्वास दिलाना चाहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचार की इस लड़ाई में हमेशा बेरोजगार युवाओं के साथ खड़ी रहेगी।

# बाबूलाल मरांडी का आरोप राजनीति साजिश का हिस्सा : विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा लगाये गये आरोपों को बेतुका, तथ्यहीन और राजनीतिक साजिश का हिस्सा बताया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा हर मामले में अपनी राजनीति चमकाने और झारखंड की व्यवस्था पर अविश्वास पैदा करने के लिए झूठ की खेती करती है, जबकि सरकार पारदर्शी जांच के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के कुछ नेता चाहते थे कि यह पूरा मामला झारखंड में किसी तरह राजनीतिक उथल-पुथल का कारण बने, लेकिन उनकी साजिश नहीं चली। अब वही लोग उत्तर प्रदेश भागकर अपने अकाओं की शरण में जाकर मनगढ़ंत कहानी गढ़ रहे हैं, ताकि झारखंड की पुलिस और न्यायिक प्रक्रिया को बदनाम किया जा सके। भाजपा मामले को हाइजैक कर राजनीतिक रोटी सेकना चाहती है। उन्होंने कहा कि परीक्षा की जांच राज्य की एजेंसियां बारीकी से कर रही हैं। मरांडी जी झूठ बोलने से पहले तथ्यों की जांच कर लें। प्रवक्ता पांडेय ने चुनौती देते हुए कहा–मरांडी जी यह बताएं कि उनके पास कौन-सा पक्का सबूत है कि किसी पूर्व अधिकारी ने मोटी रकम ली या कोई साक्ष्य नष्ट कराया? सिर्फ हमें सूत्रों से सूचना मिली जैसे जुमलों से वे युवाओं के गुस्से को भुनाना चाहते हैं। नेता आखिर क्यूं पत्रकारों की तरह सूत्रों के हवाले से बयान देने लगा है? यह बड़ा सवाल है। जिस नेता की बात में दम नहीं उसका नेतृत्व प्रभावशाली नहीं हो सकता !

**सीआइडी पर सवाल उठाना झारखंड की संस्थाओं का अपमान :** विनोद पांडेय का कहना है कि जांच टीम में फेरबदल सामान्य प्रक्रिया है। लेकिन, भाजपा हर सरकारी प्रक्रिया को तोड़-मरोड़कर यह दिखाना चाहती है कि झारखंड की एजेंसियां सक्षम नहीं हैं।

असल में भाजपा को झारखंड की संस्थाओं पर भरोसा ही नहीं। यदि भाजपा को इतनी चिंता है तो पहले यूपी व अन्य भाजपा शासित राज्यों के पेपर लीक पर जवाब दें। महासचिव पांडेय ने कहा कि भाजपा के शासन वाले राज्यों– उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान में पेपर लीक की घटनाएं फैक्टरी की तरह चल रही हैं। मरांडी जी पहले अपने घरों में लगी आग बुझाएं, फिर झारखंड को सीख देने आयें।

## झारखंड ऊर्जा विकास निगम में नेतृत्व का भारी संकट:अजय राय



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड ऊर्जा विकास निगम में पिछले लगभग दो महीनों से चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी) और मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) जैसे सबसे महत्वपूर्ण पद खाली पड़े हुए हैं, जिससे निगम का कामकाज गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। यह स्थिति जहां एक ओर आवश्यक सेवा माने जाने वाले बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करती है, वहीं दूसरी ओर सरकार की प्राथमिकताओं और प्रशासनिक तत्परता पर भी गंभीर सवाल उठाती है। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने इस पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब सरकार की प्राथमिक सूची में शामिल जरूरी सेवा का यह हाल है, तो अन्य विभागों की स्थिति स्वयं समझी जा सकती है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विकास निगम झारखंड की बिजली व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ है, और बिना शीर्ष नेतृत्व के संचालन से योजनाओं की समीक्षा, निर्णय प्रक्रिया, नीति निर्माण, वित्तीय अनुशासन तथा कर्मचारियों से जुड़े मामलों पर व्यापक असर पड़ रहा है।

## 28 नवंबर तक सरकार बताये कि लोकायुक्त, सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया कहां तक बढ़ी

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य में लोकायुक्त, सूचना आयुक्त और मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति के मामले में सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह बताने को कहा है कि नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया की स्थिति क्या है। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान की खंडपीठ ने शुक्रवार सुनवाई की अगली तिथि 28 नवंबर निर्धारित भी की। इस तिथि तक सरकार को अपना जवाब दाखिल करना है। अदालत राजकुमार द्वारा दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

# डकैतों ने खाना बनवाया पेटभर खाया, फिर लूटा

## शिक्षक दंपति के पैर की बिछिया से लेकर मांग टीका तक लूट लिया

आजाद सिपाही संवाददाता




**हुसैनाबाद।** झारखंड के पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही के मुगलजान टोला में गुरुवार देर रात लगभग 15 हथियारबंद डकैतों ने एक शिक्षक दंपती को बंधक बना लिया। बदमाशों ने घर में कई घंटे तक उत्पात मचाया और नगदी, सोने-चांदी के आभूषण सहित अन्य कीमती सामान लूट लिये। इस दौरान उन्होंने दंपती से खाना भी बनवाया और खाया भी। डकैत शुक्रवार अहले सुबह घर से फरार हो गये। सरस्वती शिशु मंदिर, जपला के शिक्षक मृत्युंजय मेहता और उनकी पत्नी पारा शिक्षिका अनिता देवी गुरुवार रात करीब 11 बजे खाना खाकर सो गये थे। मृत्युंजय मेहता जब शौच के लिए उठे तो उन्हें छत पर संदिग्ध आहट सुनाई दी। नीचे लौटते ही उनका सामना एक हथियारबंद डकैत से हो गया। हल्की हाथापाई के बाद चार और डकैत घर में घुस आये, जबकि बाकी बाहर पहरा देते रहे।

डकैत पिस्तौल, चाकू और लोहे की रॉड से लैस थे। उन्होंने दंपति को बेरहमी से पीटा, हथियार तानकर डराया और घर में मौजूद हर बक्से, आलमारी व बैग को खंगाल डाला। जेवर, नगदी और अन्य कीमती सामान लूटकर अपने कब्जे में ले लिया। उसके बाद डकैतों ने चार घंटे तक लगातार नगदी और चाबी की मांग की। इतना ही नहीं, उन्होंने दंपती को खाना बनाने के लिए भी मजबूर किया। यह वारदात रात 11 बजे से सुबह 3 बजे तक चलती रही। जाते-जाते गिरोह ने दंपति को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल दंपति को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अफजल अंसारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। बाद में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस मो याकूब ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ितों से पूछताछ की।

# भाजपा के सम्राट चौधरी को मिला गृह विभाग

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** नीतीश मंत्रिमंडल के पुराने विभागों में बड़ा बदलाव किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 20 साल बाद गृह विभाग छोड़ा है। ये विभाग अब भाजपा के पास चला गया है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी गृह विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। भाजपा ने वित्त विभाग जदयू को दिया है। बिजेंद्र यादव ऊर्जा के साथ वित्त विभाग का जिम्मा भी देंखेंगे। इसके साथ ही मंगल पांडे को फिर से स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा सौंपा है। पहली बार मंत्री बनीं नेशनल शूटर श्रेयसी सिंह को खेल विभाग दिया गया है। 'हम' के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सुमन का विभाग नहीं बदल गया। वे फिर से लघु जल संसाधन विभाग के मंत्री होंगे। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा के पास भूमि एवं राजस्व विभाग के अलावा खान एवं भू-तत्व विभाग मिला है। हालांकि इनसे कृषि विभाग लेकर भाजपा कोटे से मंत्री बने रामकृपाल यादव को दिया गया है। दिलीप जायसवाल उद्योग मंत्री बनाये गये हैं।

**कैबिनेट की पहली बैठक 25 नवंबर को:** शुक्रवार देर शाम 26 मंत्रियों को विभाग बांट दिये गये हैं। इससे पहले सुबह भाजपा के मंत्रियों के विभागों की लिस्ट लेकर सम्राट चौधरी सीएम हाउस पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच करीब 50 मिनट तक बात हुई। सम्राट चौधरी ने भाजपा के मंत्रियों के विभागों की सूची मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सौंपी दी। इसके बाद जदयू की ओर से किन मंत्रियों को कौन-कौन से विभाग मिलने हैं, इस पर नीतीश कुमार के साथ सभी बड़े नेताओं की अहम बैठक हुई। सीएम नीतीश कुमार करीब डेढ़ घंटे बैठक की और भाजपा की ओर से मांगी गयी विभागों पर चर्चा की। बैठक में ललन सिंह, संजय झा और विजय कुमार चौधरी मौजूद थे। नयी सरकार के गठन के बाद नीतीश कैबिनेट की पहली बैठक 25 नवंबर को होगी, जिसमें सभी मंत्री मौजूद रहेंगे।

## बहुभोज कार्यक्रम के दौरान युवक की गोली मारकर हत्या

साहिबगंज। जिले के जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ापचगढ़ में गुरुवार देर रात एक बहुभोज के दौरान हुई फायरिंग में एक युवक की मौत हो गयी। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी पुलिस और सदर डीएसपी किशोर तिर्की मौके पर पहुंचे। जानकारी के मुताबिक, बड़ापचगढ़ मोहल्ले में राहुल नामक युवक के यहां रिसेप्शन का आयोजन था। कार्यक्रम में पहुंचे स्थानीय निवासी गुलशन कुमार रिंखियासन उर्फ मुंशी (25) भोजन करने के बाद जब बाइक से घर लौटने लगे तो उन्हें पता चला कि चाबी कहीं गिर गयी है। चाबी ढूंढने के लिए वे दोबारा पंडाल की ओर लौटे, तभी घात लगाये बैठे अपराधियों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही गुलशन मौके पर गिर पड़े।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

**आम सूचना**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के राजपत्र अधिसूचना संख्या एस. ओ. 2678 (ई), दिनांक 16 जून 2023 और एनएच शुल्क नियम 2008 के नियम 3 के प्रावधानों के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए उपयोगकर्ता शुल्क की निम्नलिखित दरें 23.11.2025 से सुबह 00:00:00 बजे से प्रभावी होंगी। एनएच–39 (पुराना एनएच–75) के संखा से खजुरी राष्ट्रीय राजमार्ग खंड के उपयोग के लिए, गढ़वा जिले (झारखंड) में खंड के डिजाइन कि०मी० 203.000 पर स्थित गढ़देवी शुल्क प्लाजा पर।

| वाहनों का प्रकार | एकल यात्रा के लिए शुल्क | एक दिन के भीतर वापसी यात्रा के लिए शुल्क | शुल्क भुगतान करने वाले यातायात (मासिक पास) स्थानीय वाणिज्यिक वाहनों के अलावा, उस जिले में पंजीकृत जहाँ प्लाजा स्थित है | शुल्क भुगतान यातायात (उस जिले में पंजीकृत स्थानीय वाणिज्यिक जहाँ प्लाजा स्थित है) |
|---|---|---|---|---|
| कार, जीप, वैन या हल्का मोटर वाहन | 60 | 90 | 2050 | 30 |
| हल्का वाणिज्यिक वाहन, हल्का माल वाहन या मिनी बस | 100 | 150 | 3310 | 50 |
| बस या ट्रक (दो एक्सल) | 210 | 310 | 6935 | 105 |
| वाणिज्यिक वाहन (तीन एक्सल) | 225 | 340 | 7565 | 115 |
| एचसीएम या ईएमई या एमएवी (चार से छह एक्सल) | 325 | 490 | 10875 | 165 |
| बड़े आकार के वाहन (7 या अधिक एक्सल) | 395 | 595 | 13240 | 200 |

**शुल्क दरें वित्तीय वर्ष 2025–26 लागू**

**नोटः** वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए शुल्क प्लाजा से 20 कि.मी. तक की दूरी के भीतर रहने वाले स्थानीय गैर–वाणिज्यिक वाहनों के लिए मासिक पास शुल्क 340.00 रूपये होगी। कॉलम 6 में उल्लिखित शुल्क दर एकल यात्रा के लिए है और यह उस जिले में पंजीकृत वाणिज्यिक वाहनों (राष्ट्रीय परमिट के तहत चलने वाले वाहनों को छोड़कर) के लिए लागू है, जहां शुल्क प्लाजा स्थित है।

परियोजना निदेशक, भा.रा.रा.प्रा., प.का.ई., डाल्टनगंज

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 22 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in



### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर रांची में सरदार@150 यूनिटी मार्च का आयोजन

# सरदार पटेल से प्रेरणा लेकर राष्ट्र के विकास में भूमिका निभायें युवा : संतोष कुमार गंगवार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मेरा युवा भारत, झारखंड, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को रांची में सरदार@150-यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार द्वारा राजभवन मेन गेट से पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, शेखर जमुआर, निदेशक, खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड तथा ललिता कुमारी, राज्य निदेशक, मेरा युवा भारत सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। राजभवन मेन गेट से प्रारंभ होकर पदयात्रा नागाबाबा खटाल, किशोरी यादव चौक, रातू रोड चौक, पिस्का मोड़ होते हुए ओटीसी मैदान तक पहुँची। इस ऐतिहासिक पदयात्रा में माय भारत,



एनएसएस, एनसीसी, विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रों, विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के स्वयंसेवकों सहित लगभग 2500 युवाओं ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। पदयात्रा मार्ग में युवाओं ने देशभक्ति गीतों, सांस्कृतिक झलकियों और राष्ट्रीय एकता के नारों के साथ वातावरण को देशभक्ति से भर दिया । कार्यक्रम में पाईका, छऊ, और कड़सा जैसे पारंपरिक लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां भी हुईं ।

## कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन

राजभवन मेन गेट में सभी अतिथियों द्वारा सरदार पटेलजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ललिता कुमारी, राज्य निदेशक, मेरा युवा भारत ने स्वागत-संबोधन में सभी उपस्थित अतिथियों का अभिनंदन किया एवं कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। निदेशक शेखर जमुआर ने राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने हेतु ऐसे आयोजनों की आवश्यकता बताई। विधायक नवीन जायसवाल, और सीपी सिंह ने युवाओं की ऊर्जा और समाज निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित किया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने युवाओं को नशा मुक्ति और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प दिलाया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर युवा राष्ट्र की एकता और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में राज्य और जिला स्तर पर कई अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें प्रमुख रूप से वरुण साहू, धीरज महतो, डॉ ब्रजेश कुमार, जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार, ओमप्रकाश पांडेय, बीके झा, कौशल किशोर, यूथ आइकन डॉ गौरव अग्रवाल, चार्ल्स बोडरा आदि शामिल थे।

## कार्यक्रम का उद्देश्य

सरदार@150-यूनिटी मार्च का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभाव, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द तथा सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों, त्याग, सेवा और अदम्य नेतृत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत, झारखंड युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एनएसएस, एनसीसी, खेल कूद निदेशालय, काला संस्कृती एवं विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन तथा अन्य सामाजिक संस्थानो के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

# झारखंड के तीन संकुल स्तरीय संगठनों को राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर मिला सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस), ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत, राज्य में सामुदायिक संस्थाओं को सशक्त बनाकर ग्रामीण महिलाओं को आजीविका, नेतृत्व और वित्तीय स्वावलंबन के विभिन्न अवसर प्रदान कर रहा है। इसी सतत प्रयास के परिणामस्वरूप झारखंड की महिला संकुल स्तरीय संस्थाओं (सीएलएफएस ) ने राष्ट्रीय एसएचजी फेडरेशन पुरस्कार-2025 में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

**चतरा जिले के दो सीएलएफ बनहे और धनकेरी ने राष्ट्रीय स्तर पर हासिल की बड़ी उपलब्धि**

चतरा जिले के दो संकुल स्तरीय संगठनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे और तीसरे स्थान प्राप्त किये। धनकेरी आजीविका महिला संकुल स्वयं सम्भाल सहकारी समिति लिमिटेड, इटखोरी, जिसका गठन 4 दिसंबर 2018 को हुआ था और जिसमें 3 पंचायतों के 246 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी लगभग 3,100 महिलाएं सक्रिय हैं को राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। धनकेरी सीएलएफ को इंटीग्रेटेड वार्षिक योजना, मासिक वित्तीय समीक्षा, बजट-वैरिएंस विश्लेषण,




डिजिटल मॉनिटरिंग और 100 प्रतिशत लोन पुनर्भुगतान जैसे उत्कृष्ट वित्तीय प्रबंधन मानकों के लिए सम्मानित किया गया। चतरा का ही बनहे आजीविका महिला स्वावलंबी संकुल संघ राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान पर रहा। इस सीएलएफ ने एकीकृत वार्षिक कार्ययोजना, नियमित वित्तीय समीक्षा, आइडल केस में कमी, सुदृढ़ फंड फ्लो प्रबंधन, डिजिटल पारदर्शिता और 100 प्रतिशत रिपेमेंट और जीरो डिफॉल्ट पोर्टफोलियो बनाए रखते हुए राष्ट्रीय रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधारा हासिल किया।

**पूर्वी सिंहभूम (घाटशिला) का बगुरिया सीएलएफ पूर्वी क्षेत्र में द्वितीय स्थान पर**

पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला प्रखंड का बगुरिया आजीविका महिला संकुल संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड जिसका गठन 6 जुलाई 2018 को हुआ था ने पूर्वी क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। संगठन ने किसानों की प्रमुख समस्याओं, पूंजी की कमी और उन्नत तकनीक के अभाव को दूर करते हुए कम-ब्याज सीआइएफ ऋण उपलब्ध कराया और 22 आजीविका कृषक मित्र (एकेएम) , 2 सीनियर एकेएम के माध्यम से उन्नत कृषि तकनीक प्रशिक्षण सुनिश्चित किया। अनन्य मित्तल, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जेएसएलपीएस ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व और झारखंड सरकार के सहयोग से, राज्य के 423 मॉडल क्लस्टर लेवल फेडरेशन ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं । ह्यएसएचजी फेडरेशन अवार्ड 2025 में ग्रामीण महिलाओं ने सामूहिक नेतृत्व, पारदर्शी प्रबंधन और मजबूत संगठन क्षमता के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम गौरंविन्त किया है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### 'कभी कभी' हिंदी गाना लांच



रांची (आजाद सिपाही)। मेलोडी रिटंर्स द्वारा 'कभी कभी हिंदी म्यूजिक एल्बम का लॉन्च किया गया। इसके मुख्य कलाकार रूचि सेठ और अभिषेक प्रधान हैं। इस गाने को आवाज भी रूचि और अभिषेक ने ही दिये हैं। गाना बिल्कुल 90 दशक के मेलोडी को मद्देनजर रखते हुए तैयार किया गया है। गाना का फिल्मकन भी बहुत ही उम्दा है। पूरे गाने का शूटिंग नेतरहाट के खूबसूरत वादियों में की गयी है। यह एक सैड सांग है जिसे यूट्यूब पर मेलोडी रिटंर्स के चैनल पर देखा जा सकता है। इसके धुन और गीत भी अभिषेक प्रधान द्वारा तैयार किया गया है। बता दें कि इस गाना की गायिका सह अभिनेत्री रूचि सेठ झारखंड की एक चर्चित मॉडल भी हैं और इस गाना के गायक सह अभिनेता अभिषेक प्रधान बॉलीवुड में बतौर गायन और अभिनय के क्षेत्र में हाथ आजमा चुके हैं। गत कुछ वर्षों से झारखंड में रहकर यहीं के कलाकारों और टेक्निशियन के साथ मिलकर हिंदी गानों पर काम कर रहें हैं और निकट भविष्य में हिंदी फिल्म भी बनाने की योजना है। रांची प्रेस क्लब में यह लांच कार्यक्रम रखा गया और इस मौके पर झारखंड की प्रख्यात लोक गायिका मोनिका मुंडू व म्यूजिक डायरेक्टर तेज मुंडू मौजूद रहे। सभी से इस गाने को काफी तारीफ मिली। यह जानकारी मेलोडी रिटंर्स के संचालक अभिषेक प्रधान ने दिया।

### अखिल झारखंड साहित्य अकादमी की ओर से 21 फरवरी को समारोह आयोजित होगा



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड साहित्य अकादमी 2026 की बैठक स्टेट गेस्ट हाऊस, मोरहाबादी में हुई। सूर्य सिंह बेसरा,( गीतांजलि और मधुशाला के अनुवादक) सह साहित्य अकादमी, नयी दिल्ली द्वारा साहित्य सम्मान से पुरस्कृत, उनकी अथक प्रयास से पद्मश्री डॉ राम दयाल मुंडा और डॉ बीपी केशरी के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए सन 2025 में अखिल झारखंड साहित्य अकादमी गठित किया गया, जिसमें अकादमी के संस्थापक के रूप में सूर्य सिंह बेसरा को चेयरमैन बनाया गया है, जबकि उपाध्यक्ष प्रो बीरबल महतो, सचिव डॉ सबिता केशरी, सह सचिव डॉ पार्वती मुंडू, कोषाध्यक्ष डॉ खालिक अहमद, इसके अतिरिक्त भाषावार डॉ डुमनी माई मुर्मू (संताली), डॉ अजीत मुंडा ( मुंडारी), डॉ सरस्वती गगराई(हो), डॉ बीरेंद्र कुमार महतो (नागपुरी), डॉ अमित कुमार (खोरठा), डॉ चंद्र किशोर खड़िया (खड़िया), डॉ दिनोबंधु महतो को संयोजक मंडली में शामिल किया गया है। 20 नवंबर को रांची स्थित स्टेट गेस्ट हाऊस में संस्थापक अध्यक्ष सूर्य सिंह बेसरा की अध्यक्षता में 9 झारखंडी भाषाविदों की विशेष बैठक संपन्न हुई जिसमें अखिल झारखंड साहित्य अकादमी की नियमावली, साहित सकम पत्रिका प्रकाशित करने, आजीवन सदस्यता ग्रहण करने तथा 2026 में झारखंड साहित्य अकादमी पुरस्कार के लिए पुस्तकों की चयन हेतु जूरी मेंबर कमिटी बनायी गयी है।

### गिर रहा स्कूल के छत का प्लास्टर, 72 बच्चे जान जोखिम में डाल कर रहे पढ़ाई

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिले के इचाक प्रखंड के करियातपुर गांव स्थित राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय अपने अस्तित्व के सबसे खराब दौर से गुजर रहा है। करीब दो दशक पहले बना यह स्कूल भवन अब धीरे धीरे जर्जर होता जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद 72 मासूम बच्चे रोजाना इसी जर्जर भवन में अपनी पढ़ाई जारी रखने को मजबूर हैं। शिक्षा व्यवस्था की सच्चाई बयां करती यह स्थिति न केवल सरकारी दावों की पोल खोलती है, बल्कि भविष्य की पीढ़ी के लिए भी गंभीर खतरा साबित हो रही है।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में विश्व मत्स्य दिवस का उत्सव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के मत्स्य विभाग द्वारा आज विश्व मत्स्य दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्राणी विज्ञान (जुलोजी), मत्स्य एवं मत्स्य विज्ञान (फीस एंड फीसरीज) तथा पर्यावरण विज्ञान विभाग के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज कुमार ठाकुर, उपनिदेशक, मत्स्य विभाग, झारखंड थे। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. सजलेंदु घोष ने मुख्य अतिथि का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि ने सतत मत्स्य प्रबंधन, नीली अर्थव्यवस्था और मत्स्य क्षेत्र में उभरते अवसरों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की, जिससे छात्रों को नयी दिशा और प्रेरणा मिली। आज आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मॉडल प्रस्तुति प्रतियोगिता में सेमेस्टर 2 के छात्रों का मॉडल सर्वश्रेष्ठ रहा। रंगोली प्रतियोगिता में सेमेस्टर 4 की छात्राएं तान्या, प्रिया और पूजा विजेता बनीं। क्विज प्रतियोगिता में ऋषि, हीना और प्रिया की टीम प्रथम रही। क्विज प्रतियोगिता का संचालन डॉ. पूजा मंडल ने किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. नम्रता सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम छात्रों में जागरूकता, रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने वाला सिद्ध हुआ और विश्व मत्स्य दिवस की भावना को सार्थक रूप से अभिव्यक्त करता है।

# किसी भी कीमत पर झारखंड में एसआइआर न हो लागू : वेणुगोपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के मुद्दे पर पार्टी के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने झारखंड वासियों को सतर्क रहने को कहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी कीमत पर एसआइआर को झारखंड में लागू नहीं होने दें। जनता के हित में इसका कड़ा और प्रभावी विरोध होना चाहिए।

वेणुगोपाल ने यह बातें स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से नयी दिल्ली स्थित पार्टी के कार्यालय में हुई मुलाकात के दौरान कही। इसकी जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पार्टी के महासचिव ने उन्हें अस्पतालों की व्यवस्था और बेहतर करने और नयी तकनीक के इस्तेमाल करने का निर्देश दिया। अंसारी ने कहा कि बिहार चुनाव पार्टी महासचिव ने उन्हें



आश्वस्त किया और संगठन का काम बेहतर तरीके से करने को कहा। उन्होंने बताया कि महासचिव ने झारखंड में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता संगठन को लेकर मेहनत कर रहे हैं और चुनाव में हार-जीत भविष्य तय नहीं करती है, लेकिन सच्चाई हमेशा जनता तक पहुंचती है। वेणुगोपाल ने कहा कि हरेक कार्यकर्ता को जनता के बीच रहकर काम करने की जरूरत है। मौके पर अंसारी ने झारखंड में सभी विभागों के कार्य-उपलब्धियों और प्रगति की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में झारखंड के जनजातीय आभूषणों ने जीता दर्शकों का दिल






आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आइआइटीएफ) 2025 में इस बार झारखंड पवेलियन खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। फोकस स्टेट के रूप में शामिल झारखंड ने अपनी पारंपरिक जनजातीय और सिल्वर ज्वेलरी की शानदार प्रदर्शनी से दर्शकों का ध्यान खींच लिया है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और महिला उद्यमियों को राष्ट्रीय व अंतराराष्ट्रीय बाजारों से जोड़कर उन्हें आर्थिक मजबूती प्रदान की जाये। झारखंड के विभिन्न हिस्सों में बनाये जाने वाले पारंपरिक आदिवासी गहने जैसे हंसुली, ठेला, पैरी, बंगारी और अन्य धातु व चांदी के आभूषण अपने अनोखे डिजाइन और सांस्कृतिक पहचान की वजह से खूब पसंद किये जा रहे हैं।

पवेलियन की स्टॉल संचालिका गीता रानी के अनुसार, इन आभूषणों की विशिष्ट बनावट और किफायती कीमतें इन्हें खास बनाती हैं। युवाओं की बढ़ती दिलचस्पी यह संकेत देती है कि पारंपरिक फैशन का रुझान फिर से तेजी पकड़ रहा है।

मेले में झारखंड की जनजातीय कला को व्यापक मंच मिला है। सरकार की ओर से दी जा रही कई तरह की सहायता जैसे स्टॉल सब्सिडी, उत्पाद प्रचार, बाजार संपर्क बढ़ाने की पहल, डिजाइन सुधार कार्यक्रम और प्रशिक्षण ने स्थानीय कारीगरों का उत्साह बढ़ाया है।

इन प्रयासों से न सिर्फ आदिवासी कला को नयी पहचान मिली है, बल्कि झारखंड को पारंपरिक हस्तशिल्प और सिल्वर ज्वेलरी के उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करने का अवसर भी मजबूत हुआ है। राज्य सरकार का मानना है कि यह पहल आने वाले समय में हस्तनिर्मित अर्थव्यवस्था को नयी गति देगी और ग्रामीण कारीगरों तक विकास की रोशनी पहुंचायेगी।

# चांद गांव में आदिवासी सरना बचाव महारैली कल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आदिवासी सरना बचाओ महारैली के संयोजक रामपहान बांडो ने रांची के चांद गांव में वर्षभर से चल रही चंगाई सभाओं और राज्यभर में हो रहे कथित अवैध धर्मांतरण पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। रांची के धुर्वा स्थित सरना अखड़ा में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में रामपहान बांडो ने कहा कि अगर सरना समाज समय रहते नहीं जागा, तो अंग्रेजों के जाने के बाद बचे-खुचे चर्च पादरी और कुछ इसाई संगठन आदिवासी सरना समुदाय की परंपराओं को समाप्त कर देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि चर्च और मिशनरी संस्थाएं झारखंड के भोले-भाले आदिवासियों और मूलवासियों को कमजोर समझकर धर्म परिवर्तन के लिए उकसा रही हैं। रामपहान बांडो ने बताया कि 23 नवंबर को हजारों सरना धर्मावलंबियों का महाजुटान चांद गांव में होगा। सभी लोग पहले दशमाइल गांव जाएंगे और फिर परंपरागत तीर-धनुष तथा अन्य हरवे-हथियारों के साथ चांद गांव स्थित प्रार्थना स्थल पहुंचेंगे। महारैली के बाद पूरे राज्य में लोगों को धर्मांतरण रोकने के लिए जागरूक किया जायेगा। महारैली की संयोजक मेघा उरांव ने कहा कि झारखंड में अवैध धर्मांतरण के खिलाफ कानून होने के बावजूद सरकार के संरक्षण में चंगाई सभाओं का आयोजन हो रहा है। इस मौके पर रामपहान बांडो, सोमा उरांव, मेघा उरांव, शनि टोप्पो समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।

### 23 को होने वाली रैली पर रोक लगायें: महाअभिषेक चर्च

महाअभिषेक चर्च (द चर्च ऑफ लिविंग लव), चांद गांव-टुपुदाना ने बताया कि कुछ लोग चरका मुंडा, मेधा उरंव, सोमा उरांव, बुधराम बेदिया, सनी उरांव, अंजली लकड़ा, पशुनाथ मुंडा, गणेश तिग्गा और संदीप उरांव चर्च के खिलाफ यह झूठा आरोप फैला रहे हैं कि चर्च धार्मिक परिवर्तन करा रहा है। चर्च ने कहा कि यह आरोप पूरी तरह गलत, निराधार और मनगढ़ंत हैं। चर्च सदस्यों ने इस संबंध में शिकायत संबंधित थाना में की है और 10.11.2025 को एसएसपी रांची को भी सूचना दी है। इसके बाद चर्च ने न्यायालय का सहारा लिया और 18.11.2025 को केस संख्या 37493/2025 मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, सिविल कोर्ट रांची में दायर किया, जिसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 22 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in



## भारत की नीली क्रांति व समुद्री खाद्य निर्यात में मूल्य संवर्धन का सशक्तिकरण विषयक परिचर्चा आयोजित

# मात्स्यिकी उद्योग रोजगार का एक सशक्त साधन : राजीव रंजन सिंह

- विश्व मात्स्यिकी दिवस पर नयी दिल्ली में आयोजित समारोह में शामिल हुए मत्स्य निदेशालय, झारखंड के अधिकारी




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** विश्व मात्स्यिकी दिवस (21नवंबर) के अवसर पर सुषमा स्वराज भवन, चाणक्यपुरी, नयी दिल्ली में आयोजित समारोह में झारखंड सरकार के मत्स्य निदेशालय के अधिकारी गण भी शामिल हुए। मत्स्य निदेशालय के निदेशक डॉ.एचएन द्विवेदी, सहायक निदेशक शंभू प्रसाद यादव, मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र शालीमार, धुर्वा, रांची के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने कार्यक्रम के आयोजन में सहभागिता निभायी। नयी दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित सुषमा स्वराज भवन में आयोजित विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर इस वर्ष का थीम भारत की नीली क्रांति व समुद्री खाद्य निर्यात में मूल्य संवर्धन का सशक्तिकरण रहा।

समारोह को केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन व डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने ऑनलाइन संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मात्स्यिकी उद्योग समुद्र तटीय क्षेत्रों और ग्रामीण इलाकों में रहने वालों के लिए रोजगार और पोषण का एक सशक्त साधन है। मत्स्य पालन आजीविका का एक सशक्त स्रोत भी है। मछली और जलीय संसाधनों के संरक्षण से मछली पालन के उद्योग को बढ़ावा मिलता है।

इस अवसर पर केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन मंत्रालय के राज्य मंत्री प्रो. एसपी बघेल ने मछली पालन के महत्व और स्थाई प्रबंधन पर प्रकाश डाला। उन्होंने मत्स्य संसाधनों के संरक्षण पर बल दिया।

वहीं, केंद्र सरकार के मत्स्य विभाग के सचिव डॉ. अभिलाक्ष लिखि ने मात्स्यिकी क्षेत्र की चुनौतियों और अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मत्स्य संसाधनों के संरक्षण और समुद्री पारिस्थिकी तंत्र की रक्षा के लिए जागरुकता जरूरी है।

समारोह में मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन, एमपीईडीए के अध्यक्ष डीबी स्वामी, संयुक्त सचिव सागर मेहरा, संयुक्त सचिव नीतू प्रसाद, उत्तराखंड सरकार के प्रिंसिपल सेक्रेटरी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम, हिमाचल प्रदेश के मत्स्य निदेशालय के निदेशक विवेक चंदेल, छत्तीसगढ़ सरकार के मत्स्य विभाग की सचिव शाहला निगार सहित अन्य शामिल हुए। समारोह में तकनीकी सत्र का समापन सागर मेहरा ने किया। वहीं, कार्यक्रम का समापन मत्स्य विभाग के सचिव डॉ. अभिलाक्ष लिखि ने किया। समारोह के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन एनएफडीबी, हैदराबाद के चीफ एग्जीक्यूटिव डॉ बीके बेहरा ने किया।

भाकृअनुप केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-CENTRAL RICE RESEARCH INSTITUTE
Cuttack (Odisha) 753 006, India
Ph.: +91-671-2367757/67, EPBX: +91-671-2367768-783,
Fax : +91-671-2367663, e-mail: director.nrri@icar.gov.in,
crrictc@nic.in, URL : http//www.nrri.icar.in

विज्ञापन संख्या/ ADVERTISEMENT No.31/AFO/2025-26 दिनांक/Date : 21.11.2025

प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु सुचना / Notice for Walk-in-Interview

प्रधान अन्वेषक, ईएपी-457 योजना के तहत सभी योग्य उम्मीदवारों को दो (02) एग्रिकल्चरल फील्ड ऑपरेटर का चयन दिनांक कृमश: 01.12.2025, 10.30AM को भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं, कटक, ओडीशा में प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु आमंत्रित करते हैं । अधिक जानकारी के लिए कृपया भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं की वेबसाइट https//icar-nrri.in/walk-in-interview-3/ पर जाएं ।

P.I. of the project EAP-457, invites all the eligible candidates for walk-in-interviews for the post of Two(02) Agricultural Field Operator (AFO) on 01.12.2025, 10.30AM at ICAR-CRRI, Cuttack, Odisha. For further details please visit to ICAR-CRRI website: https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/ .

प्रधान अन्वेषक/ PRINCIPAL INVESTIGATOR

CCL Fuelling Sustainable Growth
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के सभी श्रमिकों को नयी श्रम संहिताओं के देश भर में लागू किये जाने की हार्दिक शुभकामनाएं दी



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश के सभी श्रमिकों को नयी श्रम संहिताओं के देश भर में लागू किए जाने की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। श्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश के सभी श्रमिक जनों को नयी श्रम संहिताओं के देश भर में लागू किये जाने की हार्दिक शुभकामनाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनीं ये संहिताएं श्रम कानूनों के इतिहास का सबसे बड़ा रिफॉर्म है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि श्रमिकों को न्यूनतम वेतन, समाजिक सुरक्षा, महिला श्रमिकों को समान अवसर की गारंटी तथा गिग और असंगठित श्रमिकों को कानूनी पहचान देने वाली ये संहिताएं श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार लायेंगी। साथ ही, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को भी गति देकर दुनिया के श्रम कानूनों के लिए रोल मॉडल बनेंगी। इन ऐतिहासिक संहिताओं के लिए मोदीजी का आभार।

## खलिहान में लगी आग, हजारों रुपये का नुकसान

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जयनगर पूर्वी पंचायत के पेठीयाबागी निवासी मोहन हजाम, आनन्द पंडित के खलिहान में थ्रेसर मशीन से धान झराय करने के दौरान आग लग जाने से हजारों रुपये के धान व पुआल जलकर राख हो गया। वे लोग अपने खेत में धान झराई का काम कर रहे थे, अचानक आग लग गयी और इस आग लगने में किसानों के सारा धान व पुआल जलकर नष्ट हो गया। घटना की जानकारी लोगों को मिलने के बाद अगल-बगल के लोगों के मदत से मशीन के द्वारा पानी छिड़काव कर आग बुझाने का कार्य किया। इस दौरान पूर्व जिप सदस्य पवन सिंह द्वारा दमकल विभाग को फोन भी लगाया परंतु समय पर नहीं आने के कारण ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से आग बुझाने पर काबू पाया। परंतु इस आग लगी में किसानों की कमर टूट गया व सारा मेहनत बर्बाद हो गया। हजारों रुपए के धान जलकर स्वाहा हो गया। उन्होंने कहा कि जयनगर प्रखंड में दमकल नहीं रहने से यहां के किसानों और मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। समय पर दमकल नहीं पहुंचने से भारी कीमत यहां के ग्रामीणों को चुकाना पड़ता है। श्री सिंह ने जिला प्रशासन एवं अंचल अधिकारी से उचित क्षति पूर्ति राशि की मांग की है।

## अमृत भारत स्टेशन योजना : अनारा स्टेशन का पुनर्विकास



**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** भारतीय रेल की दीर्घकालिक पहल है, जिसके माध्यम से देशभर के रेलवे स्टेशनों का क्रमिक एवं समग्र विकास किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य स्टेशनों को स्वच्छ, सुलभ, आधुनिक तथा यात्रियों के अनुकूल बनाना है। दक्षिण पूर्व रेलवे के कुल 72 स्टेशनों को इस योजना के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है। प्रत्येक स्टेशन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गयी है तथा निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से प्रगति पर है। अनारा रेलवे स्टेशन, जो आद्रा मंडल के अंतर्गत पुरुलिया ज़िले (पश्चिम बंगाल) में स्थित है, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सुदृढ़ रूप से विकसित किया जा रहा है। यह स्टेशन आसनसोल-टाटानगर मुख्य मार्ग पर स्थित है, जो झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण रेल खंड है। अनारा, पुरुलिया ज़िले का एक छोटा लेकिन सांस्कृतिक रूप से समृद्ध नगर है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और आसपास के पर्यटन स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। यह क्षेत्र खनिज संपदा से परिपूर्ण है और आसपास के औद्योगिक प्रतिष्ठानों को भी सेवा प्रदान करता है। अनारा स्टेशन यात्रियों एवं माल परिवहन—दोनों के लिए एक महत्त्वपूर्ण केंद्र है और वर्तमान में तेजी से आधुनिक रूप ले रहा है।

## जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन के सपोर्ट से धुबेनछापाल में गोकुलाष्टमी फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का आयोजन





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** युवाओं में फिजिकल फिटनेस और पूरे विकास के लिए स्पोर्ट्स को बढ़ावा देना, जेएसडब्ल्यू बीपीएलएस की सीएसआर ब्रांच, जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन का मुख्य फोकस एरिया बना हुआ है। इसी मकसद के तहत, जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन के एक्टिव सपोर्ट से, 13 और 14 नवंबर को धुबेनछापाल, थेलकोलोई ग्राम पंचायत में गोकुलाष्टमी फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

झारसुगुड़ा और संबलपुर की कुल आठ टीमों ने बड़े जोश के साथ हिस्सा लिया। फाइनल मैच आयुष 11, सासोन और बीआरएफसी, संबलपुर के बीच हुआ, जिसमें बीआरएफसी, संबलपुर ने रोमांचक परफॉर्मेंस के बाद चैंपियनशिप जीत ली। इस इवेंट में जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन (संबलपुर और झारसुगुड़ा) के हेड मिस्टर विशाल राज, जेएसडब्ल्यू बीपीएलएस के डीजीएम मिस्टर डेनिश नायक, मिस्टर दुर्गा प्रसाद साहू और गोकुलाष्टमी जात्रा कमेटी के प्रेसिडेंट मिस्टर सस्थाबा धुरुआ मौजूद थे। उन्होंने सभी टीमों के डेडिकेशन, स्पोर्ट्समैनशिप और जोश के साथ हिस्सा लेने की तारीफ की।

टूर्नामेंट का सफल आयोजन कम्युनिटी वॉलंटियर्स, आरके क्लब, धुबेनछापाल की डेडिकेटेड कोशिशों और लोकल कम्युनिटी के मजबूत सपोर्ट से मुमकिन हुआ। आसपास की ग्राम पंचायतों के सदस्यों ने इलाके में स्पोर्ट्स और युवाओं की एंगेजमेंट को बढ़ावा देने की लगातार कोशिशों के लिए जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन का शुक्रिया अदा किया।

# खूंटी में भीषण सड़क हादसा में पिता और मासूम बेटे की मौत, बेटी गंभीर



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला में रफ्तार की कहर ने एक बच्चे सहित दो लोगों की जान ले ली। ये हादसा खूंटी तमाड़ मुख्य पथ के शिम्बुकेल के समीप हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार, चलती कंटेनर को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत हो गयी, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। मृतकों में एक चार साल का साउ मुंडा और सारिदकेल गांव निवासी विश्राम मुंडा शामिल है, जबकि मृतक की तीन साल की बेटी गंभीर रूप से घायल है, जिसे इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है।

इस सड़क हादसे के विरोध में ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया और मुआवजा देने की मांग करने लगे। सड़क जाम के कारण खूंटी तमाड़ मुख्य मार्ग के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी। जाम की सूचना पर खूंटी थाना की पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और विरोध कर रहे लोगों को समझा बुझा कर सड़क को जाम से मुक्त कराया। इसके बाद सड़क से दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हादसे में घायल बच्ची को इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार विश्राम मुंडा अपनी बेटी अनिमा और कुंवर मुंडा के बेटे साऊ मुंडा को बाइक से लेकर सारिदकेल लौट रहे थे। इसी दौरान शिम्बुकेल के पास सामने से आ रही एक कंटेनर से उनकी बाइक की सीधी टक्कर हो गयी। इस टक्कर के बाद तीनों सड़क पर गिर पड़े और दो की मौत मौके पर हो गयी, जबकि एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गयी।

खूंटी थाना प्रभारी मोहन कुमार ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना पर ही पुलिस बल घटनास्थल पहुंच चुकी लेकिन स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया था, बाद में वो खुद अन्य बल लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि सड़क हादसे के विरोध में लोगों ने मुआवजे की मांग की। पुलिस के समझाने पर लोग माने और घायल बच्ची को इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया। वहीं सड़क पर पड़े शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वहीं कंटेनर को मौके से जब्त किया गया है।

# किसान के बेटे का अंतरराष्ट्रीय नेट प्रैक्टिस के लिए हुआ चयन




आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** मन में लग्न, दृढ़ इच्छा शक्ति और मजबूत इरादा हो तो कोई बाधाएं भी आड़े नहीं आती। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है कोडरमा के युवा क्रिकेट खिलाड़ी (बॉलर) विकास कुमार ने। विकास का चयन हाल ही में 30 नवंबर को रांची में होने वाले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में नेट प्रैक्टिस के लिए हुआ है। यहां भारतीय और साउथ अफ्रीका टीम के खिलाड़ियों के बीच भिड़ंत होगी। वे इन दोनों देशों के खिलाड़ियों को चार दिनों मसलन 26,27,28 और 29 नवंबर तक नेट बॉलिंग प्रैक्टिस करायेंगे। इसके लिए विकास 25 को कोडरमा से रांची के लिए रवाना होंगे। उनका सपना भारतीय टीम का हिस्सा बनना और खेलना है। उनके पिता कामेश्वर यादव किसान और माता मुद्रिका देवी गृहणी हैं।

उन्होंने मैट्रिक की पढ़ाई बिहार से साल 2023 में की है। इसके बाद क्रिकेट की ऐसी दिवानगी कि इंटर नहीं की और पूरी तरह क्रिकेट में मशगूल हो गये। विकास मूल रूप से कोडरमा जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चमगुदोखुर्द गांव के निवासी हैं।

**2022 -23 रणधीर वर्मा ट्रॉफी फाइनल में सर्वाधिक 6 विकेट लेने का रिकॉर्ड :** विकास की 2022 -23 रणधीर वर्मा ट्रॉफी फाइनल में सर्वाधिक 6 विकेट लेने का रिकॉर्ड रहा है। यह मैच कोडरमा और जामताड़ा के बीच खेला गया था। इसके अलावा झारखंड स्टेट प्रीमियर लीग अंडर - 23 में शानदार बॉलिंग का प्रदर्शन किया।

कार्यालय:-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ............................../ दिनांक ................................/

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 29.10.2025 को गुप्त सूचना के आधार पर सिसई–भरनो मार्ग पर ग्राम–डाड़हा के पास से 04 पीस साल बोटा सहित एक सोनालिका ट्रेक्टर सं0–अज्ञात एवं ट्रोली सं0–अज्ञात को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सिसई स्थायी पौधशाला परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 10.12.2025 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,गुमला वन प्रमंडल

PR 366693 Forest, Environment and Climate Changes(25-26).D
:–वन है,तो जीवन है–:

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा

राष्ट्रीय लोक अदालत
दिनांक : 13/12/2025 (भानिवार)
समय 10:30 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक
स्थान:–व्यवहार न्यायालय परिसर, कोडरमा

सर्वसाधारण को सूचना

विदित हो कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के तत्वावधान एवं झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के द्वारा दिनांक 13/12/2025, दिन शनिवार, समय 10:30 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक व्यवहार न्यायालय, कोडरमा के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे निम्नलिखित मामलों का निष्पादन किया जाएगा

| | |
|---|---|
| सभी प्रकार के दिवानी मामले | वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले |
| सुलहनीय अपराधिक मामले | बिजली व जल के बिल से संबंधित मामले (अशमनीय मामले को छोडकर) |
| बैंक सर्टिफिकेट केस | उत्पाद व वन विभाग से संबंधित मामले |
| वैवाहिक पारिवारिक मामले (विवाह विच्छेद को छोडकर) | माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| श्रम संबंधित मामले | चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| भू.अधिग्रहण से संबंधित मामले | विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले |
| राजस्व संबंधित मामले | मनी रिकवरी केस |
| वेतन व भता व सेवा निवृति लाभ से संबंधित सर्विस मामले | अन्य सुलहनीय मामले |

अतः सामान्य जनता से अनुरोध है कि वे अपने उपरोक्त वर्णित मामलों से सम्बन्धित वादों को उक्त लोक अदालत में निष्पादित कर लाभान्वित हों।

अनुदीप सिंह
ह0/–
पुलिस अधीक्षक–सह सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा

ऋतुराज
ह0/–
उपायुक्त –सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा

बाल कृष्ण तिवारी
ह0/–
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा

नोट: इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर 10:30 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक कोडरमा, सिविल कोर्ट में अवस्थित जिला न्याय सदन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में सचिव से मोबाईल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।
मो0 6200937857

निवेदक:
गौतम कुमार
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा।

PR.NO.366748 Law(25-26):D

## जंगलराज का मुद्दा हिट

बिहार में सबसे बड़ी पार्टी बनने के बाद अगले साल अन्य राज्यों में होने वाले चुनावों में बीजेपी इस जीत को भुनायेगी। वह राज्य से मिले सबक और आजमाई रणनीति को इन राज्यों में लागू कर सकती है। अगले साल असम, केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चुनाव हैं। इनमें से असम में अभी बीजेपी की सरकार है और बाकी तीन राज्यों में इखढ कभी भी सत्ता में नहीं रही।

**असम:** यहां बीजेपी की सरकार है और हिमंता बिस्वा सरमा मुख्यमंत्री हैं। पहले वह कांग्रेस में थे। अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखे हमले करते हैं। पिछले दिनों उन्होंने यहां तक कहा कि राहुल गांधी जहां भी जाते हैं, वहां हार निश्चित है, वह दुर्भाग्य के प्रतीक हैं। माना जा रहा है कि बिहार के चुनावी मॉडल पर असम सरकार भी काम कर सकती है। बिहार में एनडीए की जीत में महिलाओं का समर्थन अहम माना जा रहा है।

**पश्चिम बंगाल:** 2021 विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने राज्य में 77 सीटें जीती थीं। पार्टी नेता बिहार की जीत का असर यहां भी दिखने की उम्मीद कर रहे हैं। बीजेपी ने पश्चिम बंगाल में जंगलराज की बात करनी शुरू भी कर दी है। एनडीए, खासकर बीजेपी बिहार में लोगों को यह समझाने में सफल दिखी कि अगर आरजेडी सत्ता में आ गयी, तो जंगलराज वापस आ जायेगा। अब वह इसे पश्चिम बंगाल में भी दोहरा रही है। जल्द ही पश्चिम बंगाल में पार्टी कार्यकर्ता सड़कों पर उतर कर ममता सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन की रणनीति बना रहे हैं। बीजेपी के एक नेता ने कहा कि जिस तरह कानून-व्यवस्था के मुद्दे का असर बिहार में हुआ, उसी तरह पश्चिम बंगाल में भी यह हमारे लिए अहम मुद्दा रहेगा।

**पश्चिम बंगाल: 2021 विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने राज्य में 77 सीटें जीती थीं। पार्टी नेता बिहार की जीत का असर यहां भी दिखने की उम्मीद कर रहे हैं। बीजेपी ने पश्चिम बंगाल में जंगलराज की बात करनी शुरू भी कर दी है।**

**केरल:** यहां अभी बीजेपी की मौजूदगी ना के बराबर है। राज्य में इस वक्त एलडीएफ (लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट) की सरकार है। 2021 विधानसभा चुनाव में केरल में इतिहास रचते हुए पी. विजयन के नेतृत्व में एलडीएफ ने जीत दर्ज की थी। पिछले चार दशकों से हर चुनाव में राज्य में सरकार बदल जाती थी। मगर 2021 में यह ट्रेंड टूटा और फिर से एलडीएफ सरकार बनी। इससे पिछले चुनाव में बीजेपी ने यहां पहली बार एक सीट जीती थी, लेकिन 2021 में उसने वह भी गंवा दी। सदानंद मास्टर को कुछ महीने पहले ही राज्यसभा के लिए नामित किया गया है, जो केरल में आरएसएस का सबसे बड़ा चेहरा हैं। राज्य में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में सदानंद मास्टर भी प्रत्याशी थे। केंद्र की एनडीए सरकार में अभी केरल से सुरेश गोपी मंत्री हैं। उन्होंने कुछ दिनों पहले कहा था कि उनकी जगह सदानंद मास्टर को मंत्री बनाया जाना चाहिए। केरल में पांव जमाने के लिए बीजेपी हर संभव कोशिश कर रही है।

**तमिलनाडु:** तमिलनाडु में बीजेपी गठबंधन के सहारे पांव जमाने की कोशिश कर रही है। उसने एआइएडीएमके के साथ गठबंधन किया है। बीजेपी नेता दावा करते हैं कि तमिलनाडु में उनके गठबंधन की सरकार बनेगी, वहीं एआइएडीएमके नेता लगातार कह रहे हैं कि यहां सिंगल पार्टी की सरकार बनेगी यानी वे गठबंधन में रहते हुए भी चुनाव जीतने पर बीजेपी को सत्ता में भागीदारी नहीं देना चाहते। पिछला चुनाव बीजेपी और एआइएडीएमके ने साथ लड़ा था। हालांकि तब डीएमके ने जीत दर्ज की। बिहार की जीत का यहां भले इखढ को फायदा सीधे ना मिले, लेकिन कांग्रेस के कमजोर होने से डीएमके-कांग्रेस गठबंधन में अगर खींचतान हुई तो उसका लाभ उसके अलायंस को मिल सकता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**डाक्टरों को नेक इंसान माना जाता है. जो दूसरे इंसानों को जिंदा और ठीक रखने की फिक्र करते हैं। 10 नवंबर,2025 को दिल्ली में लाल किले के पास मेट्रो स्टेशन के बाहर हुए धमाके में 13 आदमी मारे गये और कई आदमी और औरतें घायल हो गयी, यह न सिर्फ हमारी मजबूत सरकार के लिए बल्कि हमारे देश के आम लोगों के लिए भी एक बड़ा झटका था। पाकिस्तान में मौजूद जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक टैरर मॉड्यूल का पता चला। गिरफ्तार किये गये ज्यादातर लोग डाक्टर हैं।**

## समुद्री संसाधनों और आजीविका को मजबूती : भारत ने वर्ल्ड फिशरीज डे 2025 मनाया

पीआइबी

21 नवंबर को विश्वभर में मनाये जाने वाले वर्ल्ड फिशरीज डे का उद्देश्य सस्टेनेबल फिशरीज और एक्वाकल्चर की भूमिका–खाद्य सुरक्षा, आजीविका और पर्यावरणीय संतुलन–पर जागरूकता बढ़ाना है। 1997 में नयी दिल्ली में 18 देशों के बीच स्थापित वर्ल्ड फिशरीज फोरम से इस दिवस की शुरुआत हुई, जिसने जिम्मेदार मत्स्य प्रबंधन को वैश्विक स्तर पर प्रोत्साहन दिया। भारत के लिए यह दिन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि देश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली और एक्वाकल्चर उत्पादक तथा शीर्ष श्रिम्प निर्यातक है।

मत्स्य क्षेत्र 30 मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार देता है और भारत की ब्लू इकॉनमी के प्रमुख स्तंभों में है। तटीय राज्यों में स्थित 3,477 मछुआरा गांव देश के कुल समुद्री उत्पादन का 72% और भारतीय सीफूड निर्यात का 76% योगदान देते हैं। अक्टूबर 2024 की तुलना में अक्टूबर 2025 में समुद्री उत्पाद निर्यात 11.08% बढ़कर यूएस $0.90 बिलियन पर पहुंच गया।

मत्स्य क्षेत्र को मजबूती देने के लिए भारत ने हाल में कई नीतिगत सुधार किए हैं। 3 सितंबर 2025 को जीएसटी परिषद ने मछली तेल, मछली अर्क और तैयार/प्रिजर्व्ड मछली-झींगा उत्पादों पर जीएसटी दर 12% से घटाकर 5% करने का निर्णय लिया, जिससे वैल्यू-एडेड सीफूड की घरेलू वहनीयता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा दोनों बढ़ेंगी। इसी के साथ, PMMSY, EEZ हार्नेसिंग रूल्स और ReALCRaft प्लेटफॉर्म के माध्यम से ट्रांसपेरेंसी, डिजिटल गवर्नेंस और सस्टेनेबल ग्रोथ को प्राथमिकता दी जा रही है।

**ब्लू इकॉनमी, मूल्य संवर्धन और सस्टेनेबल गवर्नेंस पर फोकस।**



**इस वर्ष वर्ल्ड फिशरीज डे का विषय इंडियाज ब्लू ट्रांसफॉर्मेशन:** स्ट्रेंथनिंग वैल्यू एडिशन इन सीफूड एक्सपोर्ट्स है, जिसके तहत 27 देशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी भारत की ब्लू इकॉनमी में बढ़ती वैश्विक साझेदारी को दर्शाती है। कार्यक्रम में फिशरीज ट्रेसेबिलिटी का राष्ट्रीय फ्रेमवर्क जारी किया जाएगा, साथ ही मैरीकल्चर एसओपीएस, स्मार्ट/इंटीग्रेटेड हार्बर गाइडलाइन्स, फिश लैंडिंग सेंटर, रिजर्वॉयर फिशरीज और कोस्टल एक्वाकल्चर पर विस्तृत कम्पेंडियम भी लॉन्च होगा।

### मत्स्य क्षेत्र में भारत की प्रगति

भारत दुनिया के कुल मछली उत्पादन में लगभग 8% योगदान देता है। 2013-14 से 2024-25 के बीच भारत का कुल उत्पादन 96 लाख टन से बढ़कर 195 लाख टन हो गया, जबकि देशीय मत्स्य पालन में 140% की वृद्धि दर्ज हुई। 2024-25 में सीफूड निर्यात 62,408 करोड़ पर पहुंच गया। सरकार की योजनाओं–5वीं नेशनल मरीन फिशरीज सेंसस 2025, इइजेट सस्टेनेबल नियम और FIDF, PMMSY तथा PM-MKSSY ने उत्पादकता और इंफ्रास्ट्रक्चर दोनों को मजबूत किया है, जिससे सेक्टर की दीर्घकालिक टिकाऊ क्षमता बढ़ी है।

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना

10 सितंबर 2020 को शुरू की ग/१ प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 2020-21 से 2025-26 तक 20,312 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। योजना के अंतर्गत 730 कोल्ड स्टोरेज/आइस प्लांट, 26,348 फिश ट्रांसपोर्ट यूनिट, 6,410 फिश कियोस्क तथा 223 (होलसेल/रिटेल) मछली बाजार स्थापित किये गये हैं। तटीय राज्यों में 100 तटीय मछुआरा गांवों को क्लाइमेट-रेजिलिएंट तटीय मछुआरे गांवो में बदलने की पहल चल रही है। महिला लाभार्थियों को 60% और अन्य हितधारकों को 40% सब्सिडी दी जा रही है। उन्हें केसीसी सहित रियायती क्रेडिट और कौशल विकास सहायता भी उपलब्ध है।

### एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन में सस्टेनेबल हार्नेसिंग

4 नवंबर 2025 को अधिसूचित नए नियमों में फिशरमैन कोऑपरेटिव्स और फिश फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन को गहरे समुद्री मत्स्य अवसरों में प्राथमिकता, मॉडर्न वेसल सपोर्ट और ट्रेनिंग देने का प्रावधान है। ReALCRaft द्वारा डिजिटल एक्सेस पास सिस्टम शुरू किया गया है, जिससे पारंपरिक मछुआरों को छूट दी गयी है। मरीन प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी और एक्सपोर्ट इंस्पेक्शन काउंसिल के साथ इंटीग्रेशन ट्रेसेबिलिटी और निर्यात गुणवत्ता को मजबूत करता है।

### ReALCRaft: डिजिटल रजिस्ट्रेशन प्लेटफॉर्म

ReALCRaft नाव पंजीकरण, लाइसेंसिंग, ओनरशिप ट्रांसफर और अन्य सेवाओं का वेब-बेस्ड प्लेटफॉर्म है, जिसमें एप्लिकेशन जमा, ई-पेमेंट और वेरिफिकेशन डिजिटल रूप से संभव है। फ्ळ/छउ जारी करने के साथ यह मत्स्य गवर्नेंस को पूरी तरह डिजिटल बनाता है।

### मरीन फिशरीज सेंसस 2025

31 अक्टूबर 2025 को शुरू हुई यह 45 दिवसीय जनगणना 13 तटीय राज्यों/वळ२ के 5,000 गांवों के 1.2 मिलियन मछुआरा परिवारों को कवर करती है। VyAS–NAV, BHARAT और SUTRA ऐप्स से जियो-रेफरेंस्ड रियल-टाइम डेटा संग्रह, सत्यापन और मॉनिटरिंग संभव है। पहली बार मछुआरे परिवारों की सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइल तैयार की जायेगी।

### पीएम-एमकेएसएसवाइ

8 फरवरी 2024 को शुरू हुई इस योजना में 2023-24 से 2026-27 तक 6,000 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। कंपोनेंट 1-इ के तहत एक्वाकल्चर इंश्योरेंस प्रीमियम का 40% (25,000/हेक्टेयर, अधिकतम 1 लाख) तक सहायता दी जाती है। स्कीम को अप्रैल 2025 तक 11.84 करोड़ की वित्तीय मदद स्वीकृत की जा चुकी है।

### फिशरीज एंड एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (एफआइडीएफ)

2018 में स्थापित एफआइडीएफ में 7,522.48 करोड़ का प्रावधान है। इसे 2026 तक बढ़ाया गया है। नाबार्ड, एनसीडीसी और शेड्यूल्ड बैंकों के माध्यम से रियायती ऋण दिया जाता है, जिस पर 3% ब्याज सहायता उपलब्ध है। जुलाई 2025 तक 178 परियोजनाएं अनुमोदित हुईं, जिनमें ?6,369.79 करोड़ का निवेश शामिल है।

### निष्कर्ष

भारत का मत्स्य एवं एक्वाकल्चर क्षेत्र तेजी से आधुनिक, डिजिटल और सस्टेनेबल ढांचे की ओर बढ़ रहा है। इइजेड नियम, पीएमएमएसवाइ, पीएम-एमकेएसएसवाइ, एफआइडीएफ और एमएफसी 2025 जैसी पहलों से आजीविका, निर्यात, पारिस्थितिकी संरक्षण और महिलाओं की भागीदारी मजबूत हो रही है। इन प्रयासों से भारत एसडीजी-14 लाइफ बिलो वॉटर की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

# कोल्हान की खबरें

## मिला आश्वासन, 70 साल से बसे दुकानदारों को नहीं हटाया जायेगा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टेल्को साउथ गेट के सड़क किनारे करीब 70 वर्षों से दुकान लगा रहे दुकानदारों को हटाये जाने की आशंका के बीच शुक्रवार को झामुमो नेता व सामाजिक सेवा संघ अध्यक्ष राजेश सामंत के नेतृत्व में टाटा स्टील के लैंड पदाधिकारी से वार्ता हुई। श्री सामंत ने बताया वार्ता में दुकानदारों को नहीं उजाड़ने और उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का आशवासन मिला है। उन्होंने कहा सड़क किनारे घेराबंदी करने से सड़क संकरी हो जायेगी और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ेगी, जिसकी जिम्मेदारी कंपनी पर आएगी। लैंड पदाधिकारी ने सड़क चौड़ीकरण व चौराहे के दुरुस्तीकरण का भी आश्वासन दिया बैठक में झारखंड आंदोलनकारी जेना जामुदा, शिवलाल लोहरा, रूपम सिंह, छोटे सरदार, गोवर्धन सिंह, राकेश शर्मा, अभिषेक बास्के सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## जनसशक्तिकरण के लिए हेमंत सरकार प्रतिबद्ध : विधायक संजीव सरदार



**पोटका (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्थापना दिवस पर पोटका और बागबेड़ा में विधायक संजीव सरदार ने दीप प्रज्वलित कर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर विधायक श्री सरदार ने कहा अबुआ सरकार का उद्देश्य जनकल्याण और पारदर्शिता को गांव–गांव तक पहुंचाना है। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में उपस्थित होकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी और लाभ प्राप्त किया। शिविर में अबुआ आवास, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, पेंशन, छात्र–छात्राओं के लिए साइकिल, अन्नप्राशन और गोदभराई सहित कई योजनाओं के स्वीकृति पत्र लाभुकों को ऑन–स्पॉट प्रदान किये गये। इस अवसर पर पोटका सीओ निकिता बाला और बीडीओ अरुण कुमार मुंडा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। बागबेड़ा में भी आयोजित कैंप में विधायक ने लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये। उन्होंने कहा हेमंत सरकार की यह अभियान जनता को सशक्त बनाने का मिशन है। जिसका उद्देश्य है हर पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे। कार्यक्रम में जमशेदपुर सीओ मनोज कुमार, बीडीओ सुमित प्रकाश और थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गीता कोड़ा ने किया भाजपा कार्यालय का उद्घाटन

**गुवा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी का नया कार्यालय पूर्व सांसद गीता कोड़ा के हाथों विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यालय उद्घाटन के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। गुवा में संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जारही है। इस अवसर पर जयकिशन गुप्ता, कैलाश दास, गोविंद पाठक, उदय सिंह, दीपक गोस्वामी, अमित गुप्ता, राजू चौबे, छेदीलाल अग्रवाल, आर. के. प्रधान, पियुस साव, सागर दास, विनय मेहता, सुजित दास, कानू लोहरा, राजन सिंह, दीपक यादव, विकास सिंह, राहुल गोच्छायत सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अंधविश्वास में अपने ही भाई की हत्या की, तीन गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**चौका।** सरायकेला खरसावां पुलिस ने चौका थाना क्षेत्र में एक हत्या के मामले का खुलासा कर दिया। शुक्रवार को पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपियों ने डायन के नाम पर अंधविश्वास में अपने ही भाई की हत्या कर दी थी। गिरफ्तार आरोपियों में 45 वर्षीय पगला मुंडा, 56 वर्षीय हागड़ो मुंडा और 26 वर्षीय मंदरा मुंडा शामिल है। पुलिस ने इनके पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया फरसा बरामद कर लिया। छापामारी दल में चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो, भगवान प्रसाद गोड़ और चौका थाना सशस्त्र बल शामिल रहे।

### डीजल चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**राजनगर(आजाद सिपाही)।** राजनगर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कुजु स्थित एक टायर दुकान में छापेमारी कर 710 लीटर डीजल के साथ तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी में आसीफ अंसारी, मुस्तकीम अंसारी और मोहम्मद सलाम शामिल हैं। आरोपियों के निशानदेही पर 19 प्लास्टिक के ड्रम में 380 लीटर डीजल, अन्य 4 प्लास्टिक के ड्रम में 60 लीटर डीजल और 27 टीना के जार में 270 लीटर डीजल बरामद किया गया। पुलिस ने पूछताछ के बाद मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।फिलहाल पुलिस डीजल कहां से चोरी किया गया यह पता लगाने की कोशिश कर रही है।

### कदमा गोरा हत्याकांड का मुख्य आरोपी आयान उर्फ मसूद इकबाल गिरफ्तार

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** कदमा शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर-2 स्थित फारूकी मस्जिद के पास तौकीर उर्फ गोरा को गोली मारकर हत्या करने के मामले का पुलिस ने मात्र छह घंटे में ही खुलासा कर दिया। शुक्रवार को प्रेस वार्ता में सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने इसकी जानकारी दी। सिटी एसपी ने बताया घटना में शामिल मुख्य आरोपी आयान उर्फ मसूद इकबाल को गिरफ्तार कर लिया गया। शास्त्रीनगर निवासी आयान के पास से एक देशी पिस्टल और घटनास्थल से फायर किये गये छह खोखे बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ कदमा थाने में 2020, 2022 और 3 अप्रैल 2025 के तीन मामले दर्ज हैं। पुलिस का मानना है वारदात आपसी विवाद से जुड़ी हो सकती है। उन्होंने कहा घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही हैं। छापेमारी टीम में कदमा थाना प्रभारी प्रवेश चंद्र सिन्हा, बिष्टूपुर थाना प्रभारी आलोक कुमार दुबे, एसआई दीपक महतो, मंटू कुमार और एसआई रंजन कुमार रवि शामिल रहे।

## 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का उद्घाटन

**लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** इचागढ़ विधायक सविता महतो ने कपाली और तमुलिया में हेमंत सरकार के आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार अभियान का फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। शुक्रवार को चांडिल प्रखंड के तमुलिया पंचायत (रुगड़ी) और कपाली नगर परिषद के वार्ड 3, 10 व 13 के ताजनगर पंचायत स्तरीय शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाये गये, जिनका विधायक ने निरीक्षण किया। वहीं योजनाओं के तहत चयनित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। विधायक ने कहा शिविरों का उद्देश्य सरकारी योजनाओं को गांव-गांव में सीधे लाभुकों तक पहुंचाना है। साथ ही शिकायतों का त्वरित निस्तारण करना और ग्रामीणों को योजनाओं के प्रति जागरूक बनाना है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर आवेदन और शिकायत दर्ज कराने की अपील की। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक, एसडीओ विकास कुमार राय, कपाली नप के कार्यपालक पदाधिकारी गोपी कृष्णा, बीडीओ तालेश्वर रविदास, सीओ प्रदीप महतो सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।



## कोल्हन विवि का दीक्षांत समारोह 26 नवंबर को

**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** कोल्हन विश्वविद्यालय का छठा दीक्षांत समारोह 26 नवंबर को आयोजित होगा। तैयारियों के अंतिम रूप देने के लिए कुलपति प्रो. (डॉ.) अंजिला गुप्ता की अध्यक्षता में सभी उप-समितियों के संयोजकों और विश्वविद्यालय पदाधिकारियों के साथ देर शाम तक समीक्षा बैठक हुई। कुलपति ने एक-एक बिंदु पर विस्तार से समीक्षा करते हुए बताया दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि कुलाधिपति और राज्यपाल का आगमन प्रातः 10 बजे दीक्षांत सभागार में होगा। सभागार में प्रवेश केवल पास के माध्यम से ही दिया जायेगा। परीक्षा विभाग ने अवगत कराया सभी प्रमाणपत्रों पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। बैठक में बैठने की व्यवस्था, शोभा यात्रा के मार्ग, मुख्य अतिथि के लिए परिधान कक्ष, वाहनों की पार्किंग आदि तैयारियों की जानकारी कुलपति ने विस्तार से ली।

## टाटा हाइवे होटल में बदमाशों का उत्पात, फायरिंग के बाद दहशत



आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** सरायकेला जिले के चांडिल थाना क्षेत्र स्थित टाटा हाइवे होटल में गुरुवार देर रात बदमाशों ने धावा बोलकर होटल मालिक रंजीत कुमार को धमकाया और दो राउंड फायरिंग की। अचानक हुई वारदात से होटल में अफरा-तफरी मच गयी और लोग दहशत में बाहर भागते दिखे। वहीं बदमाश हाथ-पैर तोड़ने और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूचना पर चांडिल पुलिस पहुंची और होटल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले ने में जुट गयी। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पुरानी रंजिश या रंगदारी का अनुमान है। पुलिस बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र के होटल संचालकों व व्यापारियों में भय का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## आदर्श पब्लिक इंगलिश स्कूल के प्रिंसिपल उत्कृष्ट योगदान के लिए हुए सम्मानित




**मनोहरपुर (आजाद सिपाही)।** आदर्श पब्लिक इंग्लिश स्कूल के प्रिंसिपल सह समाजसेवी मोहम्मद उमर को बीजू पटनायक यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा रिसर्च कॉन्क्लेव में सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के चांसलर, कुलपति और निदेशक ने संयुक्त रूप से उन्हें सर्टिफिकेट ऑफ पार्टिसिपेशन प्रदान किया। उन्हें यह सम्मान शोध कार्य, पीएच.डी. क्षेत्र में योगदान और शैक्षणिक उन्नति में निरंतर प्रयासों के लिए दिया गया। कार्यक्रम में देशभर के शिक्षाविद, शोधकर्ता और समाजसेवी उपस्थित रहे। रिसर्च कॉन्क्लेव का उद्देश्य नवाचारपूर्ण शोध और शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना था। उमर को मिला यह सम्मान शिक्षा और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण माना जा रहा है।

## धान क्रय केंद्र नहीं खुलने से किसान परेशान : रितेश



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने किसानों की समस्या को लेकर हेमंत सरकार पर जुबानी हमला बोला। कहा कि झामुमो सरकार में किसान त्राहिमाम कर रहें है। धान क्रय केंद्र हेमंत सरकार नहीं खोल रही है। जिस कारण क्षेत्र में किसान अपने धान को माफिया के हाथों औने-पौने दाम मे बेचने को मजबूर हैं। झारखंड का यह दुर्भाग्य है कि राज्य सरकार समय से धान क्रय केंद्र नहीं खोलती है। इससे साबित होता है कि धान क्रय माफियाओं को झामुमो सरकार का संरक्षण प्राप्त है। आरोप लगाते हुए कहा कि झामुमो सरकार सोची-समझी चाल के तहत धान क्रय केंद्र देर से शुरू कराती है, ताकि किसानों को कम लाभ देना पड़े। उन्होंने गढ़वा जिला प्रशासन, राज्यपाल एवं सरकार से मांग की कि तत्काल प्रभाव से धान क्रय केंद्र खोला जाए, ताकि किसान माफियाओं के हाथों लुटने से बच सके।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का विधायक ने किया उद्घाटन



कांडी (आजाद सिपाही)। झारखण्ड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुक्रवार को शिवपुर पंचायत में आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर बीडीओ राकेश सहाय, प्रखण्ड प्रमुख नारायण यादव,जिला पार्षद नेहा कुमारी, जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार मुखिया सोनी देवी, बीडीसी सरिता देवी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं से जुड़े कुल 53 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें जाति प्रमाण पत्र के लिए 5, नया राशन कार्ड के लिए 10, दाखिल खारिज वादों का निष्पादन एक एवं पेंशन योजना के लिए 37 आवेदन शामिल है। इस मौके पर एसआई रोशन राम, मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम, बीडीसी प्रतिनिधि लव कुश कुमार रवि ,जिला पार्षद प्रतिनिधि सुजीत कुमार रजक, पंचायत सेवक नीतिश कुमार, प्रधान लिपिक अजित कुमार, मनरेगा प्रभारी श्रीकांत सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर रहीम अंसारी आदि उपस्थित थे।

## पचौर में आयोजित शिविर में मिले 528 आवेदन, 165 का मौके पर ही निपटारा

डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के पचौर पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ देवलाल करमाली, सीओ जयशंकर पाठक, प्रमुख कांति देवी, उप प्रमुख अंजली देवी और मुखिया सरिता देवी ने संयुक्त रूप से किया। इसमें विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाये गये थे। जहां लाभुकों ने अपनी आवश्यकतानुसार आवेदन जमा किया। इस दौरान कुल 528 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 165 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया।

**28 नवंबर तक पूरे प्रखंड में लगाये जाएंगे शिविर : बीडीओ**

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का थीम और समय में बदलाव किया गया है। बीडीओ देवलाल करमाली ने बताया कि 22 नवंबर को लवाहीकला, 23 को जरही, 24 को सोनेहरा, 25 को करके, 26 को रारो, 27 को झोतर और 28 नवंबर को तसरार व डंडई में विशेष शिविर लगेगा।

### एसडीएम ने सरकार आपके द्वार शिविरों का किया निरीक्षण

# आवेदकों को अभिस्वीकृति देना हर हाल में सुनिश्चित करें: संजय कुमार



लाभुक का आवेदन स्वीकार करते एसडीएम संजय कुमार।

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों में शुक्रवार से आयोजित नागरिक सेवा शिविरों का सदर एसडीएम संजय कुमार ने निरीक्षण किया। उन्होंने डंडा, मेराल एवं सदर प्रखंड के शिविरों में पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल, शिकायत निवारण व्यवस्था एवं आवेदनों के संकलन की स्थिति की समीक्षा भी की। एसडीएम ने बताया कि इस बार शिविरों की मुख्य थीम 'राइट टू सर्विस' है। इसलिए सभी व्यवस्थाओं को सेवा का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप संचालित करना आवश्यक है। उन्होंने शिविर में मौजूद कर्मियों को निर्देश दिया कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक आवेदन के बदले आवेदक को अभिस्वीकृति (एक्नॉलेज) अनिवार्य रूप से दी जाए, क्योंकि राइट टू सर्विस ऐक्ट के अंतर्गत पावती देना प्रशासनिक जवाबदेही का पहला चरण है। पावती की तिथि से ही यह निर्धारित होता है कि संबंधित सेवा देने में विभाग ने कुल कितना समय लिया। एसडीएम ने मेराल प्रखंड के पूर्वी ओखरगड़ा, सदर प्रखंड के भरटिया तथा डंडा प्रखंड के डंडा पंचायत में आयोजित शिविरों में पहु७चकर मौके पर मौजूद अधिकारियों, कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों से आवेदनों की प्रकृति और निस्तारण की प्रगति जानी। इस दौरान संबंधित प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, मुखिया, वार्ड सदस्य, अन्य कर्मी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। इन शिविरों में कई आवेदकों को मौके पर ही सेवाए दी गयी।

## सेवा का अधिकार सप्ताह का शुभारंभ

राज्य सरकार के निर्देश पर रमना प्रखंड अंतर्गत गम्हरिया पंचायत भवन के प्रांगण में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी खुशबू कुमारी, जिप अध्यक्ष शांति देवी, बीडीओ विकास पांडे, प्रमुख करुणा सोनी, बीस सूत्री अध्यक्ष मंसूर अंसारी, मुखिया पानपती देवी, विधायक प्रतिनिधि रोहित वर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने सामुहिक रूप से किया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी खुशबू कुमारी ने कहा कि सरकार की ओर से जन हित में शिविर लगाकर जन समस्याओं का त्वरित निस्पादन किया जा राह है। उन्होंने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की बात कही। वहीं, जिप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव के अंतिम लोगों तक पहुंचकर समस्या का निदान करना है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। जबकि, प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि सरकार का यह कदम सराहनीय है। बीडीओ विकास पांडेय ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों से सभी प्रकार की समस्याओं का आवेदन लिया जा रहा है। जल्द ही सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाएगा।

## सरकार आपके द्वार के तहत 'सेवा का अधिकार सप्ताह' का शुभारंभ



**अन्नप्राशन और गोद भराई रस्म का आयोजन**

अन्नप्राशन और गोद भराई जैसी मंगल रस्मों का भी आयोजन हुआ, जो मां और शिशु के स्वास्थ्य, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में उल्लेखनीय कदम है। उधर, निरीक्षण के क्रम में डीसी चिनियां प्रखंड के पंचायत भवन, बरवाडीह स्थित प्रज्ञा केंद्र पहुंचे, जहां शुल्क विवरणी प्रदर्शित नहीं पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इस पर तत्क्षण केंद्र का कोड रद्द करते हुए सीएससी मैनेजर कौशल कुमार एवं मनीष कुमार से स्पष्टीकरण मांगा गया।

गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य स्थापना की रजय जयंती के अवसर पर जनहित और सुशासन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल के तहत आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत 'सेवा का अधिकार सप्ताह' का शुभारंभ शुक्रवार को चिनियां प्रखंड के बरवाडीह पंचायत से डीसी दिनेश यादव ने किया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए योजनाओं के स्टॉलों का डीसी ने निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों को और प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। शिविर में पहुंचे लाभुकों से डीसी ने सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं त्वरित समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

## मेराल के ओखरगाड़ा पूर्वी में विशेष शिविर का आयोजन, मिले 625 आवेदन और 13 सर्वजन पेंशन योजना की दी गयी स्वीकृति

मेराल (आजाद सिपाही)। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार से 'सेवा का अधिकार सप्ताह' का शुभारंभ मेराल प्रखंड क्षेत्र के ओखरगाड़ा पूर्वी पंचायत के पचफेड़ी मोड़ धुरियाही प्राथमिक विद्यालय के पास हुई। इस दौरान आयोजित शिविर में 625 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें सबसे ज्यादा 231 आवेदन मंईयां सम्मान योजना और अबुआ आवास के लिए 200 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान 131 लोगों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच कर दवा दी गयी। जबकि शिविर में सर्वजन पेंशन के प्राप्त कुल 13 आवेदन को ऑन द स्पॉट स्वीकृति प्रदान की गई। बाल विकास की ओर से गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और नवजात शिशु का अन्नपरासन कराया गया। हालांकि झारखंड सरकार का पोर्टल नहीं खुलने की वजह से किसी भी आवेदन को ऑनलाइन नहीं किया जा सका।

**कार्यक्रम के तारीखों में हुआ बदलाव**

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का थीम और समय में बदलाव किया गया है। बीडीओ यशवंत नायक ने बताया कि सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत एक सप्ताह में ही प्रखंड के सभी 20 पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बताया कि 22 नवंबर को पढ़ुआ और करकोमा। 23 को दुलदुलवा और चामा। 24 को बिकताम, मेराल पूर्वी और ओखरगाड़ा पश्चिमी। 25 को गेरूआ, हासनदाग और गोन्दा। 26 को संगबरिया, चेचरिया और लोवादाग। 27 को बाना, तेनार और खोरीडीह तथा 28 नवंबर को मेराल पश्चिमी, अरंगी तथा तिसरटेटुका पंचायत में विशेष शिविर का आयोजित किया जाएगा।

# जमीन लूटने की शिकायत लेकर समाहरणालय पहुंचे बनुआ गांव के कई आदिवासी परिवार

### डीआरडीए निदेशक से मिले, प्रशासन से लगायी जान-माल की रक्षा की गुहार



आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। मेराल थाना क्षेत्र के बनुआ गांव के आदिवासी परिवार के सदस्य शुक्रवार को डीसी से मिलने समाहरणालय पहुंचे। हालांकि उसने मुलाकात नहीं हो सकी। इस पर ग्रामीणों ने प्रभारी डीआरडीए के निदेशक प्रमेश कुशवाहा से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए धान की फसल दिलाने, खतियानि जमीन की रसीद निर्गत करने एवं जान-माल की रक्षा की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा कि उनकी जमीन को जर्बदस्ती लूटी जा रही है। उनकी जमीन पर कुछ दबंग परिवार के लोगों की नजर है। आदिवासी की जमीन किसी दूसरी जाति के नाम पर नहीं हो सकता है। बावजूद इसके वहां रजहारा आदि गांव के दबंग परिवार के लोग उनकी जमीन को बेच भी रहे और जमीन में लगे धान को भी काट रहे हैं। मना करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। दो-तीन ग्रामीणों के साथ मारपीट कर बंदूक दिखाकर भय का माहौल भी बना दिया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि दशरथ भोक्ता की जमीन को बेच भी दिया गया है। इसी तरह कई ग्रामीणों की जमीन बेची गई है। वहीं, जमीन में लगी फसल को ट्रैक्टर से रौंद कर नष्ट भी कर रहे हैं। इस मौके पर राम सुंदर, नरेश सिंह, राजेंद्र सिंह, सरयु सिंह, प्रेमन सिंह, कुलदीप सिंह, सुकनी देवी, भगीया देवी, रूबी कुंवर, प्रमिला देवी, उदय सिंह खरवार, भोला सिंह और मुंद्रिका भुइंया आदि मौजूद रहे।

**गरीबों की जमीन पर अवैध कब्जा नहीं होने दूंगा : विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी**

गढ़वा (आजाद सिपाही)। विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि राजहरा बंदुआ गांव को किसी भी कीमत पर करुई/भागोडीह जैसा नहीं बनने दिया जाएगा। नौ लोगों की हत्या की घटना आज भी लोगों के दिल-दिमाग पर है। ठीक उसी तरह, राजबंधा और करुई/भागोडीह के अपराधी प्रवृत्ति के लोग गांव में आकर कट्टा-बंदूक का भय दिखाकर अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लोगों की जमीन पर कब्जा कर लूटपाट कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि प्रशासन से मांग है कि ऐसे अपराधी तत्वों को चिन्हित कर उन पर कठोर कार्रवाई की जाए। अन्यथा बाध्य होकर राजभवन घेराव करूंगा। कहा कि फिलहाल अपने बेटे की शादी में व्यस्त हूं, लेकिन शादी की रश्में पूरी होने के बाद उन अपराधियों को स बक सिखाऊंगा। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में किसी भी भूमाफिया या अपराधी की मनमानी नहीं चलने दूंगा।

## आरकेवीएस महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने डीएलएड परीक्षा में पलामू प्रमंडल में किया टॉप

आजाद सिपाही संवाददाता







गढ़वा। आरकेवीएस महाविद्यालय के डीएलएड के छात्रों ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराते हुए पूरे पलामू प्रमंडल में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान किया है। झारखंड अधिविध परिषद की ओर से घोषित डीएलएड परीक्षा परिणाम में महाविद्यालय की छात्रा नाजनीन परवीन ने 1400 में 1212 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अमर्त्य आनंद ने 1400 में 1207 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और शाहिद अंसारी ने 1400 में 1178 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है। तीनों छात्रों की इस उपलब्धि से महाविद्यालय सहित पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। बतातें चलें कि पिछली बार भी डीएलएड में गढ़वा जिले में टॉपर आरकेवीएस महाविद्यालय से ही रही थी। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के निदेशक एवं शिक्षाविद इंजीनियर अलखनाथ पांडेय ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि लगातार दूसरे वर्ष आरकेवीएस के छात्रों द्वारा डीएलएड में उत्कृष्ट प्रदर्शन पूरे महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। विशेष खुशी इस बात की है कि हमारी छात्राएं लगातार बेहतर प्रदर्शन कर समाज में शिक्षा का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आरकेवीएस महाविद्यालय का शिक्षण वातावरण पूरी तरह शैक्षणिक, अनुशासित और स्वच्छ है जहां आईसीटी लैब, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला, खेल सामग्री, रोजगार प्रकोष्ठ सहित सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे प्रशिक्षुओं के व्यक्तित्व एवं व्यावहारिक ज्ञान दोनों का विकास हो सके। उधर, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पांडेय ने कहा कि यह सफलता छात्रों की लगन, अनुशासन एवं शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन और मेहनत का परिणाम है। इस मौके पर राजेंद्र चौबे, सतीश तिवारी, रितेश कुमार, रंजना दुबे, प्रवीण दुबे, बीना तिवारी, आशुतोष मिश्रा आदि शिक्षकों ने अपने निर्देशन से महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई और छात्रों को निरंतर प्रेरित एवं मार्गदर्शन दिया।

## मकरी में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मकरी पंचायत के मैदान में शुक्रवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन श्री बंशीधर नगर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ नंदजी राम, सीओ शंभू राम, मुखिया सरिता देवी, बीडीसी रीता देवी ने संयुक्त रुप से किया। इस दौरान विभिन्न विभाग के स्टाल लगाये गये। जिसमें लाभुकों ने जरूरत के हिसाब से संबंधित स्टोलों में जाकर अपना आवेदन जमा किया। इस अवसर पर प्रभाकर मिर्धा ने कहा कि आपके पंचायत में सरकार आपके द्वार आपको लाभ देने पहुंची है। सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभुकों को मिलेगा। कहा कि सरकार द्वारा बहुत सारी योजनाएं चलाई जाती है, लेकिन जानकारी के अभाव में योजनाओं का लाभ ग्रामीण नहीं ले पाते हैं। इसलिए वे अधिक से अधिक संख्या में आकर शिविर का लाभ लें। अभियान की पूर्ण सफलता तभी है जब अधिक से अधिक नागरिक इससे लाभान्वित हों। वहीं, श्रीबंशीधर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा, प्रमुख शोभा देवी एवं बीड़ीओ नंदजी राम ने संयुक्त रूप से 12 लोगों के बीच धोती साड़ी वितरण किया। इस शिविर मे 2448 आवेदन प्राप्त हुए एवं 44 का निष्पादित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोजगार सेवक तहमिद अंसारी ने किया। इस मौके पर सीआई इंखताब आलम, बीपीओ आनंद कुमार, एई प्रिंस कुमार, जेई वरुण कुमार परमेंद्र कुमार विश्वकर्मा, चंदन कुमार,रोजगार सेवक दयानंद प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, रामगढ़
New Collectorate Building Ground Floor,
Block-c, Chhatarmandu, Ramgarh. Pin-825101.
Phone No. – 06553-291183 G-Mail = dahoahyram@gmail.com

**आम सूचना**

सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या– 19रा0(वि0) दिनांक– 10.09.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत पशुपालन प्रक्षेत्र की योजना कार्यक्रमों के लिए जिला रामगढ़ के पात्र लाभुक वर्ग का ग्राम सभा द्वारा चयन किया जाना है। लक्ष्य के अनुरुप बकरा विकास योजना, सूकर विकास योजना, बैक्यार्ड लेयर कुक्कुट लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन योजना, ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना एवं बत्तख चूजा वितरण योजना का आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। लक्ष्य के अनुरुप ग्राम सभा की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरणी सहित आवेदन संबंधित प्रखण्डों के प्रखण्ड स्तरीय समिति के माध्यम से जिला पशुपालन पदाधिकारी, रामगढ़ द्वारा आमंत्रित किया जाता है।

| क्रसं | कार्यक्रम /योजना का नाम | योजना लागत | अनुदान प्रतिशत | लक्ष्य | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बकरा विकास योजना (8+2) | 49600/– | 75% अधिकतम 37200/– (OSP) | 1 | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| | | | 75% अधिकतम 37200/– (SCSP) | 1 | अनु0 जा0 के के लाभुकों को |
| | | | 90% अधिकतम 44640/– (OSP) | 4 | अन्य सभी वर्ग के असहाय विधवा औरतों/ दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिसका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) लाभुकों को |
| | | | 90% अधिकतम 44640/– (SCSP) | 2 | अनु0 जा0 के असहाय विधवा औरतों/ दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिसका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) के लाभुकों को |
| 2 | सूकर विकास योजना (4+1) | 57800/– | 75% अधिकतम 43350/– (SCSP) | 1 | अनु0 जा0 वर्ग के लाभुकों को |
| 3 | बैक्यार्ड लेयर (लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन) की योजना (400) | 118200/– | 75% अधिकतम 88650/– (OSP) | 2 | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| 4 | ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना (500) | 67500/– | 90% अधिकतम 60750/–रू0 (OSP) | 3 | अन्य सभी वर्ग के असहाय विधवा औरतों/ दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिसका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) के लाभुकों को |
| 5 | बत्तख चुजा वितरण की योजना (30) | 3400/– | 75% अधिकतम 2550/–रू0 (OSP) | 80 | अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को |
| | | | 75% अधिकतम 2550/–रू0 (SCSP) | 10 | अनु0 जा0 के के लाभुकों को |
| | | | 90% अधिकतम 3060/–रू0 (OSP) | 84 | अन्य सभी वर्ग के असहाय विधवा औरतों/ दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिसका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) लाभुकों को |
| | | | 90% अधिकतम 3060/–रू0 (SCSP) | 14 | अनु0 जा0 के असहाय विधवा औरतों/ दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (जिसका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो) के लाभुकों को |
| | कुल | | | 202 | |

सादे कागज पर आवेदन का प्रारुप संबंधित BAHO/TVO के पास निःशुल्क उपलब्ध है।

**पशुपालन क्षेत्र की योजना के लिए लाभुक चयन हेतु अहर्ता एवं शर्तें :–**

1. पशुपालक झारखण्ड राज्य के रामगढ़ जिला के स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।
2. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा प्राप्त करते हुए **प्रखण्ड स्तरीय समिति** के अनुशंसा के उपरांत चयनित लाभुकों की सूची **जिला स्तरीय समिति** को उपलब्ध कराई जाएगी। तत्पश्चात् जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा अन्तिम रुप से लाभुको का चयन किया जाएगा।
3. लाभुकों के चयन के साथ योजनानुसार आवश्यक पशु शेड हेतु भी अनुशंसा संबंधित ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति द्वारा निश्चित रुप से किया जाएगा।
4. योजनान्तर्गत पशु/पक्षी के निवास के लिए शेड, आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा के तहत की जाएगी।
5. प्रखण्ड स्तरीय समिति में प्रखण्ड प्रमुख (अध्यक्ष), प्रखण्ड विकास पदाधिकारी (उपाध्यक्ष), प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, (संयोजक सदस्य), प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी (सदस्य), स्थानीय विधायक या उनके प्रतिनिधि (सदस्य) संबंधित जिला परिषद सदस्य (सदस्य) होंगे।
6. जिला स्तरीय समिति में उपायुक्त (अध्यक्ष), उप विकास आयुक्त (उपाध्यक्ष), विधायक या उनके प्रतिनिधि (सदस्य), जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा नामित जिला परिषद सदस्य (सदस्य) जिला कल्याण पदाधिकारी/PD.ITDA (सदस्य), जिला पशुपालन पदाधिकारी (संयोजक सदस्य), जिला गव्य पदाधिकारी (सह संयोजक सदस्य), JSLPS के प्रतिनिधि/जिला प्रोग्राम मैनेजर (सदस्य) होंगे।
7. विगत्त पाँच वर्षो में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS) अन्तर्गत परिभाषित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है उन्हे पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
8. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत चयनित प्रत्येक लाभुकों का Escrow Account संबंधित DAHO के द्वारा अनिवार्य रुप से खोला जएगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account में हस्तांतरित की जाएगी। अंतिम रुप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account में (01) एक माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही लाभुकों को पशुओं के क्रय/प्राप्त करने की अहर्ता प्राप्त होगी। पंचायत स्तरीय समिति/ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान संबंधित Escrow Account में जमा करना सुनिश्चित किया जाएगा। पशुधन/पक्षी इत्यादि के आपूर्ति के उपरांत लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि एकमुश्त आपूर्तिकर्ता के बैंक खाता में हस्तांतरित की जाएगी।
9. विगत वर्ष 2024–25 अंतिम रुप से चयनित लाभुक जिनका DBT नहीं हो सका : सूची पर वर्तमान समय में लाभुक की पात्रता एवं योजना लेने इच्छा, वर्ष 2025–26 के लिए विचारणीय होगा।
10. बत्तख चूजा वितरण की योजना से लाभन्वित लाभुकों को भी मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत अन्य योजनाएं (यथा बकरा विकास, सूकर विकास, बैक्यार्ड लेयर/लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन की योजना तथा ब्रायलर कुक्कुट पालन ईकाई की योजना) के लिए योग्य माने जायेंगे। जबकि बकरा विकास, सूकर विकास, बैक्यार्ड लेयर/लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन की योजना तथा ब्रायलर कुक्कुट पालन ईकाई की योजना में से किसी भी योजना का लाभ मिलने पर लाभुक अन्य योजनाओं के लिए योग्य नहीं होंगे।

**नोट :– उपरोक्त योजनाओं में दिनांक– 28.11.2025 तक आवेदन करने एवं अधिक जानकारी हेतु संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी/जिला पशुपालन कार्यालय, रामगढ़ से सम्पर्क किया जा सकता है।**

निवेदक
ह०/–
जिला पशुपालन पदाधिकारी ,रामगढ़

PR 366757 (District)25-26*D

## महत्वपूर्ण खबरें

### वृद्ध दंपति हत्याकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार



खूंटी (आजाद सिपाही)। जिले के मारंगहादा थानांतर्गत लांदुप नीचेटोली गांव निवासी वृद्ध दंपति कानू मुंडा (66 वर्ष) और उनकी पत्नी गौरी देवी (64 वर्ष) की गत 14 नवंबर की रात में उसके घर में ही धारदार हथियार से की गई निर्मम हत्या मामले में पुलिस ने उसी गांव के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर इस ब्लाइंड हत्याकांड की गुत्थी को सुलझा लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में कांडे मुंडा (25 वर्ष) और जयलाल मुंडा (19 वर्ष) शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि मृतका गौरी देवी अक्सर उन लोगों के साथ गाली गलौज करती थी और ताना मारती थी। इसी बात पर गुस्से में आकर उन लोगों ने अपने दो अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर वृद्ध दंपति की हत्या की योजना बनाई और घटना के दिन रात में जब वृद्ध दंपति अपने घर में सो रहे थे तो घर में घुसकर उन्होंने इस निर्मम हत्याकांड को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार एक टांगी और एक तोनो को बरामद कर लिया है। वहीं हत्याकांड में शामिल अन्य दो आरोपित फिलहाल फरार हैं जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी जारी है। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक ने शुक्रवार अपराह्न अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। बताया गया कि हत्याकांड को अंजाम देने के बाद गिरफ्तार दोनों आरोपित गांव में ही रह रहे थे ताकि किसी को उन पर कोई संदेह न हो। तकनीकी अनुसंधान एवं गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जब उक्त आरोपितों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की तो मामले का खुलासा हो गया। मामले के उद्भेदन के लिए खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक के नेतृत्व में गठित छापामार टीम में मारंगहादा अंचल के पुलिस निरीक्षक फ्रांसिस जेवियर बाड़ा, मारंगहादा थाना प्रभारी शंकर कुमार विश्वकर्मा, मारंगहादा थाना के एसआई संतोष रजक, एसआई मनोज कुमार यादव, एएसआई कृष्णकांत मेहता, एएसआई विमल तिग्गा समेत तकनीकी शाखा के कर्मी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### स्वतंत्रता सेनानी के पोते की डूबने से हुई मौत अर्जुन मुंडा सहित कई लोगों ने जतायी संवेदना



खूंटी (आजाद सिपाही)। जिले के स्वतंत्रता सेनानी स्व सिंगराज सिंह मानकी के पोते एवं खूंटी जिला मानकी संघ के अध्यक्ष और समाजसेवी गोवर्धन सिंह मानकी के पुत्र शालिग्राम महादेव मानकी के दीघा के समुद्र में डूबने से हुए गुरुवार को असमय निधन हो गया। वह खूंटी जिले के जोजोहातु के रहने वाले थे। घटना की जानजारी मिलने पर परिवार के सदस्य गुरुवार की रात को ही दीघा के लिए रवाना हो गए। शालिग्राम सिंह मानकी के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, प्रियांक भगत, भाजपा के जिला महामंत्री संजय साहू सहित कई लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### आज बचरा उत्तरी-दक्षिणी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत एवं बचरा उत्तरी पंचायत सचिवालय में आज आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह और बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने बताया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मईंयां सम्मान योजना, एसआईआर वोटर आईडी कार्ड,जातीय, आवासीय,आय,राशन कार्ड,आयुष्मान कार्ड, पेंशन, राजस्व, कृषि, मेडिकल,सावित्री बाई फुले, मातृ वंदना सहित सभी योजनाओं का नया आवेदन एवं शुद्धिकरण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजनाओं के लिए आवेदन जमा करने वाले लाभुको को संबंधित दस्तावेज जमा करना अनिवार्य है।

### सितू पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सितु पंचायत सचिवालय परिसर में शुक्रवार को आपकी सरकार, आपकी द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ईचागढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा, अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद, मुखिया लक्ष्मी देवी, पंचायत समिति सदस्य अरुण कुमार महतो, उपमुखिया हाराधन महतो,पंचायत सचिव अशोक कुमार मंडल ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कुल 21 विभागों के स्टॉल बनाए गए थे,सभी स्टॉलों का अधिकारियों ने बारी बारी से निरीक्षण किया और ग्रामीणों के समस्याओं से रूबुरु हुए। वहीं कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा परिसम्पत्ति का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में कुल 730 आवेदन जमा हुए थे,जिसमें 262 आवेदन तत्काल निष्पादन किया गया।

### थाना प्रभारी धनजंय बैठा को किया सम्मानित



मैक्लुस्कीगंज। मैक्लुस्कीगंज केंद्रीय सरना समिति एव युवा संघर्ष मोर्चा के द्वारा थाना प्रभारी को सम्मानित किया गया। सरना समिति के शशि मुंडा के नेतृत्व में युवाओं ने थाना प्रभारी धनजंय बैठा को बुके देकर एव शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।रांची में ग्रामीण एसपी के द्वारा अपराध के विरुद्ध कारवाई में अहम योगदान के लिए मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी को सम्मानित किया गया है जो मैक्लुस्कीगंज के लिए भी हर्ष की बात है।समिति ने थाना प्रभारी को बधाई दी। इस मौके पर श्रवण भोगता, मुकेश भुइयां, महादेव राणा, योगेश मुंडा, राजेश मुंडा, राहुल मुंडा, रोशन लोहरा, मंटू गोप, विजय मुंडा आदि उपस्थित थे।

### लोहरा आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण बैठक, नयी प्रखंड कमेटी का गठन



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी प्रखंड के बुकबुका पंचायत स्थित साई नगर में लोहरा आदिवासी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता ठूमा तिर्की और संचालन उमेश लोहारा ने किया। बैठक में प्रखंड में लोहरा आदिवासी जाति प्रमाण पत्र निर्गत न होने की समस्या पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। इसी क्रम में नयी खलारी प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष किरण देवी, सचिव राहुल लोहारा, कोषाध्यक्ष छबिस लोहारा, उपाध्यक्ष धर्म लोहारा, सह सचिव जसोदा देवी, सह कोषाध्यक्ष अनीता देवी, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप लोहारा, महासचिव उमेश लोहारा, मीडिया प्रभारी सूरज लोहारा तथा संरक्षक में मनभावन लोहारा, बबलु लोहारा, रेणु देवी, यशोदा देवी, सुशीला देवी, लीला देवी, शिवानी देवी, अनीता देवी, अजय लोहारा, संतोष लोहारा और विवेक लोहारा शामिल हैं। बैठक में मुख्य रूप से रामलखन लोहारा, कुलेश्वर लोहारा, रतन लोहारा, राजेश लोहरा, जगनंदन धर्म लोहारा, सुरेश लोहारा, गुरुचरण लोहारा, शिबू लोहारा, गोदी लोहारा, पंकज लोहारा, महादेश लोहारा, बबलू कुमार लोहारा, दुर्गावती देवी, पिंकी देवी, शांति देवी, सरस्वती देवी, सागु देवी, मंगरी देवी, लिखाया देवी, सीमा देवी, सुनीता देवी, गीत देवी, सुमन देवी और दशरथ लोहारा उपस्थित थे।

## कल्याण गुरुकुल, चंद्रपुर में प्रमाण पत्र वितरण समारोह

# सफलता का शॉर्टकट नहीं, कठिन परिश्रम ही मूलमंत्र : सुदीप गुड़िया

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जीवन में सफल होने के लिए कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं है, इसका सिर्फ एकमात्र उपाय है निरंतर लगन के साथ मेहनत करना। कठिन मेहनत करना ही इसकी सफलता की कुंजी है । विधायक शुक्रवार को कल्याण गुरुकुल चंद्रपुर तोरपा में आयोजित प्रमाण पत्र वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।वी विधायक ने कहा कि आज आप प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र लेकर जा रहे हैं। यह आपके जीवन की सफलता की पहली सीढ़ी है। उसके पूर्व विधायक सुदीप गुड़िया, विशिष्ट अतिथि झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आप अपने गांव के लिए रॉल मॉडल बनायें और सिर्फ अपना विकास नहीं, बल्कि सभी को साथ लेकर चलें। उन्होंने कहा कि यदि आपके पास हुनर है, तो कहीं धक्का खाने की जरूरत नहीं है। जीवन के हर क्षेत्र में हुनर की जरूरत है, चाहे खेती हो, नौकरी हो या व्यवसाय। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं, महिलाओं और गांव वालों के विकास के लिए कई योजनाएं चला रही है। आप इसका लाभ उठाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। सुदीप गुड़िया ने छात्रों का आह्वान किया कि वे हमेशा अपने गुरुजनों का सम्मान करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि जुबैर अहमद ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि कल्याण गुरुकुल जैसी संस्था हमारे क्षेत्र में का कर रही है। इसके माध्यम से युवाओं की विदेशों में रोजगार से अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ लें और अपना जीवन स्तर में सुधार लाएं।

मौके पर विधायक सुदीप गुडिया ने कल्याण विभाग, झारखंड सरकार की विशेष प्रयोजन वाहिनी के रूप में कार्य कर रही प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल के छात्रों के बीच नियुक्ति पत्र वितरित किया। कल्याण गुरुकुल खूंटी से 90 दिनों के प्रशिक्षण के उपरांत 78 युवको को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। प्रशिक्षित सभी 78 छात्रो को दुबई स्थित शोभा कंस्ट्रक्शन कंपनी में नौकरी मिली है। उन्हें को प्रतिमाह न्यूनतम 30,000 से 40,000 रुपये वेतन के साथ आवासीय सुविधा और भोजन भत्ता भी दिया जाएगा। बताया गया कि शोभा कंस्ट्रक्शन भारत की एक प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी है, जो उच्च गुणवत्ता वाले आवासीय और वाणिज्यिक प्रोजेक्ट्स, बैकवर्ड इंटीग्रेशन मॉडल, समय पर डिलीवरी और उत्कृष्ट इंजीनियरिंग के लिए जानी जाती है। बताया गया कि झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की एस.पी.वी प्रेझा फाउंडेशन द्वारा झारखंड राज्य के छात्र छात्राओं को कौशल विकास के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने की लगातार पहल की जा रही है। इस परियोजना के तहत प्रेझा फाउंडेशन के माध्यम से राज्य के दूरदराज के युवा वर्ग को कल्याण गुरुकुल और कौशल कॉलेज के माध्यम से हर साल लगभग 10,000 से अधिक युवक युवतियोंको प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। प्रेझा फाउंडेशन द्वारा झारखंड में कुल 28 कल्याण गुरुकुल, 8 नर्सिंग कौशल कॉलेज एवं 1 आईटीआई कौशल कॉलेज का संचालन किया जा रहा है।

मौके पर कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य एमके शर्मा, तोरपा के एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा, प्राचार्य तेज लिंडा, अवधेश पांडे, जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, जिप सदस्य सुशांति कोनगाड़ी, प्रमुख रोहित सुरीन, उप प्रमुख संतोष कुमार कर, प्रेक्षा फाउंडेशन के सीईओ चितरंजन, अय्यर, शांतिबाला केरकेट्टा, तरुण शुक्ला मौजूद थे।

**तबीयत खराब होने के कारण नहीं पहुंचे मंत्री चमरा लिंडा :** प्रमाण पत्र वितरण समारोह में राज्य के आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा को मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेना था, पर अचानक तबीयत खराब होने के कारण वे शामिल नहीं हो सके।

### 25 को शहीद कृष्णा महतो का शहादत दिवस मनाने का लिया निर्णय

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र बिलारी मंदिर के प्रांगण में शहीद कृष्णा महतो स्मारक समिति की एक अवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता नागेश्वर महतो एंव संचालन बसन्त नारायण महतो ने किया। बैठक में 25 नवम्बर को शहीद कृष्णा महतो का शहादत दिवस मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में शहादत दिवस की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कल्याणपुर स्थित बाजारटांड़ के शहादत स्थल एवं बचरा चार नंबर चौक स्थित शहीद कृष्णा महतो की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में विजय महतो, घमन महतो, गब्बर महतो, टिकेश्वर महतो, श्रवण महतो, अमर महतो,जितेंद्र राम, अनिल ठाकुर, बिजली महतो, मुरारी सिंह मौजूद थे।

### सेवा का अधिकार सप्ताह शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** राज्य सरकार के निदेर्शानुसार जिले में 21 से 28 नवंबर तक चलने वाले ह्लसेवा का अधिकार सप्ताहह्व का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। तोरपा प्रखंड की बारकुली पंचायत में लगाए गए शिविर का निरीक्षण उपायुक्त आर. रॉनिटा ने स्वयं किया। उपायुक्त ने आम नागरिकों से संवाद कर उन्हें योजनाओं, प्रमाणपत्र निर्माण प्रक्रिया और समयबद्ध सेवा उपलब्धता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में उपायुक्त द्वारा ऑन-द-स्पॉट कई लाभुकों को योजनाओं के लाभ प्रदान किये गये। उपायुक्त ने स्वास्थ्य, शिक्षा, पेंशन, आपूर्ति, कृषि, पशुपालन, मनरेगा तथा प्रमाण पत्र निर्माण जैसे विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर सेवा वितरण की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता परमेश्वर मुंडा, पंचायत की मुखिया प्रतिमा तिरु, प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा, अंचल अधिकारी पूजा बिन्हा सहित जिला एवं प्रखंड स्तर के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिले के अन्य प्रखंडों–मुरहू, खूँटी, अड़की, कर्रा और रनियां–में शिविरों का वरीय अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

मुरहू में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, खूंटी में जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह तथा अड़की में जिला खनन पदाधिकारी राम नरेश सिंह ने शिविर गतिविधियों की समीक्षा की। अधिकारियों ने शिविर प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और सेवा वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

### 24 को मैक्लुस्कीगंज-पिपरवार रेल लाइन को बाधित करेंगे

**मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैक्लुस्कीगंज - पिपरवार रेल लाइन राजधर साइडिंग फेज-वन के रैयतों की नौकरी से संबंधित मांगों को लेकर शुक्रवार को पिपरवार एरिया प्रबंधन और रैयत विस्थापित मोर्चा के प्रतिनिधियों के बीच बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों ने रेल लाइन फेज-वन के रैयतों को नौकरी देने के संबंध में प्रबंधन से स्पष्टीकरण और ठोस कार्रवाई की मांग की। पिपरवार एरिया के महाप्रबंधक संजीव कुमार ने बताया कि दो रैयत की फाइल रांची भेजी गयी है, जो एक-दो दिनों में वापस आने की उम्मीद है। महाप्रबंधक ने ग्रामीणों से कुछ समय देने की अपील की। ग्रामीणों ने कहा कि अब केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा। जब तक ठोस पहल और नौकरी सुनिश्चित नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने घोषणा की कि 24 नवंबर को हर हाल में रेल लाइन बंदी की जायेगी।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# राज्य और केंद्र सरकार से मिलनी वाली योजनाओं का लाभ लाभुकों को पारदर्शी तरीके से मिले: अमित महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**सोनाहातू।** प्रखंड बारेंदा पंचायत सचिवालय परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना,आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दीया गया।वहीं उनसे उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन भी लिया गया। वही कई आवेदनो पर ओन द स्पॉट निपटारा भी किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिल्ली विधायक अमित महतो उपस्थित थे। इस दौरान विधायक ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वारह्व कार्यक्रम में शामिल होकर एक-एक ग्रामीण की बात सुने,उनकी समस्याओं को समझने और मौके पर समाधान करने का अवसर मिला।सरकार का लक्ष्य स्पष्ट है कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए अब लोगों को कार्यालय तक नहीं जाना पड़ेगा,सरकार खुद उनके गांव उनके द्वार तक पहुँच रही है। आज कई परिवारों को तत्काल योजनाओं का लाभ मिला। कोई लंबित मामलों का निराकरण वहीं पर किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों को अपनी जवाबदेही तय करने तथा राज्य एवं केंद्र सरकार से मिलनी वाली योजनाओं का लाभ लाभुकों को पारदर्शी तरीके से मिले,यह सुनिश्चित करने को कहा।जनता की समझदारी ओर कर्मचारी के ईमानदारी से ही इस कार्यक्रम को सफल किया जा सकता है। वरीय प्रभारी पदाधिकारी एलआरडीसी छवि बाला बारला ने संबोधित करते हुए आम लोगों को सरकार के योजनाओं का लाभ लेने का अपील किया। शिविर में लाभुकों के बीच सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से मनरेगा जॉब कार्ड, लाभुकों के बीच धोती साड़ी, लाभुकों के बीच कंबल वितरण, लाभुकों के बीच मनरेगा स्वीकृति पत्र का वितरण किया।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाया गया, जिसमें शिक्षा विभाग, ई श्रम पोर्टल, सीएसपी विभाग, मनरेगा विभाग, 15वें वित्त विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण, कोविड टीकाकरण, आपूर्ति विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग,अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राजस्व विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, बिजली विभाग, बाल विकास परियोजना, पेंशन योजना, सोना सोबरन धोती, साड़ी, लूंगी योजना आदि स्टाल लगाये गये। मौके पर प्रभारी वरीय पदाधिकारी एलआरडीसी बुंडू छवि बाला बारला,उप प्रमुख सविता देवी, प्रभारी बीडीओ सह सीओ मनोज महथा,बीपीओ बबिता गोस्वामी, सांसद प्रतिनिधि पदलचन महतो, मुखिया सुभद्रा देवी, पंचायत सचिव अंनत हजाम, दीनबंधु महतो उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### राहे पंचायत में 208 आवेदन में 112 आवेदन का किया गया समाधान



राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड प्रखंड प्रशासन के द्वारा आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राहे पंचायत में विभिन्न विभागों के 208 आवेदन आये, जिसमें 112 आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए समाधान किया गया। अधिकारियों ने प्रखंड में संचलित योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने के उपाय को बताये गये। कार्यक्रम में बीडीओ अशोक कुमार ने कहा कि घर पंहुच कर समस्या को समाधान किया जा रहा है लोग कार्यक्रम का लाभ ले। विधायक अमित महतो ने कहा कि कार्यक्रम सरकार की योजनाओं को अंतिम पायदान तक पहुँचाने की है। लोग अधिक से अधिक कार्यक्रम से लाभ लें ।इस दौरान वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मनरेगा स्वीकृति प्रमाण पत्र , प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृति प्रमाण पत्र तथा कंबल वितरण किया गया ।मौके पर जिप सदस्य बादल महतो, उप प्रमुख उमेश महतो, सांसद प्रतिनिधि मेघनाथ महतो, विधायक प्रतिनिधि रोहिताश चौधरी, मुखिया कृष्णा पातर, पंचायत समिति सदस्य प्रकाश कुमार, विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### कोचों गांव में कुष्ठ रोग संदिग्ध मरीजों की जांच स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया निरीक्षण

सिल्ली मुरी (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 नवंबर से 26 नवंबर तक चल रहे कुष्ठ रोगी खोज अभियान के क्रम में कोचों गांव में विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिल्ली के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कोचों में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संदिग्ध मरीजों की जांच की। इस दौरान जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ सीमा गुप्ता, डॉ. दीप शिखा, प्रखण्ड कुष्ठ नोडल पदाधिकारी डॉ विवेक कुमार, चिकित्सा कर्मी राजेश कुमार, सहिया बहनें एवं ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा। टीम ने गांव में भ्रमण कर रोग के लक्षणों की जानकारी दी तथा जांच और उपचार के प्रति जागरूक किया।

### झारखंड प्रदेश यूथ इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष बने विनीत सिंह



तमाड़ (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश यूथ इंटक की प्रदेश कमेटी का विस्तार किया गया है। इसी क्रम में विनीत कुमार सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह घोषणा यूथ इंटक के प्रदेश अध्यक्ष सत्यम सिंह द्वारा की गई। नयी जिम्मेदारी मिलने पर विनीत कुमार सिंह ने सत्यम सिंह का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। मजदूरों के हितों की रक्षा और युवाओं को जोड़ने के लिए लगातार काम करने की बात भी उन्होंने कही। विनीत ने अपील की कि जो भी युवा मजदूर हित में कार्य करना चाहते हैं, उन्हें संगठन में सम्मानपूर्वक शामिल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मिलकर संगठन को मजबूत बनाया जाएगा और मजदूरों के हक की आवाज बुलंद की जायेगी।

### विधिक जागरूता शिविर का आयोजन

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय टिकर के प्रांगण में शुक्रवार को विधिक जागरूता शिविर में अधिकार मित्र कार्तिक गोप के द्वारा छात्राओं को निमोनिया बीमारी के बारे में बताया गया। वही अधिकार मित्र कार्तिक गोप ने बताया कि निमोनिया एक गंभीर फेफड़े का संक्रमण है जिससे हर उम्र के लोग प्रभावित होते है, हालांकि छोटे बच्चे बुजुर्ग लोग और कमजोर प्रतिराच्छा प्रणाली व्यक्ति इस रोग के जोखिम के दायरे में आते है, साथ ही छात्राओं को साइबर क्राइम नालसा टोल फ्री नो 15100,बाल विवाह,बाल श्रम एवं पालन पोषण योजना की जानकारी दी गई। इस अवसर पर शिक्षिका मोसोमी महतो एवं छात्राएं उपस्थित थे।

### बुंडू में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

बुंडू (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत बुंडू अंतर्गत नगर पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व में 21 नवंबर से 15 दिसंबर तक रखी गयी थी, लेकिन उपायुक्त के निदेर्शानुसार कार्यक्रम को 21 नवंबर से 28 नवंबर तक किया गया है। नगर पंचायत में कुल 135 आवेदन आये, जिसमें से अधिकतर साफ-सफाई से दिया गया है।

### सारगेया पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



अड़की (आजाद सिपाही)। अड़की प्रखंड के सारगेया पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का सफल आयोजन अड़की - अड़की प्रखंड के सारगेया पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वारइ कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यों का निष्पादन एवं आय, जाती, आवासीय, मईया सम्मान, हरा राशन कार्ड, अबुवा आवास, राशन कार्ड में नाम जोड़ना, पशु धन योजना जैसे जनकल्याणकारी आवेदन लिया गया। साथ ही स्वास्थ कैंप के माध्यम से ब्लड प्रेशर जांच, डायबटिज, मलेरिया, टाइफड, नि:शुल्क दवा का वितरण, पशुओं की स्वास्थ जांच एवं दवा का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रवक्ता सह विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल और बुद्धिजीवी मंच के जिला उपाध्यक्ष महावीर सिंह मुंडा, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मुंडा, बीडीओ गणेश महतो, सारगेया मुखियाइनि के द्वारा सामूहिक रूप किया गया। साथ ही राम नरेश सिंह, निर्मल सिंह बानरा, संजय सिंह मुंडा, जयप्रकाश सिंह मानकी, डॉ ब्रजेश कुमार, जगदीश मुंडा, मानकी मुंडा, संजय पातर, जांबी कुमारी, अमित मुंडा, राहुल मुंडा, चामू मुंडा उपस्थित रहे। प्रवक्ता सह विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल ने कहा कि कार्यक्रम के तहत सरकार और प्रशासनिक अधिकारी जमीनी स्तर पर पंचायत पंचायत जाकर जनताओं के समस्याओं का समाधान करने में लगे हुए है।

### हलमाद पंचायत सचिवालय में योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



सिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हलमाद पंचायत सचिवालय परिसर में शुक्रवार को योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक अमित कुमार महतो, जिला के वरीय प्रभारी पदाधिकारी अपर समाहर्ता राम नारायण सिंह, बीडीओ अनिल कुमार, सीओ अरुणिमा एक्का, मुखिया माया देवी समेत पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि सरकारी योजना का लाभ सीधे जनता को मिले, इसके लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस मौके पर पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान अबुआ आवास,मनरेगा, खाद्य आपूर्ति, उद्योग, राजस्व, पेंशन, कृषि ऋण, स्वास्थ विभाग समेत कई विभागों के स्टाल लगाये गये थे। शिविर में ग्रामीणों द्वारा विभिन्न स्टॉलों में सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में कुल 488 आवेदन प्राप्त हुए। राजस्व विभाग मे भी भूमि प्रतिवेदन व ऑनलाइन के लिये कई आवेदन प्राप्त हुए।

## मांडर और बेड़ो में मशरूम उत्पादन-मधुमक्खी पालन का दिया गया प्रशिक्षण, कृषि मंत्री ने बांटी मधुमक्खी किट

# मांडर की महिलाएं भी मशरूम की खेती कर लाखों कमा सकती हैं: शिल्पी तिर्की

**कहा- परिवार की हर महिला को स्वावलंबन बनाना विभाग का है लक्ष्य**

आजाद सिपाही संवाददाता





प्रशिक्षण प्राप्त लाभुकों को मधुमक्खी किट देतीं कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की। प्रशिक्षित महिला को मशरूम किट का वितरण करती मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की।

**मांडर/बेड़ो/रांची।** रांची जिला उद्यान कार्यालय में शुक्रवार को मांडर एवं बेड़ो प्रखंड के सभागार में उद्यानिकी प्रशिक्षण, कार्यशाला सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुई। उनके आगमन पर किसानों एवं अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पांच दिनों तक सुदूर ग्रामीण इलाकों की महिलाओं को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण के साथ ही ग्रामीणों को मधुमक्खी पालन का भी प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद उद्यान विकास योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त 200 महिला लाभुकों को 30-40 बैग क्षमता वाले उन्नत मशरूम किट दिये गये। साथ ही 40 मधुमक्खी पालक किसानों को 20-20 मधुमक्खी बॉक्स एवं मधुमक्खी छाता का वितरण किया गया। इसके अलावा उद्यानिकी क्षेत्र में संरक्षित खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुल 36 लाभुकों के बीच अवसंरचना आधारित इकाइयों का आवंटन किया गया जिनमे पॉलीहाउस, किट-रहित सब्जी उत्पादन इकाई, बिछड़ा (नर्सरी) उत्पादन इकाई, संरक्षित फूल उत्पादन के लिए शेडनेट हाउस शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि इन इकाइयों से लाभुक आधुनिक तकनीक अपनाकर अपनी उत्पादकता एवं आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकेंगे। इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अपने गांव, जमीन और अपने परिवार के बीच रोजगार उपलब्ध हो, तो पलायन करने की जरूरत नहीं होगी। मशरूम उत्पादन या मधुमक्खी पालन इसी सोच का हिस्सा है। आज मशरूम उत्पादन में हजारीबाग की महिलाओं की चर्चा हर तरफ हो रही है। आने वाले समय में मांडर विधानसभा क्षेत्र की महिलाएं भी मशरूम का उत्पादन कर लाखों रुपए कमा सकती है। बिसाहा खटंगा पंचायत की पहचान आने वाले समय में मशरूम उत्पादन के लिए हो सकती है, लेकिन इसके लिए महिलाओं को अपनी इच्छा शक्ति दिखानी होगी। कृषि मंत्री ने कहा कि पहले योजनाओं को राज्य भर में बांट दिया जाता था, लेकिन अब कलस्टर बना कर योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। झारखंड के जंगल-पहाड़ और प्राकृतिक खूबसूरती मधुमक्खी पालन के लिए अनुकूल है। इस लिए विभाग मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने में जुटी है। उन्होंने अधिकारियों को मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाली महिलाओं को एक्सपोजर ट्रेनिंग दिलाने की बात कही। साथ ही महिलाओं से अपील की कि कड़ी मेहनत और इच्छा शक्ति के दम पर वो अपना सुनहरा भविष्य गढ़ सकती है। यह संभव है कि सफल होने की राह में कभी गिरना, तो कभी उठना होगा, लेकिन अंत में जीत उसी की होगी जो बगैर थके, बिना अपने लक्ष्य की तरफ बढ़ता रहेगा। कार्यक्रम में संयुक्त कृषि निदेशक शशि भूषण अग्रवाल, बीडीओ चंचला कुमारी, जिला उद्यान पदाधिकारी महेश राम, रमाशंकर, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव, जमील मल्लिक, रविन्द्र नाथ, मुखिया स्नेहा एक्का, बेरनादत्ता, मुखिया वीरेंद्र भगत, आशा रानी पन्ना, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, नवल किशोर सिंह, शंभू, पंचू मिंज, जगन्नाथ लोहारा, पवन कुमार और सोमरा लोहरा उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार शिविर में मिले मंईयां सम्मान के 516 और अबुआ आवास योजना के 282 फॉर्म

**रातू (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड के हुरहुरी, तारूप और बनापीडी पंचायत में शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सरकार की प्रमुख योजनाएं अबुआ आवास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना एवं अन्य योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। पंचायत सचिवालय में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों की ओर से तीनों पंचायतों में कुल 1078 आवेदन दिये गये। जिसमं मइयां सम्मान योजना के लिए 516 और अबुआ आवास के लिए 282 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा वृद्धा पेंशन के लिए 170, सर्वजन पेंशन के लिए तीन, पशुधन के लिए आठ, झारखंड आंदोलनकारी के लिए एक, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए सात, सिंचाई कूप के लिए दो, जॉब कार्ड के 11, किसान क्रेडिड कार्ड के लिए तीन, अबुआ सामाजिक सुरक्षा योजना के लिए आठ, सुवर पालन एक आवेदन मिले। इस दौरान 42 लोगों को स्वास्थ्य लाभ भी दिया गया। हालांकि इस दौरान राशन कार्ड, भूमि सुधार के लिए एक भी आवेदन नहीं मिला। इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, सीओ सह बीडीओ रवि कुमार, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी के अलावा पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव आदि मौजूद थे।

## लापुंग के हुलसू पंचायत सचिवालय में हुआ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत हुलसु पंचायत में शुक्रवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 'सेवा का अधिकार सप्ताह' का शुभारंभ हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन बीडीओ उषा मिंज एवं सीओ पंकज कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद प्रखंड एवं अंचल के सभी विभाग के पदाधिकारियों ने अपने विभाग में चल रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही इस कार्यक्रम के उद्देश्य पर चर्चा की। उसके बाद विभागवार लगे स्टाल में आए ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दिया। जिसका त्वरित समाधान के लिए पोर्टल में एंट्री किया गया। इसके बाद लाभुको के बीच विभिन्न परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद इम्तियाज, प्रखंड एमएम पदाधिकारी मो आरिफ, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी विनय कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी महेंद्र साहू, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज स्वशासी परिषद के एनिमा बरला, निषात अहमद, पीएम आवास के कोऑर्डिनेटर ऋषि नंदन, सूरज कुमार, सुजीत कुमार, मुखिया मनोज मन बहाल होरो, पंचायत सचिव कुंदन प्रसाद, पंसस सुनीता, रोजगार सेवक गंदुरा उरांव, बीएफटी तेंबा उरांव, सत्य सिंह, गोपाल उरांव, सौरभ जयसवाल आदि उपस्थित थे।

## नगड़ी में शिविर लगाकर लिये गये आवेदन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के नारों पंचायत भवन में शुक्रवार को सेवा अधिकार अधिनियम 2011 के तहत ग्रामीणों को सेवा देने के उद्देश्य से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीओ उत्कर्ष कुमार, जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, बीडीओ नगड़ी दीपाली भगत, सीओ राजेश कुमार, उप प्रमुख अफसाना परवीन आदि मौजूद थे। इस दौरान अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सीधे सुनकर निराकरण के लिए आवेदन लिया। साथ ही सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दिन नारे पंचायत में सैकड़ों लोग पहुंचे और शिविर में विभिन्न योजनाओं के प्रति आवेदन दिया। इसमें मंईयां सम्मान योजना के 150, अबुआ आवास के 45, आय प्रमाण पत्र के 35, वृद्धा पेंशन के 25 , जन्म प्रमाण पत्र पांच, मृत्यु प्रमाण पत्र के तीन एवं 42 अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन शामिल थे। इस जौरान एसडीओ की ओर से 10 गरीब असहाय लोगों को कंबल और पांच लोगों को जाब कार्ड दिया।

## हर व्यक्ति की आवश्यकताओं तक पहुंचना सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का है उद्देश्य : संजय भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को बेड़ो प्रखंड के खुखरा पंचायत से हुआ। इस दौरान पंचायत भवन प्रांगण में प्रखंड एवं अंचल से संबंधित सभी विभागों के स्टाल लगाए गए। जहां ग्रामीणों ने अपनी आवश्यकता के अनुसार अपना आवेदन समर्पित किया। मौके पर वरीय प्रभारी के रूप में आईटीडीए के निदेशक संजय कुमार भगत मौजूद थे। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार हेमंत सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। जिसका उद्देश्य हर व्यक्ति की आवश्यकताओं तक पहुंचना है। सरकार की ओर से संचालित विभिन्न विभागों के तहत योजनाओं का लाभ हर ग्रामीण तक पहुंचाना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। बीडीओ राहुल उरांव ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। जबकि सीओ राज कुंवर सिंह ने शिविर के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र ने भी अपनी बातें रखीं। इधर, मनरेगा के तहत प्राप्त आवेदन पर विचार करते हुए इच्छुक मजदूरों के बीच जॉब कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही आम बागवानी एवं दीदी बाड़ी सहित अन्य योजनाओं के लाभुकों के बीच योजना स्वीकृत का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, डॉ राकेश रंजन, कुमार रितेश, पंचायत समिति सदस्य ऊषा तिर्की, परमानंद कुमार, करमू कंदीर, महादेव लकड़ा, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनीय अभियंता अभय आशीष कोया, सुरेश लिंडा, ज्ञानदर सिंह, मुन्नी देवी, मीना कुमारी, बिरसा उरांव, जनार्दन कुमार दास, वीरसमुनी, उदय मिंज, सुधा कल्याणी और संतोषी डुंग डुंग आदि मौजूद थे।

## बेड़ो के डीएवी स्कूल ने संत जेवियर स्कूल डोरंडा को छह विकेट से हराया

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल रांची जिला लीग में चल रहे मैच में पहली जीत दर्ज करते हुए ग्रुप तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए संत जेवियर डोरंडा की टीम 29.5 ओवरों में 181 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। डीएवी स्कूल के लिए बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए अंशु पाठक ने 7 ओवर में 39 रन देकर 4 विकेट झटके। वहीं, डीएवी स्कूल ने 181 के स्कोर को मात्र 20.1 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

## मांडर-चान्हो में सरकार आपके द्वार अभियान की शुरुआत

# सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार का उद्देश्य: आदिल अजीम

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडर/चान्हो।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत शुक्रवार से मांडर और चान्हो प्रखंड में विशेष शिविरों की शुरूआत की गई। प्रथम दिन मांडर प्रखंड के बंझिला एवं कैम्बो पंचायत, जबकि चान्हो प्रखंड के पंडरी पंचायत में आयोजित शिविरों में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। मांडर के कैम्बो पंचायत में सर्वाधिक 913 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मंइयां योजना के 347, प्रधानमंत्री एवं अबुआ आवास के 212 आवेदन शामिल थे। वहीं बंझिला पंचायत में कुल 775 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें अबुआ आवास योजना के 125, मंइयां सम्मान योजना के 199 और मनरेगा जॉब कार्ड के 62 आवेदन थे। वहीं, चान्हो प्रखंड के पंडरी पंचायत स्थित शिविर में कुल 535 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में बीडीओ सह सीओ चंचला कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी गौरव मिश्रा, सहायक अभियंता राम अवतार, कनीय अभियंता आशुतोष कुमार श्रीवास्तव आदि प्रखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को अबुआ आवास, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन, अबुआ वीर अबुआ दिशोम सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। साथ ही आवासीय, आय, जाति, जन्म सहित विभिन्न प्रमाण-पत्रों का निकाला गया। ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिविरों के माध्यम से योजनाओं का लाभ अब सीधे लोगों तक पहुंच रहा है। वहीं, अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में मांडर और चान्हो प्रखंड के अन्य पंचायतों में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं से लाभ उठा सकें।

## जशपुरिया बीएड कॉलेज के डी इआइ इएड 2023 2025 बैच का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा







**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बीसा के जशपुरिया बीएड कॉलेज के बीआइ बीएड डीइआइ इएड बैच 2023-25 ने फाइनल परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। सभी प्रशिक्षुओं के डिस्टिंक्शन के साथ उत्तीर्ण होने पर कॉलेज में उत्साह का माहौल है। यह उपलब्धि कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रशिक्षुओं की कड़ी मेहनत का परिणाम मानी जा रही है। प्राचार्य डॉ अनिल कुमार मिश्र एवं संकाय सदस्यों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रशिक्षुओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, चेयरमैन जैलेंद्र कुमार ने भी सभी प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। रैंक-वार परिणामों में मनीष केरकेट्टा प्रथम, पुष्पा कुमारी द्वितीय और पवन कच्छप तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयास का प्रतिफल है। संस्थान ने आगामी वर्षों में भी इसी तरह उत्कृष्ट परिणाम देने का संकल्प व्यक्त किया है।

## बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थाओं का है अहम योगदान : राजेश कच्छप

**धूमधाम से मनाया गया स्कूल का वार्षिक समारोह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** गेतलसूद स्थित संत मेरीज स्कूल ने शुक्रवार को अपना वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि रांची धर्मप्रांत के बिशप विसेंट आईंद एवं विशिष्ट अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप शामिल थे। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उधर, बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। छात्र-छात्राओं ने प्रार्थना नृत्य, एकल नृत्य और सामूहिक नृत्य करके दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। वहीं, आधुनिक थीम आधारित ड्रामा, नाटक प्रस्तुत कर समाज को जागरूक किया। इस अवसर पर बिशप विसेंट आईंद ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का महत्वपूर्ण माध्यम होते हैं। उन्होंने विद्यालय के अनुशासन, शिक्षण स्तर और सांस्कृतिक गतिविधियों की सराहना की। वहीं, विधायक राजेश कच्छप ने बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ने और एक सभ्य नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थाओं का अहम योगदान होता है। शिक्षकों द्वारा बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवतापूर्ण शिक्षा देनी चाहिए। हमें लगता है कि इन सब गुणों में यह स्कूल अव्वल दर्जे का है। प्रिंसिपल सिस्टम निर्मला ने कहा कि स्कूल के विद्यार्थियों ने पढ़ाई के साथ ही विभिन्न अंतर-विद्यालय और जिला स्तरीय खेलकूद एवं अन्य प्रतियोगिताओं में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है। इस मौके पर कांग्रेस के जिला महासचिव शिवदास गोस्वामी, झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, सुनिल, अनिल महतो, प्रतिमा, सुमन, वंशी, अमन, सिस्टर प्रमिला, सिस्टर एरिन, अंजला और अमन आदि मौजूद थे।

## कांके क्षेत्र के सभी गांवों में मूलभूत समस्याओं का चरणबद्ध तरीके से होगा समाधान : सुरेश बैठा

आजाद सिपाही संवाददाता



**ठाकुरगांव।** कांके विधायक सुरेश बैठा ने शुक्रवार को क्षेत्र में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इस क्रम में विधायक ने उरुगुट्टू में जगदीश महतो चौक से हाजी मुहल्ला तक पीसीसी सड़क एवं मैनुल अंसारी के घर से उरुगुट्टू उच्च विद्यालय तक पेवर ब्लॉक पथ का शिलान्यास किया। इसके साथ ही काटमकुली में मुख्तार अंसारी के घर से अफजल अंसारी के घर तक पीसीसी सड़क एवं राड़हा गांव में जतरा स्थल में स्टेज और चबूतरा का भी शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में मूलभूत समस्याओं को चरणबद्ध तरीके से हल किया जाएगा। चेहाते हुए कहा कि कार्यों में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई भी की जाएगी। इस अवसर पर फलिंद्र मुंडा, पप्पू अंसारी, मुखिया लाला महली और अफजल अंसारी आदि मौजूद थे।

## तीरंदाजी में राजाडेरा की बेबी कुमारी तीन स्वर्ण पदक जीतकर बनीं नेशनल चैंपियन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के राजाडेरा निवासी मुनेश्वर सिंह घटवार की पुत्री एवं बिरसा मुंडा डे बोर्डिंग तीरंदाजी केंद्र जोन्हा की प्रशिक्षु तीरंदाज बेबी कुमारी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में खेले गए 69वें स्कूल नेशनल गेम्स अंडर 14 इंडियन राउंड बालिका में तीन स्वर्ण पदक हासिल कर झारखंड के साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस शानदार प्रदर्शन को लेकर कोच रोहित कुमार ने बताया कि बेबी ने अपने प्रदर्शन से रैंकिंग राउंड में पहला स्वर्ण पदक जीता। बेबी ने व्यक्तिगत ओलंपिक राउंड में झारखंड की ही तीरंदाज सुनीता टूटी को फाइनल में हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं टीम इवेंट में मणिपुर को फाइनल में पराजित कर तीसरा स्वर्ण पदक भी अपने नाम किया। टीम में बेबी कुमारी, सुनीता टूटी, आलोमणी महतो और रचना टूटी शामिल थी।

## रातू सीएचसी में मरीजों के बीच पोषण आहार किट का वितरण



**रातू (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को टीबी मुक्त अभियान के तहत आरके एड्स रिसर्च केयर सेंटरे की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 47 मरीजों के बीच पोषक आहार किट का वितरण किया गया। साथ ही लोगों को टीबी रोग से बचाव और उपचार के बारे में भी जागरूक किया गया। स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी में ईलाज कराने आये मरीजों को टीबी रोग की जांच एवं निःशुल्क उपचार उपलब्ध की जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कुमार कश्यप, डॉ मधुरिमा, बीपीएम वैशाली कृष्ण, यशवंत कुमार, अमित कुमार, प्रकाश गोप, राजीव रंजन, संजय कुमार, संधीर, प्रवीण, अजीत आदि उपस्थित थे।

## जारी के सीसीकरमटोली में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**जारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सीसीकरमटोली पंचायत क्षेत्र में शुक्रवार को 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इसमें जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, बीडीओ यादव बैठा, जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक और सीसीकरमटोली की मुखिया फुलमैत देवी शामिल हुई। इस दौरान बीडीओ ने उपस्थित लोगों को सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं और उनके लाभ की जानकारी दी। साथ ही अधिक से अधिक ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं, जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल ने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया और प्रखंड कर्मियों से योजनाओं की प्रगति और सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली। इस मौके पर जरडा के मुखिया विनय एक्का, बीपीओ आजाद साहू, अजय कश्मीर, अनिल प्रमाणिक, रंजित टोप्पो, नसीमुल हक, पोल किंडो,विकास कुमार, दिलीप कुमार और विनोद उरांव आदि मौजूद रहे।

## कामडारा में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन, ग्रामीणों ने उठाया लाभ




**कामडारा (आजाद सिपाही)।** डीसी प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर शुक्रवार को कामडारा पंचायत अंतर्गत तुरबूल राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय भवन में 'आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। बसिया के एसडीएम जयवंती देवगम, सीओ सुप्रिया एक्का और कामडारा बीडीओ जोसेफ कंडूलना ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इसमें सभी विभागों का अलग-अलग स्टॉल लगा था, ताकि लाभुक ग्रामीण अपनी समस्याओं का निराकरण के लिये संबंधित विभाग में अपना आवेदन जमा कर सके। इस शिविर में मंईयां सम्मान योजना, पेंशन, अबुआ आवास, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, मुख्यमंत्री सारथी योजना, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, मनरेगा, आयुष्मान कार्ड, बैंक, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन, कल्याण विभाग, बाल विकास परियोजना सहित अन्य चीजों के लिये अलग-अलग स्टॉल बनी है। इस मौके पर कामडारा की मुखिया लभली तिर्की के अलावे प्रखंड सह अंचल के सभी कर्मी और ग्रामीण महिला-पुरुष मौजूद थे।

# हाथियों ने ली अधेड़ की जान

## भरने में 18 जंगली हाथियों के झुंड ने जमा रखा है डेरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भरनो।** प्रखंड क्षेत्र में डेरा जमाये हाथियों के झुंड ने आखिरकार एक अधेड़ व्यक्ति की जान ले ही ली। उसकी पहचान ललकु उरांव (55) के रूप में हुई है। वह मोरगांव का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक प्रखंड के मोरगांव पतरा के पास 18 जंगली हाथियों के झुंड ने डेरा जमाया हुआ है। इसकी खबर पाकर ललकु भी हाथियों को देखने झाड़ी में गया था। तभी एक हाथी ने उसे अचानक सूड में लपेट लिया और उठाकर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। इसके बाद वन विभाग और पुलिस की टीम ने उसे तुरंत भरनो अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर जाहिद अख्तर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, हाथियों द्वारा एक व्यक्ति की जान ले लेने की खबर के बाद से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। वनपाल राकेश मिश्रा ने भरनो अस्पताल पहुंच कर मृतक की पत्नी जमुना उराईन को तत्काल 10 हजार रुपए की नगद राशि सौंपी। बाकि प्रक्रिया के बाद मुआवजा राशि देने का आश्वासन दिया।



अधेड़ व्यक्ति को अस्पताल लेकर जाती पुलिस-लोग।

### हाथियों के नजदीक ना जाने की अपील

हाथियों के झुंड को देखते हुए, वन प्रमंडल पदाधिकारी ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और किसी भी स्थिति में उनके समीप न जाने की अपील की है। वहीं, सूत्रों की मानें तो जिला प्रशासन ने पूरे क्षेत्र में धारा 144 लागू कर दी है। एसपी ने भी पुलिस के जवानों को इलाके में तैनात कर दिया है, ताकि निगरानी रखी जा सके। हालांकि अभी भी ग्रामीणों में खौफ का माहौल बना हुआ है।

## जेएसएलपीएस कर्मियों ने मांगों को लेकर शुरू किया बेमियादी हड़ताल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ के बैनर तले गुमला जिला इकाई के जेएसएलपीएस कर्मियों ने अपनी पांच सूत्री लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू का हौ। जिस कारण ग्रामीण स्तर के सभी विकास कार्य प्रभावित होंगे। उधर, कर्मियों की मांगों में पलाश (जेएसएलपीएस) के सोसाइटी एक्ट को खत्म करते हुए जेएसएलपीएस कर्मियों को राज्य कर्मी का दर्जा देने, एनएमएमयू पॉलिसी यथाशीघ्र लागू करने, प्रखंड स्तर के एल-7 और एल-8 कर्मियों को वरीयता-अनुभव के आधार पर पदोन्नति एवं गृह जिला के नजदीकी प्रखंड में पदस्थापना की नीति प्रावधानिक करने, सरकारी कर्मियों की भांति पलाश (जेएसएलपीएस) कर्मियों को भी 10 फीसदी वार्षिक वेतन वृद्धि शामिल है।

## 2025 में गुमला चेंबर चुनाव होने से नहीं दिख रहे आसार



- चेंबर की 11वीं मासिक बैठक संपन्न, चुनाव प्रक्रिया की तैयारी शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव वर्ष 2025 में होने के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। चेंबर के नए पदाधिकारियों के लिए वर्ष 2026 का इंतजार करना पड़ेगा। बतातें चलें कि चेंबर ऑफ कॉमर्स की 11वीं मासिक बैठक गुरुवार की देर शाम बस स्टैंड रोड स्थित चेंबर कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्ष राजेश सिंह ने की। इसमें सचिव बबलू वर्मा ने पूर्व बैठक की पुष्टि की और पिछले माह की गतिविधियों की जानकारी दी। यह मौजूदा सत्र की अंतिम बैठक थी, जिस कारण आय-व्यय का ब्योरा पेश किया गया, जो सर्वसम्मति से पारित हो गया। निर्णय लिया गया कि 10 दिसंबर को आम सभा आयोजित की जाएगी, जिसके बाद चुनाव की तिथि तय होगी। इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि सदस्ता नवीकरण और चुनाव के विभिन्न प्रक्रियाओं में 20 से 25 दिन लग ही जायेंगे। इस तरह वर्ष 2025 में चुनाव की संभावना कम दिखाई दे रही है। वहीं, बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा और अन्य पदाधिकारियों ने अध्यक्ष राजेश सिंह के कार्यकाल की सराहना की। वरीय उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल ने कहा कि चेंबर उनके योगदान को हमेशा याद रखेगा। जबकि, अध्यक्ष ने बताया कि अगले सप्ताह राज्य कर्मचारी बीमा आयोग के सहयोग से शिविर लगाया जाएगा। अंत में उपाध्यक्ष राजेश लोहानी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# चैनपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, व्यापारियों में हड़कंप

- कई होटल-दुकानों में मिले मियाद खत्म हो चुके सामान, कराया गया नष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** डीसी प्रेरणा दीक्षित के निर्देश के आलोक में गुमला खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चैनपुर बाजार में व्यापक छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान होटलों एवं किराना दुकानों में बेचे जा रहे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और समाप्ति तिथि की गहन जांच की। जांच के दौरान कई दुकानों में एक्सपायरी खाद्य सामग्री पाई गई, जिसे अधिकारियों ने मौके पर ही नष्ट करा दिया। वहीं, कई प्रतिष्ठानों में खाद्य लाइसेंस नहीं मिलने पर जुर्माना भी लगाया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जिन दुकानदारों ने अब तक जुर्माना राशि जमा नहीं की है, वे तुरंत भुगतान करें, अन्यथा विभाग जुर्माना बढ़ाने के साथ ही दुकानों को सील करने की कार्रवाई भी कर सकता है। इससे पहले, छापामारी की शुरूआत बस स्टैंड स्थित राजू होटल, सूरज होटल और रोहित होटल से हुई। इसके बाद अल्बर्ट एक्का चौक के अनुराग होटल, बहादुर होटल और अजय होटल सहित कई अन्य होटलों में भी खाद्य सामग्री, स्वच्छता व्यवस्था और लाइसेंस की जांच की गई। इसी क्रम में चैनपुर बाजार के किराना दुकानों की भी तलाशी ली गई, जहां कई दुकानों में एक्सपायरी सामान मिलने पर तत्काल जुर्माना किया गया। उधर, अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे चैनपुर बाजार के व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। दुकानदार अपने गोदामों और दुकानों में रखे खाद्य उत्पादों की समाप्ति तिथि और गुणवत्ता की खुद जांच कर रहे हैं, ताकि आगे किसी तरह की कार्रवाई का सामना न करना पड़े। इस छापामारी अभियान में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाशचंद्र गुग्गी, प्रियांशु कुमार, सूरज कुमार और चैनपुर थाना के एएसआई निर्मल कुमार शामिल थे। अधिकारियों ने दुकानदारों से साफ कहा कि खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य है। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



## बस स्टैंड से बसों के धीमी गति से परिचालन से लगता है जाम: डीटीओ




**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जयसवाल ने शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बस चालकों पर कड़ी कार्रवाई की। जांच में पाया कि कई चालक शहर के भीतर बस रोक रहे थे, जानबूझकर धीमी गति से वाहन चला रहे थे और रास्ते में यात्रियों को चढ़ा-उतार रहे थे। जबकि प्रशासन पहले ही निर्देश जारी कर चुका है कि शहर में बस रुकने पर प्रतिबंध है और यात्रियों का चढ़ना-उतरना केवल भट्ठी तालाब स्थित निर्धारित स्थल से ही होगा। नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए तीन बस चालकों पर जुर्माना लगाया। इसमें बादन बस सर्विस पर 15 हजार रुपये, चालक संजय गिरी पर पांच हजार रुपये और तेरा सहरा बस चालक राशिद करीम पर 11 हजार रुपये का चालान काटा गया। परिवहन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

## अड्डेबाजी-नशेड़ियों पर चला कानून का डंडा, दर्जनों लोगों को पकड़ने के बाद चेतावनी देकर छोड़ा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर में अब अड्डेबाजी, नशाखोरी और अवैध शराबखोरी करने वालों की खैर नहीं है। एसपी हारिश बिन जमां के सख्त निर्देश के बाद सदर थाना प्रभारी महेंद्र करमाली पूरी तरह एक्शन मोड में है। शुक्रवार की शाम चार बजे शहर के मुख्य मार्गों, गली-मोहल्लों और संवेदनशील ठिकानों पर पुलिस ने दबिश देकर अड्डों पर बैठकर शराब पीने, बेचने और भीड़ लगाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस की इस कार्रवाई से नशेड़ियों और अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान दर्जनों लोगों को पकड़ा गया, जिनमें अड्डाबाजी करने वाले युवक, हड़िया-महुआ शराब सेवन करने वाले और अवैध शराब बेचने वाले शामिल थे। हालांकि सभी को कड़ी चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। इस दौरान मौके पर मिले अवैध हड़िया-महुआ शराब को पुलिस ने नष्ट कर दिया और इनके टेंट-तंबू को उखाड़ फेंके। पुलिस का यह अभियान रांची-गुमला मुख्य मार्ग के भरदा स्कूल के पास, करमडीपा, बीएड कॉलेज के सामने, कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप सरना मैदान, ढोउठा टोली, पुग्गु मैदान, सरना टोली, बड़ाइक मोहल्ला लिप्ट्स बगीचा आदि जगहों पर चला। उधर, शहर के गणमान्य लोगों ने थाना प्रभारी महेंद्र करमाली की कार्रवाई की सराहना की। साथ ही मांग कर रहे कि यह अभियान लगातार चलना चाहिए। वहीं, थाना प्रभारी ने कहा कि अड्डेबाजी और नशे का ठिकाना अपराध की जड़ होता है। इनके खिलाफ अभियान जारी रहेगा। छापामारी टीम में एसआई सुनील, हवलदार नामजद समद, जवान सुदीप और समीर शामिल रहे, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में गश्ती कर स्थिति को नियंत्रित किया।

## सरकार आपके द्वार शिविर में मिले विभिन्न विभाग से जुड़े 443 आवेदन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अति सुदूरवर्ती गुरदरी पंचायत सचिवालय में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। जिसमें बीडीओ सुलेमान मुंडरी के नेतृत्व में सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद बीडीओ और अन्य अतिथियों ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और योजनाओं के क्रियान्वयन की अद्यतन जानकारी ली। वहीं, शिविर में मनरेगा, अंचल कार्यालय, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन योजना, पशुपालन विभाग सहित कई अन्य विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए थे। ग्रामीणों ने अपनी आवश्यकताओं के अनुसार सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए विभिन्न विभाग से संबंधित लगभग 443 आवेदन जमा किया। इस अवसर पर बीडीओ सुलेमान मुंडरी ने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्रामीणों को उनके पंचायत में ही सभी सरकारी योजनाएं उपलब्ध कराने की है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। हम सुनिश्चित करेंगे कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचे। कहा कि विभिन्न तिथियां में हर एक पंचायत में उक्त कार्यक्रम का आयोजन होना है जहां आप भाग लें और सरकारी योजना सहित विभिन्न समस्याओं का समाधान कराए। इस दौरान कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। वहीं, बीडीओ ने सभी स्टॉलों का क्रमवार निरीक्षण कर कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं सेवा वितरण में पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई पर जोर दिया। इस मौके पर मुखिया पुष्पा चोराठ, बीपीआरओ जितेंद्र भगत, बीपीओ चंदेश्वर बड़ाईक, सीआई सुशील टोप्पो, रवि कुमार, पवन प्रकाश कुमार आदि उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़



**सिसई (आजाद सिपाही)।** राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की ओर से एक बार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। शुक्रवार को सिसई प्रखंड के भदौलीपंचायत सचिवालय के प्रांगण में शिविर लगाया गया। जिसमें प्रखंड और अंचल कार्यालय की ओर से 18 स्टाल लगाये गये थे। जहां संबंधित विभाग के पदाधिकारी और कर्मी ग्रामीणों से आवेदन ले रहे थे। शिविर में आधार सुधार, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मातृ वंदना योजना, मनरेगा विभाग की ओर से जॉब कार्ड, बिजली विभाग का मीटर अपडेट, बैंक की ओर से खाता खोलने और केवाईसी करने, पेंशन, आयुष्मान कार्ड आदि को मौके पर ही बनाकर दिया गया। वहीं, अबुवा आवास योजना, मंईयां समान योजना सहित अन्य योजना का पोर्टल नहीं खुलने के कारण ऑन द स्पॉट कार्य नहीं हो पाया। शिविर में जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, लैंप्स सदस्यता अभियान सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, अबुआ आवास योजना आदि कल्याणकारी योजनाओं का सीधे आम जनों को जानकारी देकर दिया जा रहा था। उदर, शनिवार को प्रखंड के लकेया में लकेया स्कूल के समीप सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन होगा। जिसमें लोगों ोक पहुंच कर लाभ लेने की अपील की गयी है।

## लोगों के घर के नजदीक ही सभी सेवाएं उपलब्ध कराना ही 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का उद्देश्य : डीडीसी




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत दीरगांव पंचायत के केदली गांव में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें जिले के डीडीसी दिलेश्वर महतो, सीओ खाखा सुशील कुमार सहित कई अधिकारी शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद डीडीसी दिलेश्वर महतो ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और योजनाओं के क्रियान्वयन की अद्यतन जानकारी ली। इस शिविर में मनरेगा, अंचल कार्यालय, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन योजना, पशुपालन विभाग सहित कई अन्य विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए थे, जहां ग्रामीणों ने अपनी आवश्यकताओं के अनुसार सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन पत्र भरा। जमीन संबंधित मामले, आय-जाति-निवासी प्रमाणपत्र, वृद्धावस्था पेंशन, किसान सम्मान निधि, स्वास्थ्य योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, पीएम आवास योजना से जुड़ी शिकायतें एवं आवेदन भी प्राप्त हुए। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को उनके घर के नजदीक ही सभी सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि आम जनता को कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े। इस दौरान कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान भी किया गया। डीडीसी ने सभी स्टॉलों का क्रमवार निरीक्षण कर कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। साथ ही सेवा वितरण में पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई पर जोर दिया। इस मौके पर पुष्पा टोप्पो, अशोक कुमार, शीतल सिंह, आलोक कुमार, नीरज सिंह, शंकर खेरवार आदि उपस्थित थे।

## गुमला में 30 को एआइपीएफ एवं झारखंड नवनिर्माण दल की होगी संयुक्त बैठक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट एवं झारखंड नवनिर्माण दल की संयुक्त जिला स्तरीय बैठक 30 नवंबर को गुमला जिला मुख्यालय में आयोजित होगी। यह बैठक ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट की नई दिल्ली सुरजीत भवन में 7-8 दिसंबर को होनेवाली चौथा राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी को लेकर जिले में अंतिम रूप देने के लिए बुलाई गयी है। दिल्ली में होनेवाली राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी के कारण झारखंड के जिलों में आयोजित कई कार्यक्रम को रद्द कर दी गई है। बैठक में प्रगतिशील मजदूर किसान यूनियन, महिला मंडल सहयोग संचालन समिति, ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच, छात्र युवा मोर्चा, बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति और भ्रष्टाचार विरोधी मंच के प्रतिनिधियों को आमंत्रित की गई है। इसमें ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह भाग लेंगे।

# सरकारी योजनाओं का लाभ देने द्वार तक आयी है सरकार: अपर समाहर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** प्रखंड की कातिंग पंचायत भवन में शुक्रवार को 'आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। इस महत्वाकांक्षी पहल के तहत, सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ त्वरित और आसानी से ग्रामीणों तक पहुंचाया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला के अपर समाहर्ता शशीन्द्र बड़ाईक ने की। इस मौके पर सीओ दिनेश गुप्ता, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी और मधुरा मिंज आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता शशींद्र बड़ाईक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार उन्हें हर योजना का लाभ दे रही है। वहीं, सीओ दिनेश गुप्ता ने कहा कि सरकार आपकी हर योजना को आपके द्वार तक लेकर आ रही है, ताकि ग्रामीण त्वरित और आसानी से लाभ ले सकें। जबकि, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए बताया कि इसे सरकार की योजनाओं को 'एक-एक घर तक पहुंचाने' के लक्ष्य से शुरू किया गया है। उप प्रमुख प्रमोद खलखो ने लोगों से अपील की कि वे योजनाओं के स्टॉलों का भ्रमण कर विस्तृत जानकारी लें और योजनाओं का लाभ उठाएं।



### मौके पर ही मिला योजनाओं का लाभ

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर सरकारी योजनाओं का लाभ लिया। राशन कार्ड, जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, बिजली, और आयुष्मान कार्ड सहित कई तरह की योजनाओं का त्वरित निष्पादन कर ग्रामीणों को लाभ दिया गया। वहीं, जेएसएलपीएस की ओर से महिला समूह को चेक वितरित किए गए। मनरेगा मजदूरों को जॉब कार्ड भी दिया गया। जबकि, पशुधन योजना के तहत दवा और आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। बैंक ऑफ इंडिया की ओर से बीमा सहित कई योजनाओं का मौके पर ही निष्पादन किया गया। वहीं, मुखिया मधुरा मिंज एवं सचिव लक्ष्मण कुमार राम ने सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को हर व्यक्ति तक पहुंचाने के महत्व पर जोर दिया। साथ ही जिन लोगों ने लाभ लिया, उन सभी का धन्यवाद किया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, जनसेवक, प्रज्ञा केंद्र संचालक सह बैंक ऑफ इंडिया बीसी आदि उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार
कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा

वेद–व्यास आवास निर्माण योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्यादेश सं0 08 रा0(वि0), दिनांक– 24.06.2025 के द्वारा सिमडेगा जिले के सभी सक्रिय मत्स्य पालकों/मछुआरों/समिति के सदस्यों हेतु सिमडेगा जिले में लघु शीर्ष–789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना के तहत 02 वेद–व्यास आवास निर्माण योजना का लक्ष्य शेष है। आवेदन पत्र कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा से पंजी में नाम दर्ज कराते हुए आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। सभी इच्छुक मत्स्य पालक दिनांक– 01.12.2025 तक आवेदन विहित प्रपत्र में भरकर आवश्यक कागजातों के साथ कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

1. कृषि प्रभाग द्वारा अधिष्ठापित सिंगल विंडो के माध्यम से प्राप्त आवेदनों अथवा समाचार पत्रों में विज्ञापन के उपरांत प्राप्त आवेदनों में से लाभुकों का चयन किया जाएगा। पूर्व के आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आवास निर्माण हेतु अधिकतम प्रति लाभुक मो0–191200/– रू0 मात्र की आर्थिक सहायता होगी।
2. सक्रिय अथवा परम्परागत मत्स्य पालक/मछुआ जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने /मत्स्य बिक्री में सक्रिय हों को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. प्राथमिकता गरीबी रेखा से नीचे कच्चे मिट्टी से बने अथवा फूस के मकान में रहने वाले मछुआ/मत्स्य पालक को दी जाएगी।
4. आवास निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध रहने तथा कच्चा घरवाले मछुआरों को भी कंडिका 01 एवं 02 के अतिरिक्त लाभान्वित किया जा सकता है। एक परिवार में एक आवास देय है। आवश्यकतानुसार पति–पत्नी के संयुक्त नाम से स्वीकृति दी जाएगी।
5. प्रक्रियानुसार आवेदक दिव्यागों हेतु स्वीकृत राशि का न्यूनतम 03 प्रतिशत् तथा महिलाओं के लिए न्यूनतम 10 प्रतिशत् राशि का प्रावधान जिलावार किया जाएगा।
6. ऐसे लाभुकों को दोबारा लाभ नहीं दिया जाएगा, जो पूर्व संचालित विभागीय मछुआ आवास योजना अथवा इंदिरा आवास या समतुल्य केन्द्र/राज्य सरकार की आवास योजना से लाभान्वित हो चुके हैं।
7. आवेदक को वर्तमान में रह रहे अपने कच्चे आवास का जियो टैग फोटोग्राफ आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
8. आवेदन पत्र के साथ फोटो, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, भूमि संबंधित कागजात (भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र) संलग्न करना आवश्यक है। अधूरा एवं वांछित कागजात संलग्न नहीं होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
9. लाभुक का चयन राज्यादेशानुसार गठित समिति द्वारा की जाएगी, जिसका निर्णय अंतिम होगा तथा उस पर किसी प्रकार का कोई भी पत्राचार नहीं किया जाएगा।
10. किसी भी आवेदन को विभाग हित में स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
11. प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (इंदिरा आवास) के मानक प्राक्कलन के आधार पर आवास निर्माण का कार्य लाभुकों के द्वारा स्वंय कराया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 366767 Simdega(25-26).D

# मोहन कुमारमंगलम स्टेडियम की स्वर्णिम गाथा, विरासत और भविष्य का संकल्प

**धर्मेंद्र सिंह/ दीपक कुमार**

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील सिटी के हृदय में स्थित मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम ने अपनी स्थापना के गौरवशाली पांच दशक पूरे कर एक ऐतिहासिक स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश किया है। 21 नवंबर 1975 को बोकारो स्टील लिमिटेड के तत्कालीन प्रबंध निदेशक केसी खन्ना द्वारा उद्घाटित यह विशाल खेल परिसर, जो लगभग 40,000 दर्शकों की क्षमता रखता है, केवल ईंट और मोर्टार से बनी संरचना नहीं, बल्कि बोकारो के तकनीकी, सामाजिक और खेल-संस्कृति के विकास का जीवंत प्रतीक रहा है।

स्टेडियम की नींव बोकारो स्टील सिटी के निर्माण के प्रारंभिक वर्षों में रखी गयी थी। इसे शहर को केवल एक औद्योगिक केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल पहचान देने के दूरदर्शी उद्देश्य के साथ बनाया गया था। इस परिसर को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के सरकार में केंद्रीय इस्पात और खान मंत्री, जिनकी मृत्यु प्लेन क्रैश में हो गया था , मोहन कुमार मंगलम के नाम पर समर्पित किया गया। यह समर्पण बोकारो की पहचान को इस्पात निर्माण और खेल प्रतिभा के संगम के रूप में स्थापित करता है।

मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम एक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एक विशाल फुटबॉल स्टेडियम है। इसके मूल ढांचे में एथलेटिक्स के लिए 400 मीटर का मानक ट्रैक, तीरंदाजी और अन्य मैदानी खेलों के लिए उपयुक्त क्षेत्र शामिल हैं। यह परिसर बोकारो स्टील। प्लांट के कर्मचारियों और उनके बच्चों को राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने का प्राथमिक केंद्र रहा है, जिसमें खिलाड़ियों के लिए ड्रेसिंग रूम, एक प्रतिष्ठित वीआइपी गैलरी और प्रेस बॉक्स जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उस समय स्थापित की गयी थीं। मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम हमेशा से बोकारो में बड़े और यादगार आयोजनों का केंद्र रहा है।

**बोकारो स्टील फुटबॉल कप :** यहां बोकारो स्टील फुटबॉल कप टूर्नामेंट का नियमित आयोजन होता था, जिसमें 1978-79 में बोकारो स्टील सिटी की टीम विजेता बनकर उभरी थी, जो बोकारो की खेल प्रतिभा का एक शुरूआती प्रमाण था।

**ऐतिहासिक मैचः** 1980 में, इस स्टेडियम ने एक अंतरराष्ट्रीय महत्व के मैच की मेजबानी की। यह मुकाबला रूस के विश्व प्रसिद्ध कॉसमॉस क्लब और भारत की सीमा स के बीच खेला गया था। बोकारो स्टील प्लांट के तत्वावधान में आयोजित इस मैच ने बोकारो को भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल मानचित्र पर दृढ़ता से स्थापित किया, जो इस शहर के लिए एक गौरवशाली क्षण था।

बीते पांच दशकों में, यह परिसर असंख्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभाओं का जन्मस्थान और प्रशिक्षण केंद्र रहा है,उन्होंने वैश्विक मंच पर बोकारो का नाम रोशन किया है।

**पीटर थंगराज (दिवंगत) :** इस विरासत से जुड़ा सबसे बड़ा नाम दिवंगत ओलंपियन और अर्जुन अवॉर्ड विजेता स्वर्गीय पीटर थंगराज का है, जिन्हें एशिया की शताब्दी (1900-2000) के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपरों में से एक माना जाता है। इनके अलावा प्रतिमा कुमारी और जे बर्मन इत्यादि जैसे खिलाड़ियों ने बोकारो के साथ साथ देश का भी परचम लहराया है ।

स्टेडियम ने ऑल इंडिया एथलेटिक्स चैंपियनशिप और ओपन स्टेट चैंपियनशिप जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं की सफलतापूर्वक मेजबानी की है, जहां अंतर्राष्ट्रीय एथलीटों और एशियाइ रिकॉर्ड होल्डरों ने हिस्सा लिया है।

**सामुदायिक जीवन का केंद्र और स्वर्ण जयंती समारोह :** खेल सुविधाओं के अलावा, मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम बोकारो के सामुदायिक जीवन का अभिन्न अंग रहा है। यह स्थल प्रतिवर्ष स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोहों का केंद्र होता है। हाल के वर्षों में, इसकी विशाल क्षमता का उपयोग पुलिस और होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया जैसे महत्वपूर्ण सरकारी आयोजनों के लिए भी किया जाता रहा है।

बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन के समक्ष एक दूरदर्शी भविष्य दृष्टि के रूप में स्टेडियम को एक आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में विकसित करने का प्रस्ताव है। इस महत्वाकांक्षी योजना में इनडोर खेल सुविधाएं (जैसे बास्केटबॉल, बैडमिंटन कोर्ट) और एक अत्याधुनिक स्पोर्ट्स साइंस सेंटर (आधुनिक ट्रेनिंग, फिजियोथेरेपी और पोषण परामर्श के लिए) शामिल होगा।

यह पहल न केवल बोकारो की गौरवशाली खेल विरासत को संजोएगी, बल्कि इसे राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर एक विशिष्ट, अत्याधुनिक और आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र के रूप में मजबूती से स्थापित करेगी। यह स्वर्ण जयंती वर्ष केवल अतीत का उत्सव नहीं, बल्कि इस महान खेल विरासत को संजोने और इसे अगले 50 वर्षों की चुनौतियों के लिए तैयार करने का एक दृढ़ संकल्प है, जो बोकारो स्टील प्लांट की खेल और सामुदायिक विकास के प्रति स्थायी प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित करता है।






**मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम बोकारो शहर की कभी हृदय स्थली के रूप में जिसकी एक पहचान थी। 1985 में पहली बार जब मै यहां आया तो इस छोटे से लेकिन बहुत खूबसूरत स्टेडियम को देख दिल बाग बाग हो उठा। पूरे मैदान पर जैसे हरा कालीन बिछा हो। इसी मैदान पर अभ्यास करते हुए कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओ मे विजेता व उपविजेता बनने का श्रेय भी मिला। 1987 राष्ट्रीय खेल जो केरल में आयोजित हुए थे उसमे बिहार (संयुक्त) ने हॉकी में स्वर्ण पदक जीता था उस बिहार हॉकी टीम का कैंप भी यहीं आयोजित हुआ। इस टीम मे बोकारो स्टील प्लांट के 3 खिलाड़ी शुभनीत भटनागर, उदय डूंगडूंग व स्वर्गीय कल्याण बारला भी शामिल थे। राष्ट्रीय खेलों मे बिहार व झारखंड ने पुरुष हॉकी मे अभी तक उसके बाद कभी स्वर्ण नहीं जीता। यहाँ आयोजित होने वाला फुटबॉल टूनार्मेंट पूरे देश मे अपनी पहचान बना चुका था जिसमे देश भर की सर्वश्रेष्ठ टीमे भाग लेती थी। उस दौरान स्टेडियम पूरी तरह भरा रहता था और शहर मैं सिर्फ इसकी ही चर्चा होती थी। 'नेशनल हॉकी खिलाड़ी सुमित कुमार भटनागर'**



**मदन राम बताते हैं कि वे 1980 में यहां आये थे और उस समय उन्होंने यह नहीं सोचा था कि उन्हें इतने बड़े सम्मानित व्यक्ति से मिलना मिलेगा। उन्हें अपने गुरु पीटर थंगराज सर का सौभाग्य मिला, जिनके अधीन उन्होंने बहुत कुछ सीखा। उस समय उनके लिए यह एक सपना जैसा था।उन्होंने बताया कि विभाग (डिपार्टमेंट) बहुत विकसित हो रहा है, जिसमें फुटबॉल और क्रिकेट में सुधांशु सर और सुभाष रजक सर का बड़ा योगदान है। फुटबॉल ग्राउंड और स्टेडियम के कारण, अब उनका अपना होम ग्राउंड भी हो गया है, जिससे उनकी अकादमी की स्टार रेटिंग ऊपर चली गयी है। इस दिन को वे अपने लिए एक बहुत बड़ा दिन मानते हैं।साथ ही, उन्होंने सेवानिवृत्ति के बाद की स्थिति पर भी बात की कि आमतौर पर लोग इधर-उधर चले जाते हैं, लेकिन उन्हें खुशी है कि वे अब भी इस तरह की बातचीत कर पा रहे हैं। 'मदन राम'**



**सुभाष रजक ने बताया कि वे स्टेडियम के शुरूआत से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि इस स्टेडियम से कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकले हैं। यहाँ प्रशिक्षण प्राप्त करके कई बच्चे देश की बड़ी कंपनियों जैसे कोल इंडिया, सेल, बैंक, रेलवे आदि में काम कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि इस स्टेडियम का उद्देश्य स्वस्थ जीवन और स्वस्थ मानसिकता को बढ़ावा देना है। यह स्टेडियम आज भी अपने निस्वार्थ भाव से खिलाड़ियों की सेवा कर रहा है जो यहां आकर अपने भविष्य को संवारना चाहते हैं।संक्षेप में, यह वीडियो बोकारो के कुमार मंगलम स्टेडियम के गौरवशाली इतिहास, उपलब्धियों और सामाजिक योगदान को दर्शाता है, जो खेल और जीवन दोनों में स्वस्थता को बढ़ावा देता है। 'सुभाष रजक'**



**स्पोर्ट्स एक ऐसा प्लेटफार्म है कि आपको बहुत कुछ दे सकता है।अगर आप अच्छे खिलाड़ी हैं तो आपको जॉब की मतलब भागने के पीछे जरूरत नहीं है, आपके पास आ जायेगा। स्पोर्ट्स को हम लोग बहुत नीचे लेवल में देखते हैं, लेकिन इसमें बहुत संभावना है।मैं ये बोलता हूं कि बच्चों को ग्राउंड से जोड़ना बहुत जरूरी है।फिटनेस के लिए ग्राउंड पर जरूर आना चाहिए, तभी लाइफ और हेल्थ दोनों अच्छा रहेगा।ये लाइनें वीडियो में व्यक्त विचारों का सारांश और मुख्य संदेश दर्शाती हैं।'रमेश बाबू सिंह'**



**यह दिन बोकारो वासियों के लिए बहुत ही गर्व का दिन है क्योंकि आज मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम की स्थापना को पूरे 50 साल हो गए हैं। यह स्टेडियम 1975 में बोकारो स्टील प्लांट के तत्कालीन मैनेजिंग डायरेक्टर सी खन्ना साहब द्वारा उद्घाटित किया गया था। उन्होंने बताया कि बोकारो वासी इस स्टेडियम के गौरवशाली इतिहास को अच्छी तरह जानते हैं।50 साल पूरे होने पर जो भी लोग इस अवसर पर मौजूद हैं, वे सभी इस लिगेसी (विरासत) को यादगार बनाने के लिए बहुत खुश और गर्वित महसूस कर रहे हैं। उनका उद्देश्य है कि इस विरासत को आगे भी बढ़ाया जाए।अंत में, पहले व्यक्ति ने उनका धन्यवाद किया।संक्षेप में, यह बातचीत 50 साल पुरानी ऐतिहासिक विरासत और उसके गौरवशाली इतिहास को याद करने और उसे आगे बढ़ाने की भावना को दर्शाती है। 'मणिकांत धान, संचार प्रमुख बोकारो स्टील प्लांट'**



**इंटरनेशनल एथलीट रह चुके आरबी साहू ने बताया कि बच्चों में डिसिप्लिन होना बहुत जरूरी है, उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा अनेकों बच्चों और बच्चियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय लेवल पर खेलने का मौका मिला है, बच्चे जहां भी खेलें , अनुशासन के साथ खेले तो उन्हें निश्चित रूप से सफलता मिलेगी । भविष्य को उज्वल बनाने के लिए उन्होंने युवाओं को जोर देकर कहा कि , निरंतर प्रयास करते रहे , सफलता आपके कदम चूमेगी । 'आरबी साहू , पूर्व एथलीट'**



**स्टेडियम के इंचार्ज और नेशनल एथलीट रह चुके अनिल कुमार ने बताया कि इस स्टेडियम के इतिहास पर अपनी बात रखो जिसमें उन्होंने बताया कि बोकारो के बच्चे इसी स्टेडियम के ग्राउंड में खेलकर देश में ही नहीं अपितु विदेश में भी अपना परचम लहराया है । 'अनिल कुमार'**



**पॉजिटिव रहिए और निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए तो एक न एक दिन आप सफलता प्राप्त करोगे और आप अपने क्षेत्र में चमकोगे । बोकारो को स्पोर्ट्स के क्षेत्र में चमकने के लिए खिलाड़ियों को संदेश दिया गया है कि वे हमेशा सकारात्मक रहें, अपने स्वास्थ्य और स्वास्थ पर ध्यान दें। जीवन का सार यही है कि निरंतर अच्छा काम करते रहें और बाकी चीजें ऊपर वाले पर छोड़ दें, तब सब ठीक होगा। यही जिंदगी का फिलॉसफी बताया गया है। 'राजश्री बनर्जी, सेल के पर्सनल एक्सक्यूटिव डायरेक्टर'**

# बाइक के साथ चोर गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कतरास।** बरोरा पुलिस ने राहगीरों और आम लोगो की मदद से महज कुछ ही घंटों में चोरी गयी। बाइक को बरामद कर बाइक चोर को धर दबोचने में सफलता हासिल की जिससे बाइक चोर गिरोहों के बीच हड़कंप मच गया।

पुलिस ने बताया कि मुराइडीह बस्ती निवासी रतीलाल महतो ने गुरुवार शाम बरोरा थाने में शिकायत दर्ज करायी थी कि उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गयी है। शिकायत मिलते ही बरोरा पुलिस हरकत में आ गयी और इलाके में सर्च अभियान शुरू कर दिया। इस दौरान राहगीरों और आम लोगो से मिली महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर पुलिस ने मुरायडीह हटिया के समीप से संदिग्ध आनंद रजक को धर दबोचा उसके निशानदेही पर चोरी की बाइक भी बरामद हो गयी, पूछताछ में उसने चोरी की घटना को कबूल कर लिया। आनंद रजक मूल रूप से गया जिले का रहने वाला बताया जा रहा है। बरोरा क्षेत्र में स्थित अपने ससुराल में चोरी की गयी बाइक को रखता था और बाद में उसे बिहार ले जाकर बिक्री करता था। पुलिस ने शुक्रवार को बरोरा थाना कांड संख्या 45/2025 के तहत मामला दर्ज कर आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

वहीं बरोरा थाना प्रभारी ने बताया कि आम जनता के सहयोग से ही अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने आम लोगों से अपील किया कि अपने वाहन को हमेशा सुरक्षित स्थान पर डबल लॉक लगा कर ही रखे। पुलिस हमेशा आपके सहयोगी के रूप में बनी रहेगी।

# कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद रैयतों को मिलेगा मुआवजा

**आजा सिपाही संवाददाता**

**धनसार।** देवप्रभा आउटसोर्सिंग के समीप सोनार बस्ती के रैयतों की जमीन को लेकर शुक्रवार को रैयत व महाप्रबंधक के बीच क्षेत्रीय कार्यालय बस्ताकोला मे वार्ता हुई। वार्ता के दौरान रैयतो ने कहा कि बस्ताकोला सोनार बस्ती के पंद्रह रैयतों की यहां 35.69 एकड़ जमीन है। बीसीसीएल ने बस्ताकोला देवप्रभा आउटसोर्सिंग के विस्तारीकरण के लिए हम रैयतों से 12.81 एकड़ जमीन अधिग्रहण की। जिसका मुआवजा मिला है। लेकिन बाकी 23.509 एकड़ जमीन की बिना मुआवजा दिये ही इस जमीन पर खनन कार्य शुरू कर दिया है। इनलोगों का कहना था कि जबतक हमलोगों की शेष जमीन का मुआवजा नहीं मिल जाता है तबतक हमलोगों की जमीन पर खनन न किया जाये। इसपर महाप्रबंधक प्रणव दास ने कहा कि किसी भी किमत पर रैयतो की जमीन खरीदी जायेगी। कुछ आवश्यक कागजात की प्रक्रिया चल रही है। उसे पूरा होते ही इनलोगों को मुआवजा मिल जायेगा। इसपर रैयतो ने कहा कि बिना मुआवजा मिले अपनी जमीन पर खनन कार्य नहीं करने देंगे। क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष भी रैयतों ने प्रबंधन पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। वार्ता मे रैयत संतोषप्रद नहीं दिखे। इसके बाद वेलोग उपायुक्त के पास शिकायत करने की बात कही है। इस दौरान रैयत हरिदास सोनार,देवदास स्वर्णकार, गोपाल प्रसाद वर्मा,बिनोद वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। वहीं प्रबंधन की ओर से एजीएम एके शर्मा, बस्ताकोला कोलियरी प्रबंधक अभिषेक शर्मा मौजूद थे।



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT
(RCD),RANCHI
NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set ,Doranda,Ranchi-834002**

**e-Procurement ( Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-18/2025-26 1st Call
e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/18/2025-26
Date:-20.11.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for Widening & strengthening of road from Tatanagar Railway Station to Sundarnagar Divider RCD Road via Karandih including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) under East Singhbhum District in the State of Jharkhand. *Only Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022 are allowed to bid. |
| 2 | Tentative Length | 5.0 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 60 Days |
| 4 | Cost of Tender documents & Earnest Money Deposit | Cost of tender documents is Rs. 5000/(Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 10000.00 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 21.11.2025,17:00 PM |
| 7 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 05.12.2025, 12:00 Noon |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 08.12.2025, 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi, Mob No.-9471650883 |

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

**Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.**

PR 366746 (Road)25-26*D

# आइआइटी आइएसएम धनबाद में पोश एक्ट पर जागरूकता कार्यशाला



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** आइआइटी आइएसएम धनबाद में 'बिल्डिंग सेफर वर्कप्लेसः अंडरस्टैंडिंग द पोश एक्ट, 2013' विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला जीजेएलटी में शाम 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें संसाधक के रूप में डा. पंकज केपी श्रेयस्कर, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, ने सत्र का संचालन किया। कार्यशाला सभी कर्मचारियों (शिक्षण एवं गैर-शिक्षण), छात्रों, शोधार्थियों और प्रोजेक्ट स्टाफ के लिए खुली थी। संस्थान द्वारा पहले ही सभी डीन, विभागाध्यक्षों और सेक्शन हेड्स से व्यापक उपस्थिति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया था, ताकि संस्थान में सुरक्षित और संवेदनशील कार्य वातावरण बनाने के प्रयास और मजबूत हों। अपने संबोधन में डॉ श्रेयस्कर ने कहा कि किसी भी संस्थान का सुचारू संचालन सिर्फ कानूनों पर नहीं, बल्कि अच्छे प्रबंधन, पेशेवर नैतिकता और आपसी भरोसे पर भी निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि उत्पादकता, ईमानदारी और बौद्धिक स्वतंत्रता वहीं पनपती है, जहाँ खुली चर्चा, मतभेद और लोकतांत्रिक मूल्य को बढ़ावा दिया जाता है। मौके पर प्रो धीरज कुमार, उप निदेशक ने डॉ श्रेयस्कर का सम्मान किया।

# राजकमल में युवा संसद का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**धनबाद।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर अशोकनगर धनबाद में राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा युवा संसद का आयोजन किया गया जिसमें उभरते भारत में देश के भावी युवा सांसदों के बीच राजनीति और शासन की समझ दी गयी। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने युवा संसद कार्यक्रम के अवसर पर कहा कि इस तरह का आयोजन विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है ।इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को राजनीति और शासन से जोड़ना है, युवाओं को राजनीति, समाज नीति से अवगत कराना एवं शासन में उनकी भागीदारी बढ़ाना भी इसका उद्देश्य है। प्राचार्य श्री मिश्रा ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राओं की वक्तृत्व क्षमता बढ़ाने एवं कुशल नेतृत्वकर्ता के रूप में तैयार करने में यह कार्यक्रम सहयोग प्रदान करेगा। शुक्रवार को आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में महिला आरक्षण बिल को पारित किया गया। इस क्रम में सांसदों के बीच काफी नोकझोंक हुई। वहीं प्रश्न काल और शून्य काल में पेपर लीक होना साथ ही असंरचनात्मक विकास से पर्यावरण संबंधी प्रश्न भी पूछे गये। विपक्ष के द्वारा उठाए गए प्रश्नों का सत्ता पक्ष ने उत्तर दिया एवं आश्वस्त किया की पेपर लीक जैसी घटना को लेकर सत्ता पक्ष गंभीर है और इसके लिए कड़े कानून बनाये गये हैं जो काम कर रहा है। सत्ता पक्ष के दो विद्यार्थियों सृष्टि कुमारी बेस्ट स्पीकर व रनर अप सूर्यांश मिश्रा बने साथ ही साथ विपक्ष के दो विद्यार्थियों को जिसमें अंशिका कुमारी को बेस्ट स्पीकर एवं फहद को रनर अप के रूप में पुरस्कृत किया गया। लोकसभा अध्यक्ष के रूप में 12वीं की छात्रा शर्मिष्ठा मुखर्जी ने दायित्व निभाया। कार्यक्रम में शिक्षिका पूनम सिन्हा, शिक्षक विभाष कुमार उपस्थित थे। निर्णायक के दायित्व का निर्वहन सह सचिव दीपक रुइया एवं विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य राकेश कुमार मिश्रा एवं पूनम सिन्हा ने किया। सह सचिव दीपक रुइया ने कहा कि पूरा का पूरा कार्यक्रम सारगर्भित रहा। यह कार्यक्रम विद्यालय के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा क्योंकि इस तरह का आयोजन विद्यालय का पहला आयोजन है। अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान ने कार्यक्रम की सराहना की एवं विजेताओं को पुरस्कृत किया।

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग
(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
ई–मेल : socialsechzb@gmail.com**

ज्ञापांकः–519 / सा०सु०, हजारीबाग दिनांकः–20 / 11 / 2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

हजारीबाग जिला में सामाजिक सुरक्षा योजनान्तर्गत वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत् वित्तीय वर्ष 2025–2026 के लिए जिला में गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर कर रहे व्यक्तियों यथा – निर्धन, अपंग, विधवा, भूमिहीन, निःसहाय, वृद्ध एवं भिक्षुकों के बीच मुफ्त कम्बल वितरण हेतु GeM Portal के माध्यम से क्रय किया जाना है। क्रय किये जानेवाले कम्बल की अनुमानित संख्या लगभग 48386 अद्द है। यह संख्या घट–बढ़ सकती है।

Bid Item Details

| क्र0 | सामग्री का नाम | आकार | वजन | क्रय किये जाने वाले कम्बल की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Mink Cloudy Blanket with Double ply | 60 " X 90 " (+/-2") | 2 Kg. (+/-5%) | 48386 |

Salient Features of Bid Document

| Sl No | Terms & Conditions | Details of Terms & Conditions |
|---|---|---|
| 1 | सुरक्षित जमा राशि (EMD) | मो0 600000/–(छः लाख) रू0 का Bank Draft / Demand Draft in favour of Deputy Commissioner, Hazaribag. |
| 2 | Performance Guarantee (ePBG) | 5 % of the Project Value after work order (To be submitted by the Successful bidder only) |
| 3 | Places where work shall be executed | All block & Urban Areas of Hazaribag District (Jharkhand) |
| 4 | Advertisement on Website | https://hazaribag.nic.in |
| 5 | Date and time for Receipt of Technical Bid and Financial Bid | दिनांकः–01 / 12 / 2025 समयः–06:00 PM |
| 6 | Mode of Receipt of Technical and Financial Bid | Gem Portal(https://gem.gov.in) |
| 7 | Date & Place of Sample Submission | दिनांकः–01 / 12 / 2025 समयः–06:00 PM स्थान– सामाजिक सुरक्षा, कोषांग, हजारीबाग (कमरा नं0–A010) |
| 8 | Date of opening of Technical Bid with Demonstration & Quality Checking of Sample | दिनांकः–01 / 12 / 2025 समयः–06:30 PM |
| 9 | Date of Opening Financial Bid | It is to be communicated after opening of Technical Bid |
| 10 | Place of Opening of Technical Bid, Demonstration of Sample & Financial Bid Through Gem Portal | Collectorate Conference Hall, Hazaribag. |
| 11 | Address of Tender Authority | Deputy Commissioner, Hazaribag. |

उपरोक्त निविदा की शर्तें एवं विस्तृत विवरणी https://hazaribag.nic.in के वेबसाईट पर देखा जा सकता।

ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 366776 (Women, Child Development & Social Security) 25-26 (D)

# दक्षिण अफ्रीका पहुंचे पीएम मोदी

## जी-20 शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अफ्रीका में पहली बार आयोजित हो रहे जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए शुक्रवार को तीन दिवसीय यात्रा पर दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर छठे आइबीएसए (भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे। दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर रवाना होने से पहले उन्होंने कहा कि वह 'वसुधैव कुटुंबकम' तथा 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' की भावना के अनुरूप भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे। दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग रवाना होने से पूर्व पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, मैं दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने जा रहा हूं। यह शिखर सम्मेलन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसका आयोजन अफ्रीका में हो रहा है। इसमें अनेक वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जायेगा।

**कई नेताओं से भी करेंगे मुलाकात :** शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री के जोहानिसबर्ग में उपस्थित कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी संभावना है। वहां वह छठे आइबीएसए (भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे।

**तीन सत्रों को संबोधित करेंगे पीएम मोदी :** प्रधानमंत्री विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी शिखर सम्मेलन के तीनों सत्रों को संबोधित करेंगे। यह जी-20 समूह का लगातार चौथा शिखर सम्मेलन होगा, जो ग्लोबल साउथ में आयोजित किया जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका से पहले जी-20 की अध्यक्षताएं क्रमशः ब्राजील (2024), भारत (2023) और इंडोनेशिया (2022) द्वारा की गयी थीं। जी-20 देशों में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, ब्रिटेन, अमेरिका, यूरोपीय संघ और अफ्रीकी संघ शामिल हैं।

## 29 पुराने कानून खत्म : श्रम ढांचा पूरी तरह बदला

# देश में लागू हो गये नये श्रम कानून

- पीएम मोदी की पहल से गिग वर्कर्स को बड़ी राहत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को बड़ा फैसला लेते हुए देश में चार लेबर कोड तुरंत प्रभाव से लागू कर दिये। इन कोड के लागू होने के साथ ही 29 पुराने श्रम कानून खत्म हो गये हैं और उनकी जगह अब एकीकृत और सरल ढांचा काम करेगा। लागू किये गये चार कोड में वेज कोड, 2019 (वेतन संहिता), इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड, 2020 (औद्योगिक संबंध संहिता), सोशल सिक्योरिटी कोड, 2020 (सामाजिक सुरक्षा संहिता) और ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड, 2020 (व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति संहिता) शामिल हैं। ये कोड आत्मनिर्भर भारत के लिए श्रम सुधारों को आगे बढ़ायेंगे।

श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि चार श्रम संहिताओं को अधिसूचित कर दिया गया है और अब वे देश के कानून हैं।

मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि श्रम नियमों का आधुनिकीकरण, श्रमिकों के कल्याण को बढ़ावा देना और श्रम पारिस्थितिकी तंत्र को कार्य की उभरती दुनिया के साथ संरेखित करके, यह ऐतिहासिक कदम भविष्य के लिए तैयार कार्यबल और मजबूत, लचीले उद्योगों की नींव रखता है, जो आत्मनिर्भर भारत के लिए श्रम सुधारों को आगे बढ़ायेगा।

### भारत के कई श्रम कानून हैं पुराने

**भारत के कई श्रम कानून स्वतंत्रता से पहले और स्वतंत्रता के बाद के आरंभिक काल (1930-1950 के दशक) में बनाये गये थे। उस समय अर्थव्यवस्था और कार्य की दुनिया मौलिक रूप से भिन्न थी। इसके अनुसार, अधिकांश बड़े देशों ने पिछले कुछ दशकों में अपने श्रम नियमों को समय के साथ अपडेट किया और उन्हें एकीकृत किया है, लेकिन भारत अब तक 29 केंद्रीय श्रम कानूनों में बिखरे, जटिल और कई मामलों में पुराने प्रावधानों के आधार पर काम कर रहा था।**

# एसआइआर को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

- अदालत ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केरल, उत्तर प्रदेश और दूसरे राज्यों में मतदाता सूचियों के एसआइआर के निर्वाचन आयोग के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी है। इससे जुड़ी याचिकाओं के एक बैच पर एससी ने सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमति जतायी। जज सूर्यकांत, जज एसवीएन भट्टी और जज जॉयमाल्या बागची की पीठ ने निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया है। अलग-अलग राज्यों में भिन्न-भिन्न आधार पर एसआइआर की कवायद को चुनौती देने वाली विभिन्न नेताओं की सभी नयी याचिकाओं पर आज सुनवाई की।

केरल में एसआइआर को चुनौती देने वाले एक याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव भी होने हैं। इसलिए इस मामले में तत्काल विचार की आवश्यकता है। पीठ ने निर्देश दिया कि केरल में एसआइआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं को 26 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जायेगा। दूसरे राज्यों में इस कवायद को चुनौती देने वाली बाकी याचिकाओं पर दिसंबर के पहले या दूसरे हफ्ते में सुनवाई होगी।

**फैसले की वैधता को चुनौती :** शीर्ष अदालत पहले ही पूरे भारत में एसआइआर कराने के निर्वाचन आयोग के फैसले की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक बैच पर सुनवाई कर रही है।

**एसआइआर पर कांग्रेस के सवाल :** दूसरी ओर कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मतदाता सूचियों का एसआइआर आदिवासियों को चुनावी प्रक्रिया से बाहर रखने की सुनियोजित साजिश है। पार्टी के आदिवासी विभाग के प्रमुख विक्रांत भूरिया ने यह भी कहा कि आदिवासियों के लिए एक प्रवासन नीति बननी चाहिए। उन्होंने मध्य प्रदेश में सिविल जज परीक्षा-2022 के परिणाम को लेकर भी सवाल खड़े किये। उन्होंने कहा कि एक भी आदिवासी का चयन नहीं किया गया, जो आरक्षण खत्म करने का एक तरीका है।

# बेंगलुरु की ट्रैफिक से गुजरने से आसान है अंतरिक्ष यात्रा: शुभांशु

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने शहर के ट्रैफिक को लेकर कुछ ऐसा कह दिया, जिससे वहां पर मौजूद सभी लोग मुस्कुराने लगे। इसके बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में यह मुद्दा बन गया। दरअसल, कुछ महीनों पहले ही अंतरिक्ष की यात्रा से लौटे शुभांशु शुक्ला ने कहा कि जितने समय का यह कार्यक्रम है, उससे तीन गुना ज्यादा समय उन्हें बेंगलुरु के ट्रैफिक में बिताना पड़ा है। 'फ्यूचर मेकर्स कॉन्क्लेव' नामक टेक समिट में पहुंचे भारतीय अंतरिक्ष यात्री ने पूरे हॉल के सामने मजाक में कहा, मैं बेंगलुरु में दूसरे छोर, मार्थाहल्ली से आ रहा हूं। मैं जितना समय आप सबके साथ इस कार्यक्रम में बिताने वाला हूं, उससे तीन गुना ज्यादा समय मुझे ट्रैफिक में लगा है। आप मेरी प्रतिबद्धता देख सकते हैं। शहर के ट्रैफिक से गुजरना, अंतरिक्ष यात्रा करने से भी ज्यादा कठिन है। शुक्ला के इस बयान के बाद वहां पर मौजूद सभी लोग मुस्कुराने लगे।

इसी कार्यक्रम में शुक्ला के साथ कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियांक खड़गे भी मौजूद थे। उन्होंने इसी अंदाज में जवाब देते हुए कहा, शुभांशु शुक्ला कह रहे हैं कि अंतरिक्ष से बेंगलुरु आना उनके लिए आसान था, लेकिन मार्थाहल्ली से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचना मुश्किल। भविष्य में इस तरह की परेशानी का सामना किसी को न करना पड़े, इसके लिए सरकार काम करेगी। शुक्ला के इस मजाक और प्रियांक के जवाब के बाद यह बात राजनीतिक गलियारों तक भी फैली। शुक्ला की बात का जिक्र करते हुए भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, बेंगलुरु के लोग पूरी तरह से परेशान हैं। वे देश में सबसे ज्यादा टैक्स देते हैं। इसके बदले में उन्हें क्या मिलता है? गड्ढों से भरी सड़कें, घटिया बुनियादी ढांचा और खराब ट्रैफिक।

# बौद्ध धर्म को मानने वाला, लेकिन सेक्युलर हूं : सीजेआइ गवई



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** चीफ जस्टिस बीआर गवई ने एक विदाई कार्यक्रम में कहा, मैं बौद्ध धर्म को मानने वाला हूं, लेकिन वास्तव में एक सेक्युलर (धर्मनिरपेक्ष) व्यक्ति हूं। हिंदू, सिख, इस्लाम समेत सभी धर्मों में विश्वास रखता हूं। जस्टिस गवई ने आगे कहा कि मैंने धर्मनिरपेक्षता अपने पिता से सीखी है। मेरे पिता भी पूरी तरह से सेक्युलर थे और डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के अनुयायी थे। ये सभी बातें सीजेआइ ने एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन की ओर से आयोजित उनके विदाई समारोह में कही। सीजेआइ बीआर गवई का शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में आखिरी कार्यदिवस था। वह 23 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं। जस्टिस सूर्यकांत देश के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। वे 24 नवंबर को पदभार संभालेंगे। जस्टिस कांत 53वें सीजेआइ के तौर पर 14 महीने का कार्यकाल पूरा करेंगे। वे नौ फरवरी, 2027 को रिटायर होंगे। सीजेआइ गवई ने बताया कि जब मैं छोटा था, उस समय पिताजी राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग जगहों पर जाते थे। तब उनके (पिता के) दोस्त कहते थे, सर चलिए, यहां की दरगाह मशहूर है या गुरुद्वारा बहुत अच्छा है, तो मैं उनके साथ जाता था।

# रुपये में रिकॉर्ड गिरावट, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.61 पर पहुंचा

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में शुक्रवार को 93 पैसे की बड़ी गिरावट आयी। यह 89 के स्तर को पार कर अब तक के सबसे निचले स्तर 89.61 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह पिछले तीन महीने में रुपये में एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट है। व्यापार-संबंधी अनिश्चितताओं के बीच घरेलू और ग्लोबल बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के साथ रुपये की विनिमय दर में बड़ी गिरावट आयी है। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार जोखिम से बचने की धारणा के बीच वैश्विक आइटी शेयरों में भारी बिकवाली और प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर स्पष्टता के अभाव के कारण रुपया लुढ़का है।

प्रो. सुनील मंडल
मंडल बोरवेल्स
बेकोबार, झुमरी तिलैया, कोडरमा
शुद्ध पानी के लिये मशीन द्वारा चापाकल, बोरिंग के लिये सम्पर्क करें-
Contact for : 5"X4.5", 7"X6.5", 8"X6.5"
7762893254, 8789912506

अपोलो हेल्थ केयर
बाजार रोड, डोमचांच
डॉ. अंकित कुमार साहा
(बी.ए.एम.एस., बैंगलोर)
आयुर्वेद जनरल फिजिशियन
नाड़ी परीक्षा, पंचकर्म अग्नि कर्म और विध कर्म विशेषज्ञ
आयुर्वेद पद्धति द्वारा इलाज होता है
संपर्क करें:+91 9611235549
उपलब्ध उपचार : हड्डी रोग, त्वचा रोग, जीवनशैली विकार, स्त्री रोग, पेट का रोग, मूत्र सम्बन्धी समस्या, नसों के रोग

# आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है श्रम का सशक्तिकरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** श्रम का सशक्तिकरण एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है। इस दृष्टिकोण को दर्शाते हुए, भारत में रोजगार ने उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई है - 2017-18 में 47.5 करोड़ से बढ़कर 2023-24 में 64.33 करोड़ हो गया, जो महज छह वर्षों में 16.83 करोड़ नौकरियों की शुद्ध वृद्धि है। इसी अवधि के दौरान, बेरोजगारी दर 6.0% से तेजी से घटकर 3.2% हो गई, और 1.56 करोड़ महिलाएँ औपचारिक कार्यबल में शामिल हुईं, जो समावेशी और निरंतर श्रम सशक्तिकरण पर सरकार के जोर को रेखांकित करता है। श्रम बाजार के सकारात्मक दृष्टिकोण से एक व्यापक सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन भी हुआ है, जो अंतर्राष्ट्रीय गरीबी रेखा से नीचे के लोगों के अनुपात में गिरावट से परिलक्षित होता है। इसके अतिरिक्त, भारत की सामाजिक सुरक्षा प्रणाली का तेजी से विस्तार हुआ है और यह विश्व स्तर पर सबसे बड़ी प्रणालियों में से एक बन गयी है।

श्रम, आर्थिक वृद्धि और विकास का एक प्रमुख चालक है। श्रमिकों के अधिकारों को नियंत्रित करने वाले ढाँचे को सरल बनाने और मजबूत करने के लिए, सरकार ने 29 श्रम कानूनों को चार व्यापक श्रम संहिताओं में समेकित किया है– अर्थात, मजदूरी संहिता, 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य शर्तें संहिता, 2020। यह ऐतिहासिक सुधार सुनिश्चित करता है कि श्रमिकों को सुरक्षा, गरिमा, स्वास्थ्य और कल्याणकारी उपायों तक आसान पहुँच प्राप्त हो, जिससे एक निष्पक्ष और भविष्य के लिए तैयार श्रम पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति भारत की प्रतिबद्धता मजबूत होती है।

**मौजूदा 29 श्रम कानूनों को संहिताबद्ध करने के पीछे का तर्क :** श्रम कानूनों में सुधार एक सतत प्रक्रिया है। देश के विकसित हो रहे आर्थिक और औद्योगिक परिदृश्य के अनुरूप सरकार विधायी ढाँचे को आधुनिक बनाने और सुव्यवस्थित करने के लिए लगातार काम करती है। 29 मौजूदा श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में संहिताबद्ध करने का कार्य लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का समाधान करने और प्रणाली को अधिक कुशल तथा समकालीन बनाने के लिए किया गया था। संहिताबद्धता का उद्देश्य व्यवसाय करने में आसानी को बढ़ाना, रोजगार सृजन को बढ़ावा देना, और प्रत्येक श्रमिक के लिए सुरक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक और मजदूरी सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

**4 श्रम संहिताओं का निर्माण :** दूसरे राष्ट्रीय श्रम आयोग ने सिफारिश की थी कि मौजूदा श्रम कानूनों को कार्यात्मक आधार पर मोटे तौर पर चार/पाँच श्रम संहिताओं में समूहित किया जाना चाहिए। तदनुसार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने श्रम कानूनों के प्रासंगिक प्रावधानों को चार संहिताओं में युक्तिसंगत बनाने, सरल बनाने और विलय करने का अभ्यास शुरू किया। चार श्रम संहिताएं 2015 से 2019 के दौरान सरकार, नियोक्ताओं, उद्योग प्रतिनिधियों और विभिन्न ट्रेड यूनियनों की त्रिपक्षीय बैठक में हुए विचार-विमर्श के बाद अधिनियमित की गयीं। श्रम संहिता, 2019 को 8 अगस्त, 2019 को अधिसूचित किया गया था और शेष तीन संहिताओं को 29 सितंबर, 2020 को अधिसूचित किया गया था।

**संहिता 1: मजदूरी संहिता 2019**

मजदूरी संहिता, 2019 का उद्देश्य चार मौजूदा कानूनों - मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936; न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948; बोनस भुगतान अधिनियम, 1965; और समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 - के प्रावधानों को सरल बनाना, समेकित करना और तर्कसंगत बनाना है। इसका लक्ष्य श्रमिकों के अधिकारों को मजबूत करना है, साथ ही नियोक्ताओं के लिए मजदूरी से संबंधित अनुपालन में सरलता और एकरूपता को बढ़ावा देना है।

**प्रमुख आकर्षण :** सार्वभौमिक न्यूनतम मजदूरी: यह संहिता संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के सभी कर्मचारियों के लिए न्यूनतम मजदूरी का एक वैधानिक अधिकार स्थापित करती है। पहले, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम केवल अनुसूचित रोजगारों पर लागू होता था, जिसमें लगभग 30% श्रमिक ही शामिल थे।

**फ्लोर वेज का परिचय:** न्यूनतम जीवन स्तर के आधार पर सरकार द्वारा एक वैधानिक फ्लोर वेज निर्धारित किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रीय भिन्नता की गुंजाइश होगी। कोई भी राज्य इस स्तर से कम न्यूनतम मजदूरी तय नहीं कर सकता है, जिससे देश भर में एकरूपता और पर्याप्तता सुनिश्चित होगी।

**मजदूरी निर्धारण के लिए मानदंड:** समुचित सरकारें श्रमिकों के कौशल स्तर (अकुशल, कुशल, अर्ध-कुशल और उच्च कुशल), भौगोलिक क्षेत्रों, और नौकरी की स्थितियों जैसे कि तापमान, आर्द्रता, या खतरनाक वातावरण पर विचार करके न्यूनतम मजदूरी निर्धारित करेंगी।

**रोजगार में लैंगिक समानता:** नियोक्ता समान कार्य के लिए भर्ती, मजदूरी और रोजगार की शर्तों में लिंग (इसमें ट्रांसजेंडर पहचान शामिल है) के आधार पर भेदभाव नहीं करेंगे।

**मजदूरी भुगतान के लिए सार्वभौमिक कवरेज :** समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और अनाधिकृत कटौतियों को रोकने वाले प्रावधान सभी कर्मचारियों पर लागू होंगे, भले ही उनकी मजदूरी की सीमा कुछ भी हो (वर्तमान में यह केवल 24,000 रुपये प्रति माह तक कमाने वाले कर्मचारियों पर लागू है)।

**ओवरटाइम मुआवजा:** नियोक्ता को नियमित कामकाजी घंटों से अधिक किए गए किसी भी काम के लिए सभी कर्मचारियों को सामान्य दर से कम से कम दोगुना ओवरटाइम मजदूरी का भुगतान करना होगा।

मजदूरी भुगतान की जिम्मेदारी: नियोक्ता, जिसमें कंपनियां, फर्म या संघ शामिल हैं, अपने कर्मचारियों को मजदूरी का भुगतान करेंगे। ऐसा करने में विफलता पर मालिक/इकाई अदत्त मजदूरी के लिए उत्तरदायी होंगे।

**निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता:** निरीक्षक की पारंपरिक भूमिका को निरीक्षक-सह-सुविधाप्रदाता से बदल दिया गया है, जो अनुपालन में सुधार के लिए प्रवर्तन के साथ-साथ मार्गदर्शन, जागरूकता और सलाहकार भूमिकाओं पर जोर देता है।

**अपराधों का समझौता:** पहली बार के गैर-कारावास योग्य अपराधों का जुमार्ना भरकर समझौता किया जा सकता है। हालाँकि, पाँच साल के भीतर दोहराए गए अपराधों का समझौता नहीं किया जा सकता है।

**अपराधों का गैर-अपराधीकरण:** यह संहिता कुछ पहली बार के अपराधों के लिए कारावास को मौद्रिक जुमार्ने (अधिकतम जुमार्ने का 50% तक) से बदल देती है, जिससे ढांचा कम दंडात्मक और अधिक अनुपालन-उन्मुख बनता है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

!! श्री गणेशाय नमः !!
!! जय थावें वाली मईया !!
आपका कार्य सफल होना चाहिए चावल के द्वारा दक्षिणा अपने अनुसार दे।
रावण संहिता ज्ञाता सरल व सटीक उपायों द्वारा हर समस्या के समाधान के लिए सम्पर्क करें।
पं. शम्भुनाथ उपाध्याय
स्वर्ण पदक प्राप्त, ज्योतिष शिरोमणि एवं ज्योतिष महर्षि पद से सम्मानित्त
मिलने का दिन एवं समय
सोमवार से शानिवार समय: सुबह 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे एवं 03:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक
रविवार समय: सुबह 07:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक
Indrajit Bhawan, Opposite Pahari Mandir Bano Manzil Road, Ranchi & 834001
9431585446, 7903633179

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

सुनहरा अवसर
आवश्यकता
रहना और खाना FREE
Seat Limited | प्रशिक्षण क्षेत्र | Seat Limited
1. FASHION DESIGNER: इसके अन्तर्गत फैशन डिजाईनिंग, आर्ट क्राफ्ट, शर्ट, पैन्ट, कढ़ाई, बुनाई, प्रिंसेस ब्लाउज।
2. MULIT SKILL TECHNICIAN : इसके अन्तर्गत ADCA+ (Advance Computer, Photoshop, Corel Draw, Pagemaker, Tally Prime 4.0 With GST, Internet, Chat GPT With AI Tools) Typing Hindi & English, Hotel Management।
3. GENERAL DUTY ASSISTANT : नर्स संबंधित पुरी जानकारी, प्राइमरी ट्रीटमेंट जैसे इंजेक्शन लगाना, घाव पर पट्टी करना फिजियोथेरेपी, सलाइन चढ़ाना एवं टेस्ट करना
आवश्यकता : 18 वर्ष +युवक, युवतियाँ, महिलाएँ एवं गृहिणियाँ के लिए 3 माह की निःशुल्क ट्रेनिंग, रहना-खाना फ्री।
ट्रेनिंग के बाद जॉब पंचायत कोऑर्डिनेटर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, सिलाई फैक्ट्री व बड़े रेस्टोरेंट एवं हॉस्पिटल में।
Salary:12000-20000
Trainning Centre:
Ranchi-7004847471 Ramgarh-7295831484
Office Address: Durgapuri, Kokar, Ranchi (JH.)

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**